4 रायपुर संभाग
बच्चों को शिक्षा और संस्कार दोनों से करें परिपूर्ण : मंत्री वर्मा

6 फिल्मी
दिल्ली में जल संकट का कारण

09 विविध
निर्दोष गौ सेवक के गिरफ्तारी और गौ तस्करी के खिलाफ...

10 संस्कारधानी
कसौटी पर खरे नहीं उतर रहे थानेदार... लालबाग प्रभारी को...

रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित

पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, शुक्रवार 28 जून 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-08, अंक-306 मूल्य 3.00 ₹

चिक न्यूज

सौम्या चौरसिया की जमानत याचिका खारिज

रायपुर। एसीबी की विशेष अदालत ने कोल घोटाला मामले में पेश सौम्या चौरसिया की जमानत याचिका को खारिज कर दी। एसीबी की तरफ से डॉ. सौरभ कुमार पांडे और बचाव पक्ष से बिलासपुर हाईकोर्ट के वकील हर्षवर्धन परघनिया और फैज़ल रिजवी ने पैरवी की। सौम्या चौरसिया दिसंबर 2022 से लगातार केंद्रीय जेल में निरुद्ध हैं।

आईईडी विस्फोट से पुलिस वाहन उड़ाने की वारदात में शामिल 6 नक्सली गिरफ्तार

सुकमा। जिले में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत जगरगुंडा क्षेत्र में पुलिस वाहन को आइईडी विस्फोट से उड़ाने की वारदात में संलिप्त 6 नक्सलियों तामू भीमा पिता तामू बोड्डा उम्र 30 वर्ष निवासी तामूपारा बेदरे थाना जगरगुण्डा, कोरसा दीपक पिता कोरसा सन्नू उम्र 18 वर्ष पटेलपारा तीमापुरम थाना जगरगुण्डा, भूले कुंजाम पिता जोगा उम्र 19 वर्ष निवासी पटेलपारा तीमापुरम थाना जगरगुण्डा, कोरसा आयतु पिता कोरसा भीमाउम्र 40 वर्ष निवासी बीचपारा तीमापुरम थाना जगरगुण्डा, वेट्टी पाण्डू पिता वेट्टी जोगा उम्र 40 वर्ष निवासी बीचपारा तीमापुरम थाना जगरगुण्डा, कोरसा राजू पिता हिड़मा उम्र 19 वर्ष निवासी कुटानपारा सिलेगर थाना जगरगुण्डा को सीआरपीएफ कोबरा व पुलिस के संयुक्त बल ने गिरफ्तार किया है।

खादी ग्रामोद्योग कार्यालय में लगी आग

रायपुर। खादी ग्रामोद्योग कार्यालय में अचानक आग लग गई। हालांकि, मौके पर दमकल और पुलिसकर्मियों की टीम ने पहुंचकर आग पर नियंत्रण पा लिया है। यह पूरा मामला कोतवाली थाना का है। सीईओ जिला पंचायत विश्वदीप, एडीएम, एसडीएम सहित अन्य अधिकारी भी पहुंच गए थे। किसी प्रकार जान माल की हानि नहीं हुई है।

नक्सलियों के लगाये प्रेशर आईईडी विस्फोट से भाई-बहन हुए घायल

दंतेवाड़ा। जिले के बारसूर थाना क्षेत्र अंर्तगत मंगनार में नक्सलियों द्वारा सुक्षाबलों को नुकसान पंहुचाने के लिए लगाये गये प्रेशर आईईडी की चपेट में आने से भाई-बहन जुरूराम कतलामी एवं रूपा कतलामी गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।

राज्य में भाजपा की सरकार बनने के बाद आम लोगों के लिए फिर खुले मुख्यमंत्री के दरवाजे

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

वर्षों के लंबे अंतराल के बाद छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री-निवास के दरवाजे गुरुवार को फिर आम-नागरिकों के लिए पूरी तरह खुल गए। इससे पूर्व में भाजपा की सरकार रहते हुए तात्कालीन मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह हर गुरुवार को जनता से रूबरू होते थे, लेकिन बीते पांच साल में कांग्रेस की सरकार आने के बाद मुख्यमंत्री निवास में इस तरह के आयोजन होने बंद हो गए थे, जिससे जनता अपनी व्यथा मुखिया को नहीं सुना सकती थी। अब विष्णु सरकार में आम जनता अपने मुखिया से डायरेक्ट रूबरू हो सकती है। अपनी व्यथा, कामों और योजनाओं के साथ-साथ प्रदेश की हर गतिविधि को सीधा मुख्यमंत्री के पास रख सकते हैं। गुरुवार के दिन मुख्यमंत्री के दरवाजे जनता के लिए खुले रहेंगे। इन खास दिनों में आम-औ-खास, कोई भी नागरिक, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात कर सकेगा। दरअसल, मुख्यमंत्री की ही इच्छा के अनुरूप छत्तीसगढ़ शासन ने आज से एक खास कार्यक्रम-जनदर्शन - का दोबारा आगाज कर दिया है। आम नागरिकों से सीधी मुलाकात और सीधे संवाद के इस कार्यक्रम का फार्मेट ऐसा है कि मुख्यमंत्री निवास में सहज वातावरण में लोग अपनी बातों को मुख्यमंत्री के सामने रख सकते हैं। वे अपनी शिकायतें, समस्याएं, अपेक्षाएं और सुझाव आसानी से मुख्यमंत्री तक पहुंचा सकते हैं। एक साधारण सी टेबल के एक ओर मुख्यमंत्री की कुर्सी होती है और दूसरी ओर फरियादी। आस-पास ही मुख्यमंत्री के सचिवालय के अधिकारियों सहित राज्य के वरिष्ठतम अधिकारी मुख्यमंत्री के निर्देशों के परिपालन के लिए मुस्तैद खड़े होते हैं। शिकायतों और सुझावों को बकायदा रजिस्टर्ड किया जाता है, नागरिकों को टोकन दिया जाता है, ताकि शासन द्वारा की जा रही कार्यवाही की मॉनिटरिंग की जा सके और आवेदक भी समय-समय पर प्रगति की जानकारी प्राप्त कर सके। इसके लिए बकायदा एक पोर्टल तैयार किया गया है, जिसमें टोकन नंबर दर्ज करते ही प्रगति की जानकारी आवेदक के सामने होती है। जनदर्शन के पहले दिन मुख्यमंत्री से मुलाकात करने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे थे। इनमें महिलाओं भी खासी संख्या में शामिल थीं। कार्यक्रम को लेकर जितना उत्साह नागरिकों में था, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय भी उतनी ही उत्सुकता और आत्मीयता के साथ उनसे मुलाकात करते नजर आए। आवेदकों से आवेदन लेने के साथ-साथ वे उनसे पारिवारिक ढंग से बातें भी करते नजर आए। महिलाओं ने जब महतारी वंदन योजना शुरू करने के लिए उन्हें धन्यवाद कहा तो साय ने भी मुस्कुराते हुए विनम्रता से तुरंत आभार व्यक्त किया। आवेदकों के साथ आए बच्चों के साथ उन्होंने अभिभावक की तरह घुल-मिल कर बातें की।

नीट पेपर लीक के खिलाफ युवा कांग्रेस ने किया संसद का घेराव

वार्ता ➤ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

युवा कांग्रेस ने नीट-यूजी परीक्षा में धांधली के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया जिसमें कई नवनिर्वाचित सांसदों तथा पार्टी के अन्य पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया। युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता वरुण पांडे ने बताया कि संगठन के अध्यक्ष श्रीनिवास बी. वी. के नेतृत्व में यहां जंतर मंतर से संसद का घेराव के लिए एकत्रित हुए कार्यकर्ता जब संसद की तरफ बढ़ने लगे तो दिल्ली पुलिस ने बैरिकेडिंग कर उन्हें रोका लेकिन उत्साहित कार्यकर्ता आगे बढ़ने का प्रयास करने लगे तो पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया। उन्होंने बताया कि इस दौरान कई युवा घायल हुए हैं। पुलिस लगातार डंडे मारती रही जिसमें कई युवाओं को गंभीर चोट आई है। पुलिस ने बाद में कई युवाओं को हिरासत में लिया जिन्हें बाद में छोड दिया गया। उन्होंने बताया कि इस दौरान युवा कांग्रेस अध्यक्ष श्रीनिवास बीवी ने प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए कहा ''नीट-यूजी परीक्षा धांधली ने 24 लाख युवा छात्रों के भविष्य को अंधेरे में धकेल दिया है जो अत्यंत चिंताजनक स्थिति है।

छोटे उद्योगों के विकास के लिए समावेशी प्रयास की आवश्यकता : जीतन राम मांझी

वार्ता ➤ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

केंद्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग मंत्री जीतन राम मांझी ने आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत बनाने में छोटे उद्योगों की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर देते हुए गुरुवार को कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों और दूरदराज के इलाकों में समावेशी और केंद्रित प्रयास को गहरा और व्यापक बनाने की आवश्यकता है। मांझी ने यहां अंतर्राष्ट्रीय एमएसएमई दिवस के अवसर पर आयोजित एक दिवसीय कार्यक्रम 'उद्यमी भारत' को संबोधित करते हुए कहा कि आत्मनिर्भर और विकसित भारत की दिशा में छोटे उद्योग एक महत्वपूर्ण शक्ति होंगे। उन्होंने कहा कि तेजी से बदलते औद्योगिक परिदृश्य में छोटे उद्योगों को डिजिटल और तकनीकी समाधान अपनाने के लिए खुद को तैयार करने की आवश्यकता है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि छोटे उद्योगों के लिए छह स्तंभों की पहचान की गई है, जिनमें औपचारिकता और ऋण तक पहुँच, बाजार तक पहुँच, और ई-कॉमर्स को अपनाना, आधुनिक तकनीक के माध्यम से उत्पादकता में वृद्धि, सेवा क्षेत्र में कौशल स्तर में वृद्धि और डिजिटलीकरण तथा खादी, ग्राम और नारियल रेशा उद्योग को वैश्विक बनाने के लिए सहयोग और उद्यम निर्माण से महिलाओं, कारीगरों का सशक्तीकरण शामिल है।

निकायों और पंचायतों के निर्वाचन की तैयारियों पर राज्य निर्वाचन आयुक्त ने दिया जोर

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह ने कार्यभार ग्रहण करते ही आगामी समय में होने वाले नगरीय निकायों और त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन की तैयारियां तेजी से करने की कवायद शुरू कर दी है। इसी कड़ी में उन्होंने एक अहम बैठक रखी। इसमें प्रमुख सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास निहारिका बारिक सिंह, सचिव नगरीय प्रशासन बसवराजू एस., सचिव सामान्य प्रशासन डी.डी.सिंह तथा सचिव राज्य निर्वाचन आयोग डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे उपस्थित रहे। बैठक में नगरीय निकायों और त्रिस्तरीय पंचायतों के वार्डों के परिसीमन की प्रक्रिया के संबंध में चर्चा करते हुए आयुक्त सिंह ने इसे समय सीमा में कराने पर जोर दिया है। इस मौके पर उन्होंने समय-समय पर उच्चतम न्यायालय द्वारा निर्वाचन से संबंधी दिए गए महत्वपूर्ण निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने पर भी बल दिया। बैठक में नगरीय निकायों और त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन के लिए मतदाता सूची की तैयारी की भी आयुक्त सिंह ने समीक्षा की। साथ ही मतदान केन्द्र और मतदान कर्मियों की आवश्यकता और व्यवस्था पर भी बात की। उन्होंने आम निर्वाचन के पहले सभी आवश्यक तैयारियां समय पर सुनिश्चित करने पर बल दिया है।

एनआईए ने नक्सल समर्थकों के कई ठिकानों पर मारा छापा

मोबाइल फोन, टैबलेट, 9.90 लाख कैश सहित नक्सल पर्चे-साहित्य बरामद

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

नक्सल प्रभावित बस्तर में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने विधानसभा चुनाव के दौरान चुनाव प्रचार कर रहे बीजेपी जिला उपाध्यक्ष रतन दुबे की हत्या की जांच कर रही है। बुधवार को नारायणपुर जिले में एजेंसी ने एक दर्जन से ठिकानों पर छापेमारी की है। एनआईए ने भाकपा (माओवादी) के पूर्वी बस्तर संभाग के बयानार एरिया कमेटी के विभिन्न संदिग्धों और नक्सल समर्थकों से जुड़े परिसरों पर कार्रवाई करते हुए तोयनार, कौशलनार, बडेनहोद, धौड़ाई और कोंगेरा गांवों में 12 स्थानों पर छापेमारी की है। एनआईए ने यूथ कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष लालू कोर्राम के घर और यूथ कांग्रेस जिला महासचिव शिवानंद नाग के घर दबिश दी गई। छापेमारी के बाद कुछ कांग्रेस समर्पित सरपंचों को कोतवाली थाना में पुलिस अभिरक्षा में रखा गया हैं। भाजपा नेता रतन दुबे की हत्या को लेकर कांग्रेसी नेताओं के घर सुबह ही एनआईए की टीम पहुंच गई थी। पूछताछ के दौरान बड़ी संख्या में पुलिस के जवानों को तैनात किया गया था। संदेही लोगों के घरों की तलाशी के दौरान पूरे इलाके में सुरक्षा घेरा लगाया गया था। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रजनू नेताम ने एनआईए की जांच की बात को स्वीकारते हुए बताया कि कांग्रेस के कुछ कार्यकर्ताओं से पूछताछ की जा रही है। छापेमारी के बाद एनआईए के प्रेस रिलीज जारी कर बताया कि, छापेमारी में कई मोबाइल फोन, एक टैबलेट और 9.90 लाख रुपए कैश के साथ-साथ नक्सली विचारधारा का प्रचार करने वाले पर्चे और साहित्य भी बरामद किए गए हैं। इस मामले में एक आरोपी के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया जा चुका है।

सहकारिता क्षेत्र में दुनिया की सबसे बड़ी भंडारण योजना पर काम शुरू किया

सरकार ने 10 वर्षों में ग्रामीण अर्थव्यवस्था के हर पहलू पर खासा जोर दिया है : मुर्मु

वार्ता ➤ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि पिछले 10 वर्षों में सरकार ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था के हर पहलू पर बहुत जोर दिया है और गांवों में कृषि आधारित उद्योगों, डेयरी और मत्स्य आधारित उद्योगों का विस्तार किया जा रहा है ताकि किसानों की स्थिति में सुधार हो सके। उन्होंने इसमें भी सहकारिता को प्राथमिकता दी गयी है तथा सरकार ने सहकारिता क्षेत्र में दुनिया की सबसे बड़ी भंडारण योजना पर काम शुरू किया है। मुर्मु ने अठारहवीं लोकसभा के गठन के दोनों सदनों के संयुक्त अधिवेशन में गुरुवार को अपने अभिभाषण में कहा कि सरकार, किसान उत्पाद संघ और प्राथमिक कृषि ऋण समितियां (पैक्स) जैसे सहकारी संगठनों का एक बड़ा नेटवर्क बना रही है। उन्होंने कहा कि छोटे किसानों की बड़ी समस्या भंडारण से जुड़ी होती है। उन्होंने कहा कि किसान अपने छोटे खर्चे पूरे कर सकें, इसके लिये पीएम किसान सम्मान निधि के तहत उन्हें तीन लाख 20 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा राशि दी जा चुकी है। सरकार के नये कार्यकाल के शुरुआती दिनों में ही 20 हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि किसानों के खातों में भेजी जा चुकी है। उन्होंने कहा कि सरकार ने खरीफ फसलों के लिये न्यूनतम समर्थन मूल्य में भी रिकॉर्ड वृद्धि की है। आज का भारत, अपनी वर्तमान जरूरतों को ध्यान में रखते हुये अपनी कृषि व्यवस्था में बदलाव कर रहा है। उन्होंने कहा कि हम ज्यादा से ज्यादा आत्मनिर्भर हों और ज्यादा से ज्यादा निर्यात से किसानों की आमदनी बढ़े, इस सोच के साथ नीतियां बनायी गयी हैं, निर्णय लिये गये हैं। जैसे सरकार दलहन और तिलहन में दूसरे देशों पर निर्भरता कम करने के लिये देश के किसानों को हर संभव मदद दे रही है। राष्ट्रपति ने कहा कि वैश्विक बाजार में किस तरह के खाद्य उत्पाद की डिमांड ज्यादा है,उसके आधार पर नयी रणनीति बनायी जा रही है। आजकल ऑर्गेनिक उत्पादों को लेकर दुनिया में मांग तेज़ी से बढ़ रही है। भारत के किसानों के पास इस डिमांड को पूरा करने की भरपूर क्षमता है। इसलिये सरकार प्राकृतिक खेती और इससे जुड़े उत्पादों की आपूर्ति कड़ी को सशक्त कर रही है। ऐसे प्रयासों से किसानों का खेती पर होने वाला खर्च भी कम होगा और उनकी आय भी और बढ़ेगी। उन्होंने यह भी कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में 10 वर्षों में बुनियादी ढांचे के विकास पर भी तेजी से काम हुआ है और तीन लाख 80 हजार ग्रामीण सड़कों का विकास किया गया है।

राहुल ने की बिरला से भेंट

नई दिल्ली। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने बृहस्पतिवार को सदन के अध्यक्ष ओम बिरला से भेंट की। गांधी के साथ विपक्षी दलों का एक प्रतिनिधिमंडल भी था। गांधी की बिरला से यह भेंट लोकसभा अध्यक्ष के कक्ष में हुई। इस दौरान विपक्ष के कई अन्य सांसद भी मौजूद रहे। इन सांसदों में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी- शरद की सुप्रिया सुले, समाजवादी पार्टी की डिंपल यादव, राष्ट्रीय जनता दल की मीसा भारती, द्रविड मुनेत्र कषगम की कनिमोझी, रिपब्लिकन सोशलिस्ट पार्टी के एन के प्रेमचंद्रन, तृणमूल कांग्रेस के कल्याण बनर्जी, और कांग्रेस के गौरव गगोई, के. सुरेश, के. सी. वेणुगोपाल और शशि थरुर तथा अन्य विपक्षी दलों के सदस्य शामिल रहे।

जनता के मुद्दों का अभिभाषण में जिक्र नहीं : खड़गे

वार्ता ➤ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने कहा है कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के अभिभाषण में देश की जनता की समस्याओं को नजरअंदाज किया गया है और जनहित के मुद्दों का कहीं जिक्र नहीं हुआ है, तथा उन पर पूरी तरह से पर्दा डालने का काम हुआ है। खडगे ने मुर्मु के अभिभाषण पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि सरकार ने जनहित के मुद्दों को पूरी तरह से नकारा है और महंगाई, बेरोजगारी, एमएसपी, मणिपुर की हिंसा, रेल दुर्घटनाओं जैसे मुद्दों को कहीं तरजीह नहीं दी गई है। उन्होंने कहा मोदी सरकार द्वारा लिखित राष्ट्रपति का अभिभाषण सुनकर ऐसा लगा जैसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी जनादेश को नकारने की हर संभव कोशिश कर रहें हैं। जनादेश उनके खिलाफ था क्योंकि देश की जनता ने '400 पार' के उनके नारे को ठुकराया और भाजपा को 272 के आँकड़े से दूर रखा। मोदी जी इसे स्वीकार करने को तैयार नहीं हैं। ऐसा बरताव कर रहें हैं जैसे कुछ बदला ही नहीं बल्कि सच्चाई है कि देश की जनता ने बदलाव माँगा था। खडगे ने कहा मैं राज्यसभा में अपने भाषण में विस्तृत प्रतिक्रिया दूँगा, पर प्रथमदृष्टया मैं कुछ बातें कहना चाहता हूँ। नीट परीक्षा घोटाले में लीपापोती नहीं चलेगी। पिछले पांच वर्षों में एनटीए द्वारा कराए गए 66 भर्ती परीक्षाओं में कम से कम 12 में पेपर लीक और धाँधली हुई है जिससे 75 लाख से अधिक युवा प्रभावित हुए हैं। मोदी सरकार केवल यह कहकर कि 'दलगत राजनीति से ऊपर उठना चाहिए'- अपनी जवाबदेही से भाग नहीं सकती।

अल्ट्रासिमको की उड़ान से सेंसेक्स-निफ्टी ने फिर बनाया नया रिकॉर्ड

मुंबई। विश्व बाजार की गिरावट के बावजूद स्थानीय स्तर पर इंडिया सीमेंट में 23 प्रतिशत हिस्सेदारी की घोषणा के बाद अल्ट्रासिमको के शेयरों के पांच प्रतिशत से अधिक की तेजी से शेयर बाजार ने आज एक बार फिर नया रिकॉर्ड बना दिया। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 568.93 अंक अर्थात 0.72 प्रतिशत की छलांग लगाकर पहली बार 79 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 79,243.18 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 175.70 अंक यानी 0.74 प्रतिशत मजबूत होकर 24,044.50 अंक के नये शिखर पर रहा। इस दौरान बीएसई का मिडकैप 0.17 प्रतिशत की बढ़त के साथ 45,967.83 अंक हो गया जबकि स्मॉलकैप 0.57 प्रतिशत की बिकवाली के साथ 51,842.29 अंक पर रह गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4008 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1510 में लिवाली जबकि 2388 में बिकवाली हुई वहीं 110 में कोई बदलाव नहीं हुआ।

जम्मू से अमरनाथ तीर्थयात्रियों का पहला जत्था आज होगा रवाना

वार्ता ‹ जम्मू
www.dailypioneer.com



जम्मु-कश्मीर में पवित्र अमरनाथ यात्रा के लिए श्रद्धालुओं का पहला जत्था शुक्रवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच यहां भगवती नगर यात्री निवास आधार शिविर से रवाना होगा। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि अमरनाथ श्रद्धालुओं के पहले जत्थे को कल सुबह यात्री निवास से रवाना किया जाएगा। जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने तीर्थयात्रियों की सुचारू यात्रा के लिए व्यापक व्यवस्था की है।

जम्मू संभागीय आयुक्त रमेश कुमार ने जम्मू क्षेत्र के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक आनंद जैन के साथ अमरनाथ यात्रा के लिए प्रशासन की ओर से की गयी तैयारियों का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने अमरनाथ पवित्र यात्रा के लिए यात्री निवास में आने वाले तीर्थयात्रियों को सभी सुविधाएं और सेवाएं निर्बाध रूप से प्रदान करने के निर्देश जारी किये हैं। उन्होंने चौबीसों घंटे नियंत्रण कक्ष के कामकाज की निगरानी करने तथा आवश्यक सेवाओं के प्रतिनिधियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, जबकि परिवहन अधिकारियों को यात्रियों की जानकारी के लिए निजी टैक्सियों तथा तिपहिया वाहनों की दरों का व्यापक प्रचार करने को कहा।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि इस साल, प्रशासन और सुरक्षा बलों ने तीर्थयात्रा के सुचारू संचालन के लिए विशेष व्यवस्था की है। शांतिपूर्ण यात्रा के लिए एक बहु-स्तरीय सुरक्षा ग्रिड बनाया गया है। राष्ट्रीय राजमार्ग, गुफा मार्गों और आधार शिविरों पर सैनिकों की पर्याप्त तैनाती के अलावा, निगरानी बनाए रखने के लिए तकनीक का अधिकतम उपयोग भी किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जम्मू में अमरनाथ आधारशिविर के आसपास त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गयी है, जिसका जिम्मा जम्मू-कश्मीर पुलिस की सुरक्षा शाखा के पास है। जम्मू से वार्षिक यात्रा की सुरक्षित शुरुआत सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा बलों ने तलाशी और सैनिटाइजेशन अभियान चलाया है। जम्मू शहर में ठहरने की जगहों और पंजीकरण केंद्रों पर भी कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि तीर्थयात्रियों की परेशानी मुक्त आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) ने गुफा मंदिर की ओर जाने वाली सड़क को उन्नत किया है।

इस बीच अमरनाथ यात्रा को ध्यान में रखते हुए जम्मू-कश्मीर यातायात पुलिस ने गुरुवार को यातायात की आवाजाही पर प्रतिबंध की घोषणा की। यातायात पुलिस की सलाह पर प्रशासन ने विभिन्न स्थानों पर वाहनों की आवाजाही पर प्रतिबंध लगाने का फैसला किया है। ये प्रतिबंध 28 जून से 19 अगस्त के बीच लागू रहेंगे। पर्यटकों और यात्रियों सहित आम लोगों से अनावश्यक असुविधा से बचने के लिए निर्देशों का सख्ती से पालन करने तथा अपनी यात्रा की योजना उसी के अनुसार बनाने का आग्रह किया है। जम्मू पर्यटन विभाग ने तीर्थयात्रियों के लिए 'जम्मू दर्शन' और उनकी यात्रा को यादगार बनाने के लिए दर्शनीय स्थलों की यात्रा की भी व्यवस्था की है।

आप ने राष्ट्रपति के अभिभाषण का बहिष्कार कर संसद परिसर में किया प्रदर्शन

एजेंसी ‹ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

आम आदमी पार्टी (आप) ने दिल्ली के मुख्यमंत्री और पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के अभिभाषण का बहिष्कार कर संसद परिसर में प्रदर्शन किया। आप ने एक्स पर कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को जांच एजेंसियों के दुरुपयोग को रोकना चाहिए। हर राज्य में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) का इस्तेमाल विपक्षी नेताओं और दलों को प्रताड़ित करने के लिए हो रहा है। आप के राज्यसभा सासंद संजय सिंह ने कहा कि उन्होंने सरकार के लिखे भाषण का बहिष्कार किया है। राष्ट्रपति के प्रति हमारा पूरा सम्मान है। सिंह के अलावा आप सासंद डॉ. संदीप पाठक, एनडी गुप्ता समेत पार्टी के अन्य सासंद भी प्रदर्शन में शामिल हुए।

बेहतर कनेक्टिविटी के लिए एक्सप्रेसवे कवरेज को विस्तार देना आवश्यक : योगी

लखनऊ (वार्ता)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को कहा कि बेहतर कनेक्टिविटी के लिए एक्सप्रेसवे कवरेज को विस्तार देना आवश्यक है। उन्होने चार नए लिंक एक्सप्रेस के लिए प्रस्ताव मांगा और निर्देश दिये कि अध्ययन कर विस्तृत कार्ययोजना तैयार की जाये। उन्होने इस साल के अंत तक गंगा एक्सप्रेस वे तैयार करने के निर्देश दिये। एक उच्चस्तरीय बैठक में प्रदेश में निमार्णाधीन एवं नवीन एक्सप्रेसवे परियोजनाओं तथा औद्योगिक कॉरीडोर और डिफेंस कॉरीडोर के विकास की प्रगति की समीक्षा करते हुये उन्होने कहा कि बीत सात वर्ष में उत्तर प्रदेश में रोड इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य हुआ है।

आम आदमी पार्टी के संजय सिंह का राज्यसभा से निलंबन निरस्त

एजेंसी ‹ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



आम आदमी पार्टी के नेता संजय सिंह का राज्यसभा से निलंबन बृहस्पतिवार को निरस्त कर दिया गया जिसके साथ ही करीब एक वर्ष के बाद उनकी राज्यसभा की सदस्यता बहाल हो गयी।

अठारहवीं लोकसभा के गठन के बाद बुलाये गये संसद सत्र में आज राष्ट्रपति के अभिभाषण के बाद जब राज्यसभा की कार्यवाही शुरू हुई तो सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा कि आम आदमी पार्टी के सदस्य संजय सिंह को गत 24 जुलाई को सदन में अमर्यादित व्यवहार के लिए उच्च सदन की सदस्यता से निलंबित कर दिया गया था। उन्होंने कहा कि राज्यसभा की विशेषाधिकार समिति ने विभिन्न लंबित मामलों पर अपनी रिपोर्ट 26 जून को दे दी थी। इस रिपोर्ट में सिंह को दोषी ठहराया गया है। उन्होंने कहा कि लेकिन सिंह अब तक इस मामले में पर्याप्त सजा भुगत चुके हैं इसलिए वह सदन के सभापति के नाते अपने अधिकारों का इस्तेमाल करते हुए सिंह के निलंबन को निरस्त कर उनकी सदस्यता को बहाल कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सिंह की सदस्यता 26 जून से प्रभावी मानी जायेगी। सिंह ने उनकी सदस्यता बहाल करने के लिए सभापति और विशेषाधिकार समिति के सदस्यों के प्रति आभार प्रकट किया। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में लिखा , लगभग एक साल के बाद संसद में जाने की अनुमति प्राप्त हुई। निलंबन ख़त्म हुआ। माननीय सभापति उपराष्ट्रपति जगदीप धनकड़ जी प्रिविलेज कमेटी के सभापति व सभी माननीय सदस्यों का अत्यंत धन्यवाद व आभार। उल्लेखनीय है कि सिंह को अमर्यादित व्यवहार के लिए गत 24 जून को सदन की सदस्यता से निलंबित कर दिया गया था। इस बीच उनका कार्यकाल समाप्त हो गया लेकिन उन्हें एक बार फिर से राज्यसभा के लिए चुन लिया गया। सिंह इस दौरान दिल्ली आबकारी मामले में जेल में बंद थे और उन्होंने अदालत की अनुमति के बाद सदन की सदस्यता की शपथ ली थी।

रोगाणुरोधी चुनौती से निपटने के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता : पाल

एजेंसी ‹ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

नीति आयोग में स्वास्थ्य सदस्य डॉ. विनोद पॉल ने कहा है कि जूनोसिस-रोगाणुरोधी प्रतिरोध (एएमआर), खाद्य सुरक्षा और जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न गंभीर स्वास्थ्य चुनौतियों के मुद्दे आपस में जुड़े हुए हैं और मानव स्वास्थ्य, पशु स्वास्थ्य और पर्यावरण क्षेत्रों के बीच की खाई को पाटने के लिए एक व्यापक और बहु आयामी दृष्टिकोण की आवश्यकता है। डॉ. पाल ने बृहस्पतिवार को यहां वन हेल्थ पहल के लिए कानूनी पर्यावरण मूल्यांकन पर दो दिवसीय राष्ट्रीय परामर्श का उद्घाटन करते हुए कहा कि विभिन्न आवश्यकताओं के अनुरूप, भारत ने रोगाणुरोधी प्रतिरोध के कारण उत्पन्न मुद्दों के समाधान के लिए राष्ट्रीय कार्य योजना - द्वितीय तैयार करना शुरू की है। इसके लिए वन हेल्थ मिशन की अवधारणा बनाई है और जलवायु परिवर्तन के व्यापक मुद्दों पर काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वन हेल्थ लक्ष्यों की प्राप्ति सुनिश्चित करने के लिए, राज्य की भागीदारी, भारतीय कानूनों को अंतर्राष्ट्रीय कानूनों के साथ अनुरुप करना और विभिन्न क्षेत्रों को जोडने की आवश्यकता है। डॉ. पाल ने कहा कि वन हेल्थ पहल को सुदृढ़ करने के लिए कानूनी रूपरेखा के लिए राष्ट्रीय परामर्श न केवल महत्वपूर्ण है, बल्कि समयानुकूल भी है। उन्होंने कहा कि कोविड 19 ने जूनोटिक रोगों के महत्व और मानव, पशु और पौधे पारिस्थितिकी तंत्र के बीच जटिल संबंधों पर अपना ध्यान केंद्रित करने के लिए मजबूर किया है। इस अवसर पर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के सचिव अपूर्व चंद्रा, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की सचिव लीना नंदन और विधि एवं न्याय मंत्रालय के सचिव राजीव मणि भी उपस्थित थे। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, नीति आयोग, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, विधि एवं न्याय मंत्रालय तथा पशुपालन एवं डेयरी विभाग ने वन हेल्थ के लिए एकीकृत कानूनी एवं नीतिगत रूपरेखा तय करने के लिए एक साथ काम करना आरंभ किया है। चंद्रा ने कहा कि मनुष्यों को प्रभावित करने वाली 75 प्रतिशत से अधिक बीमारियाँ जूनोटिक बीमारियाँ हैं तथा स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय वन हेल्थ दृष्टिकोण से मानव-पशु-पौधे संपर्क जोखिमों को रोकने और प्रबंधित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि वन हेल्थ' एक बहु-आयामी और बहुपक्षीय पहल है जिसे जमीनी स्तर पर सफल करने के लिए सामूहिक और समन्वित कार्रवाई की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि राज्यों को जूनोटिक और अन्य बीमारियों की निगरानी, रोकथाम और प्रबंधन में मजबूत किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि भारत के मौजूदा विधायी ढांचे में मानव स्वास्थ्य, पशु स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण के लिए अलग-अलग कानून हैं, लेकिन क्षेत्रीय प्राथमिकताओं के कारण कुछ अंतर और दोहराव हैं।

मुख्यमंत्री के जनदर्शन में बहनों की मुलाकात : महतारी वंदन योजना के लिए मुख्यमंत्री का जताया आभार

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का साप्ताहिक जनदर्शन गुरूवार से प्रारंभ हो गया है। पहले ही दिन प्रदेश के दूर-दराज क्षेत्रों से आए आम नागरिकों एवं विभिन्न प्रतिनिधिमण्डलों ने सौजन्य मुलाकात कर मुख्यमंत्री को अपनी विभिन्न मांगों एवं समस्याओं से अवगत करा रहे हैं। जनदर्शन में मुख्यमंत्री सहज रूप से सभी से मुलाकात कर उनकी समस्याओं के संबंध में आवेदन ले रहे हैं। माताओं एवं बहनों के समूह ने महतारी वंदन योजना लागू करने के लिए मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताते हुए कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं के खाते में हर महीने एक हजार रूपए मिलने से उनकी हर छोटी-बड़ी समस्या दूर हो रही है। इस राशि से बहने अपने बच्चों की आवश्यक जरूरतों को भी पूरी कर रही है। महतारी वंदन योजना से माताओं एवं बहनों को आर्थिक रूप से संबल मिला है।

पेंड्रा से आये महंत जी ने कहा कितना उत्साह का माहौल है सबसे पहले इसके लिए आपको बधाई देता हूं

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री जनदर्शन के लिए लोगों में कितना उत्साह है। इस बात का पता तब भी चलता है जब लोग मुख्यमंत्री के पास आते हैं और जनदर्शन प्रारंभ करने के लिए उन्हें बधाई देते हैं। मुख्यमंत्री जनदर्शन में पेंड्रा से आए महंत स्वामी अनसूया दास ने कहा कि आज आपका पहला जनदर्शन हो रहा है। मुझे बहुत खुशी हुई। यहां पर बहुत अच्छी तैयारी हुई है। आते ही मैंने चाय पी। इसके बाद अधिकारियों ने बहुत सहयोग किया। इतने सारे लोगों के आने के बावजूद बहुत अच्छी व्यवस्था है। इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं। महंत जी ने कहा कि आपने अयोध्या धाम रामलला दर्शन योजना आरंभ की है इसके लिए भी मैं आपको धन्यवाद देता हूं। महंत जी ने बताया कि पेंड्रा में वे एक गुरुकुल चलाते हैं। गुरुकुल में विद्यार्थियों को परंपरागत तरीके से पाठ्यक्रम पढ़ाया जाता है। आप वैदिक शिक्षा को प्रोत्साहित करने के लिए कार्य करते हैं इसलिए मैं आपके पास अनुरोध के लिए आया हूं कि गुरुकुल को आगे बढ़ाने मदद करें।

मनीराम दिव्यांग प्रमाण पत्र के लिए आए थे, मुख्यमंत्री से मिले 1 घंटे बाद हाथों में आ गया दिव्यांग प्रमाण पत्र

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com

मनीराम धरसींवा निवासी मनीराम देवांगन का चार महीने पूर्व एक्सीडेंट हुआ था। उसमें इनका पैर काटना पड़ गया था। मनीराम पिछले एक महीने से दिव्यांग प्रमाण पत्र के लिए भटक रहे थे लेकिन उनके आवेदन पर कारवाई नहीं हो सकी थी। मुख्यमंत्री जनदर्शन की जानकारी होने पर उन्होंने मुख्यमंत्री से मिलकर अपनी समस्या रखने की बात सोची। मुख्यमंत्री को उन्होंने संबंध में जानकारी दी।मुख्यमंत्री ने मौके पर ही अधिकारियों को उनके दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाने की निर्देश दिए। एक घंटे के भीतर मनीराम के हाथ में दिव्यांगता प्रमाण पत्र आ गया। मनीराम ने खुशी जताते हुए कहा कि दिव्यांग प्रमाण पत्र प्राप्त होने के पश्चात वो शासन की दिव्यांगजनों के लिए दी जाने वाली योजनाओं का लाभ उठा सकेगा। साथ ही वह कृत्रिम पैर भी लगा पाएगा। जिसके चलते परिवार को संभालने की महती जिम्मेदारी पूरी कर सकेगा। मनीराम ने कहा कि उसे लगा था कि मुख्यमंत्री साय की पहल पर कुछ दिनों में उसका प्रमाण पत्र बन जाएगा लेकिन उसे बिल्कुल भरोसा नहीं था कि एक घंटे प्रमाण पत्र उपलब्ध करा दिया जाएगा।

सहायक उपकरण पाकर दिव्यांगों के चेहरे खिले

जनदर्शन : किसी को व्हीलचेयर, किसी को मोटराइज्ड ट्रायसायकल तो किसी को मिला कृत्रिम पैर

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री निवास में आज से प्रारंभ हुए साप्ताहिक जनदर्शन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से निःशक्तजनों ने भी मुलाकात की और अपनी समस्या से अवगत कराते हुए अपने लिए सहायक उपकरण की मांग की। मुख्यमंत्री ने न केवल उनकी समस्याओं को सुना बल्कि संवेदनशीलता दिखाते हुए दिव्यांगजन को मौके पर ही व्हीलचेयर, मोटराइज्ड ट्रायसायकल, कृत्रिम पैर, बैटरी चलित सायकल सहित अन्य सहायक उपकरण वितरित किए। सहायक उपकरण पाकर दिव्यांगों के चेहरे खिल गए, उन्होंने मुख्यमंत्री के प्रति आभार भी जताया। जनदर्शन कार्यक्रम में तहसील लोरमी, जिला मुंगेली निवासी दिव्यांग अजय सिंह राजपूत ने मुख्यमंत्री साय को अपनी समस्या बताते हुए कहा कि मेरा एक पैर कट जाने के कारण कृत्रिम पैर लगाया गया था, जो अब खराब हो गया है। मुझे एक नया कृत्रिम पैर की जरूरत है। मुख्यमंत्री द्वारा उनकी समस्या का तत्काल समाधान किया गया, उनके निर्देश पर दिव्यांग अजय सिंह राजपूत के पैर का माप लिया गया। कृत्रिम पैर बनने के बाद उन्हें कृत्रिम पैर प्रदान किया जाएगा। जनदर्शन कार्यक्रम में पहुंचे रायपुर शैलेन्द्र नगर निवासी कु. केसर चंदवानी के अभिभावक ने बताया कि मेरी पुत्री कु. केसर चंदवानी जिसकी उम्र 11 वर्ष है, जो गंभीर बीमारी से पीड़ित है। मेरे परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। मेरी पुत्री के ईलाज के लिए आर्थिक मदद दी जाए, साथ ही निःशक्त पुत्री के लिए व्हीलचेयर भी प्रदाय किया जाए। मुख्यमंत्री साय ने संवेदनशीलता के साथ उनकी समस्या को सुनते हुए कु. केसर चंदवानी के लिए तत्काल व्हीलचेयर प्रदान किया। बाद में उन्हें मोटिफाइड व्हीलचेयर प्रदान किया जाएगा। जनदर्शन कार्यक्रम में बेमेतरा जिले से पहुंचे रोहित मारकंडे, आरंग के ग्राम जावा से आए बलराम वर्मा को मोटराइज्ड ट्रायसायकल और साजा निवासी बलराम को बैटरी चलित ट्रायसाइकल प्रदान किया गया। रामसागर पारा निवासी 67 वर्षीय देवानंद साहू को श्रवण यंत्र की जरूरत थी, उनकी समस्या सुनकर तुरंत जांच करवाकर मुख्यमंत्री साय ने अपने हाथों से विश्वनाथ कुमार एवं दो अन्य दिव्यांग को भी श्रवण यंत्र प्रदान किए ।

दिव्यांग बच्चे हेमराज राठिया को लेकर आए पिता, मुख्यमंत्री ने इलाज के लिए मौके से ही भेज दिया दिव्यांग विशेष गृह

रायपुर। धरमजयगढ़ ब्लॉक से आए विजेंद्र राठिया का बेटा हेमराज बचपन से ही बहु विकलांगता ग्रस्त है। वे आज अपने बेटे को लेकर मुख्यमंत्री जनदर्शन में आए। मुख्यमंत्री ने कहा कि बच्चे की पढ़ाई और इलाज दोनों की व्यवस्था माना स्थित दिव्यांग विशेष गृह में हो सकती है। इसके लिए बच्चे को तुरंत माना भेज दें। पिता ने इलाज के लिए सहमति जताई और मौके से ही बच्चे को माना स्थित केंद्र में भर्ती के लिए भेज दिया गया। विजेंद्र ने बताया कि बच्चे की समस्या आज हल हो गई है। अब यहां पर इसका इलाज भी हो सकेगा और उसकी पढ़ाई लिखाई की व्यवस्था भी हो पाएगी। मुख्यमंत्री के निर्देश के तुरंत पश्चात स्वास्थ्य विभाग के अमले ने हेमराज को माना में भर्ती करा दिया।

मुख्यमंत्री के जनदर्शन में किसान के खाते से फर्जी हस्ताक्षर कर रकम निकालने और केसीसी लोन लेने का मामला पहुंचा

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के जनदर्शन कार्यक्रम में आम जनता से संबंधित शिकायतों एवं अपेक्षाओं के कई तरह के मामले देखने और सुनने को मिल रहे हैं। जनदर्शन में लोग मुख्यमंत्री से सीधे मिलकर उन्हें अपनी समस्याएं बता रहे हैं और अपनी अपेक्षाओं से संबंधित आवेदन भी दे रहे हैं। मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में आज शुरू हुए जनदर्शन कार्यक्रम में किसान ओम प्रकाश ने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर बताया कि उसके सहकारी बैंक के खाते से फर्जी तरीके से न सिर्फ राशि निकाली गई है, बल्कि उनके नाम से फर्जी तरीके से केसीसी लोन भी निकाला गया है। मुख्यमंत्री ने किसान ओम प्रकाश की इस शिकायत को गंभीरता से लेते हुए बिलासपुर के कलेक्टर को तत्काल मामले की जांच कराने तथा दोषी के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करने के साथ ही किसान को राशि वापस कराने के भी निर्देश दिए। जनदर्शन कार्यक्रम में जिला बिलासपुर, थाना सीपत के ग्राम नवागढ़ के किसान श्री ओमप्रकाश ने बताया कि उसके सहकारी बैंक खाते से रमेश साहू, जो कि सेवा सहकारी समिति सीपत में कम्प्यूटर ऑपरेटर है, उसने फर्जी हस्ताक्षर कर तीन बार में कुल 27 हजार रूपए निकाल लिए हैं। विड्रॉल पर्ची निकालने पर पता चला कि रमेश साहू ने उसके नाम का फर्जी हस्ताक्षर कर रकम निकाली है। रमेश साहू ने उसकी नाबालिग बेटी को बहला-फुसला कर उससे बैंक पासबुक ले लिया और फर्जी तरीके से राशि आहरित की। किसान ओम प्रकाश ने मुख्यमंत्री को यह भी बताया कि उसके नाम पर किसी ने फर्जी तरीके से वर्ष 2019 में 16 हजार रूपए का लोन भी निकाला है।

विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित ना हो शिक्षकों का संलग्नीकरण नहीं करें

जिला पंचायत में सामान्य सभा की बैठक सम्पन

पायनियर संवाददाता ➤ कांकेर
www.dailypioneer.com

जिला पंचायत अध्यक्ष हेमंत ध्रुव की अध्यक्षता में आज सामान्य सभा की बैठक जिला पंचायत के सभाकक्ष में संपन्न हुई, जिसमें ग्रामीण क्षेत्रों हुए कार्यों और शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की गई। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी ने नए शैक्षणिक सत्र में विद्यार्थियों का प्रवेश, गणवेश एवं पुस्तक वितरण और सायकल वितरण की जानकारी दी। जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि शिक्षकों का अन्य विभागों या कार्यालयों में संलग्नीकरण नहीं होना चाहिए, इससे विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित होती है।

बैठक में लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से जिले के दूरस्थ क्षेत्रों में विभिन्न क्षेत्रों सड़कों की मरम्मत की बात कही। कृषि के अधिकारी ने जिले में खरीफ सीजन की जानकारी देते हुए खाद, बीज भंडारण और वितरण की जानकारी दी। साथ ही उन्होंने बुआई और वर्षा की स्थिति की भी जानकारी दी। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी ने बताया कि मौसमी बीमारियों के रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के बारे में जानकारी दी। जिला पंचायत के उपाध्यक्ष हेमनारायण गजबल्ला ने जिला अस्पताल में गर्भवती महिलाओं को अधिक संख्या में रेफ़र किये जाने पर कहा कि केवल आकस्मिक स्थिति में रेफर करें। साथ ही 108 एम्बुलेंस के त्वरित रेस्पॉन्स के लिए प्रयास करने के निर्देश दिए। आदिवासी विकास विभाग के अधिकारी ने जिले में संचालित छात्रावासों सहित विभिन्न विभागीय योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान उन्हें युवाओं के लिए विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी और कैरियर निर्माण संबंधी योजनाओं के बारे में प्रचार प्रसार करने को कहा गया। साथ ही कन्या छात्रावासों में सुरक्षा की दृष्टि से महिला गॉर्ड की नियुक्ति करने को भी कहा गया। इसके अलावा बैठक में विभिन्न योजनाओं के प्रगतिरत कार्यों के बारे में सम्बंधित विभागों के अधिकारियों ने जानकारी दी। बैठक के दौरान 15वें वित्त आयोग तथा जिला पंचायत विकास योजनान्तर्गत 2024-25 के कार्ययोजना पर चर्चा कर अनुमोदन किया गया। बैठक में सभापति नरोत्तम पडोटी, जिला पंचायत के सदस्यगण और जिला सीईओ सुमित अग्रवाल सहित संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

सभी न्यायिक अधिकारी और कर्मचारियों को सर्वसुविधायुक्त आवास उपलब्ध हो : मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा

पायनियर संवाददाता ➤ कांकेर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा ने आज सिंगारभाट एवं पखांजूर में न्यायिक कर्मचारियों के लिए नव निर्मित निवास गृहों का वीडियो काफ्रेंसिंग के माध्यम से लोकार्पण किया। मुख्य न्यायाधिपति सिन्हा ने अपने उद्बोधन में कर्मचारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जितना सुन्दर व साफ सुथरा आवास गृह उनके लिए उपलब्ध कराया जा रहा है, वह उसे निवास के दौरान वैसा ही रखें। मुख्य न्यायाधिपति ने कहा कि राज्य के न्यायालयों को बुनियादी ढांचा प्रदान करने की पहल की गई है, जिसके तारतम्य में यह लोकार्पण किया गया है। उन्होंने कहा कि जिला मजिस्ट्रेट यह सुनिश्चित करें कि नवनिर्मित न्यायिक आवासीय मकानों में सभी आवश्यक सुविधाए हों और उनका कार्य गुणवत्तापूर्ण हो। मुख्य न्यायाधिपति के साथ विशिष्ट अतिथि के रूप में छ.ग. उच्च न्यायालय के माननीय न्यायाधीश एवं जिला उत्तर बस्तर कांकेर के पोर्टफोलियो न्यायाधीश संजय एस. अग्रवाल भी उपस्थित थे। कार्यक्रम के प्रारंभ में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश आनंद कुमार ध्रुव ने मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा एवं न्यायाधीश संजय एस अग्रवाल का स्वागत करते हुए सिंगारमाट कांकेर एवं पखांजुर में नवनिर्मित सर्व सुविधा युक्त रहवासी कालोनी की सौगात देने के लिए कृतज्ञता व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने संबोधन में बताया कि सिंगारभाट कांकेर में न्यायिक कर्मचारियों के लिए 88 मकान बना है एवं पखांजुर में कुल 11 मकान बना है। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने कहा कि मुख्य न्यायाधिपति ने अपने दूरदृष्टि एवं कुशल नेतृत्व से छत्तीसगढ़ के सुदूर जिला एवं तहसील का निरीक्षण कर अपनी दूरदर्शिता का परिचय कराया है और अधोसंरचना के क्षेत्र में महत्वपूर्ण आधार शिला रखा है। लोकार्पण के इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक आई.के. एलेसेला, समस्त न्यायाधीशगण, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष एवं अधिवक्तागण, न्यायिक कर्मचारीगण, लोक निर्माण विभाग के अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित थे।

आदेश्वर पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाया गया प्रवेश उत्सव

पायनियर संवाददाता ➤ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

कोंडागांव नगर के आदेश्वर पब्लिक स्कूल शाला प्रवेश उत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इसका शुभारंभ सर्वप्रथम प्रिंसिपल लता रफे ल जी और समस्त शिक्षकों द्वारा सरस्वती पूजा और वंदना से किया गया और सभी छात्रों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया और साथ ही सम्पूर्ण शाला में जलपान वितरण किया। विद्यालय में समस्त कक्षा वार विभिन्न गतिविधियों से द्वारा शिक्षण कार्य कराया। सभी विषयों में कक्षा वार अलग-अलग गतिविधि के जैसे चित्र वर्णन, चित्र व्याख्या, श्रवण कौशल के माध्यम से बच्चों को नई कौशल शिक्षण में सीखने का अवसर प्राप्त हुआ। इस गतिविधि के माध्यम से बच्चों की सोच-समझ तर्कशक्ति और रचनात्मकता का विकास हुआ। विद्यालय में समस्त कक्षा के छात्रों द्वारा और अध्यापक और अध्यापिका द्वारा वृक्षारोपण कर विभिन्न प्रकार के प्रकार के पौधे लगाए गए। किंडर गार्डन कक्षा में शिक्षकों द्वारा बच्चो के मनोरंजन के लिए कठपुतली दृश्य दिखाया गया और कार्यशाल में छात्रों की मध्य परिचर्चा हुई। यह शुभारंभ तीनों संस्थान कोंडागांव, चिखलपुटी और फरसगाँव में छात्रों का भव्य स्वागत कर विभिन्न गतिविधियां कराई गई।

प्राथमिक शाला जोन्दरापदर में शाला प्रवेशोत्सव के साथ नेवता भोज आयोजित

■ निःशुल्क, पाठ्यपुस्तक, गणवेश, पाकर खिले बच्चों के चेहरे

पायनियर संवाददाता ➤ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

कोंडागांव जिला अंतर्गत संचालित प्राथमिक शाला जोन्दरा पदर में 26 जून को शाला प्रवेश उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। ग्रीष्मावकाश में शिक्षिका मधु की मेहनत रंग लाई शाला प्रवेशोत्सव में समुदाय की सहभागिता की झलक दिखी।बडी सँख्या में बच्चे, पालक माता पिता ग्राम वासी उपस्थित हुए। समुदाय को विद्यालय से जोड़ने के उद्देश्य से आमन्त्रित अतिथि जोन्दरा पदर की वरिष्ठ नागरिक निनी देवांगन, जिलाध्यक्ष दीपेश अरोरा ने नव प्रवेशी बच्चों का तिलक चंदन अबीर लगाकर स्वागत अभिनन्दन के साथ सभी नवप्रवेशी बच्चों को गणवेश पाठ्य पुस्तक, पाठ्य सामग्री का वितरण किया। साथ ही स्कूल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर शासन की महत्वाकांक्षी योजना नेवता भोज दीपेश अरोरा की ओर से आयोजित किया गया। सभी बच्चों को पूरक पोषण आहार में सेवफल, केला, गुलाब जामुन, खीर पुड़ी छोला की सब्जी परोसी गई। सामुदायिक सहभागिता निभाते हुए मनीष कम्प्यूटर की ओर से सभी बच्चों को निशुल्क कॉपी पेन, शिक्षण सामग्री का वितरण किया। विशिष्ट अतिथि पालक के रूप में राजेश, कल्पना, किशन, स्मिता नेताम सहित नवप्रवेशी बच्चों की माता पालक शाला प्रबंधन समिति के सदस्य भी उपस्थित रहे।

बेलोतीपारा के बच्चों को मिला वेलकम पार्टी

पायनियर संवाददाता ➤ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

कलेक्टर कुणाल दुदावत के आदेशानुसार डीईओ आदित्य चांडक एवं बीईओ मनोज दुबे के मार्ग दर्शन में शासकीय विद्यालय बेलोतीपारा मसोरा में अध्ययनरत बच्चों को वेलकम पार्टी (नेवता भोजन) की व्यवस्था गांव के शिक्षाविद, सेवानिवृत शिक्षक सोहांगुराम मरकाम और उनके पुत्र एवं पुत्रवधु परमिला अशोक मरकाम शिक्षक द्वारा शाला में अध्ययनरत सभी 29 बच्चों के लिए पौस्टिक भोजन के साथ खीर पुड़ी और जलेबी की व्यवस्था कर सपरिवार उपस्थित होकर भोजन परोसा गया। वही सोहांगुराम मरकाम द्वारा उपस्थित पालक तिलक यादव, धरसू मरकाम, रमिला बघेल, बैसाखिन के साथ विद्यालय परिसर में पौधारोपण किया गया। शाला प्रवेश उत्सव में संस्था की प्रधान पाठिका हीना साहू द्वारा बच्चों का गुलाल चंदन की तिलक और फूलमाला पहनाकर स्वागत और निःशुल्क पुस्तक एवं गणवेश प्रदान किया गया। मिडिल हेडमिस्ट्रेस सुनीता मरकाम के हाथों सक्रिय पालक मेहतुराम नाग और शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सुनीता मरकाम का सम्मानित किया गया।

अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस पर जागरूकता शिविर कार्यक्रम आयोजन

पायनियर संवाददाता ➤ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस पर नशा मुक्ति केंद्र बनियागाँव जिला कोण्डागांव द्वारा बुधवार दोपहर को गोलावंड बाजार में नशापान के विरुद्ध जागरूकता शिविर कार्यक्रम आयोजन किया गया। जिसमें ए के नेताम अध्यक्ष नशा मुक्ति केंद्र बनियागांव ने बताया कि, हर प्रकार का नशा मनुष्य के लिए हानिकारक ही होता है। नशे की लत से स्वास्थ्य हानि होती है। नशे का आदी व्यक्ति निष्क्रिय हो जाता है और उसकी शक्ति क्षीण हो जाती है। उसके सोचने समझने की शक्ति कम हो जाती है और धन का अपव्यय भी होता है। समाज में मादक पदार्थों के कारण अपराधों में वृद्धि हो रही है। नशा मुक्ति केंद्र बनियागांव के अध्यक्ष व स्टाफ ने स्थानीय सिटी कोतवाली थाना परिसर कोण्डागांव के साथ मिलकर नशे की लत के कारण, दुराचार कदाचार आदि कृत्य बढ़ रहें हैं, अच्छे सम्पन्न घर बर्बाद हो रहे हैं।

वार्ड परीसीमन के लिए नगर पालिका अमला सर्वे कर रहा वार्ड में

पायनियर संवाददाता ➤ किरंदुल
www.dailypioneer.com

नगर पालिका चुनाव जो कि इस वर्ष के अंत तक होगा। जिसकी तैयारी का प्रारंभिक चरण में वार्डों का परिसीमन किया जा रहा है। किरंदुल नगर पालिका की वर्ष 2011 की जनगणना अनुसार 18887 जनसंख्या है और कुल 18 वार्ड हैं जिसके आधार पर प्रत्येक वार्डों का परिसीमन किया जा रहा है जिससे वार्डो की सीमा तय होंगी। किए गए सर्वे कार्य के दौरान उप अभियंता टी आर सिन्हा, राजस्व निरीक्षक डी एस साहू, सहायक राजस्व निरीक्षक गौरीशंकर तिवारी, नरेश साहू,मनराखन ठाकुर, सुमंत पटेल आदि कर्मचारी मौजूद रहें।

नवप्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर निःशुल्क पुस्तकें और गणवेश वितरण किया गया

जनपद प्राथमिक उच्च प्राथमिक शाला बुनागांव में जिला शिक्षा अधिकारी ने दिया न्योता भोज

पायनियर संवाददाता ➤ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

विकास खंड कोंडागांव अंतर्गत जनपद प्राथमिक उच्च प्राथमिक शाला बुनागाँव के बच्चों और पालकों को शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी आदित्य चांडक के द्वारा न्योता भोज कराया गया। जनप्रतिनिधियों के द्वारा नवप्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर निःशुल्क पुस्तकें और गणवेश वितरण किया गया।नन्हे मुन्ने बच्चो के रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर संस्था के प्रधान अध्यापक सूरज नेताम ने स्कूल की उपलब्धियों की जानकारी दिया कि, बीते सत्र में शिक्षकों और अभिभावकों के अथक प्रयासों से स्कूल के बच्चों ने संकुल स्तरीय शारीरिक बौद्धिक एवं बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में प्रथम स्थान, विकास खंड और जिला स्तरीय विज्ञान और गणित कबाड़ से जुगाड़ मेला में प्रथम स्थान प्राप्त किया। स्कूल में बेहतर प्रिंट रीच, बागवानी के साथ ही भयमुक्त आकर्षक वातावरण तैयार किया गया है। शीतकालीन और ग्रीष्मकालीन अवकाश में बच्चों को प्रतियोगी परीक्षा नवोदय विद्यालय, प्रयास परीक्षा, एकलव्य और सैनिक स्कूल जैसे उच्च शैक्षणिक संस्थानों में प्रवेश हेतु नियमित कोचिंग का संचालन किया गया। संस्था के बच्चों का वार्षिक परीक्षा परिणाम ए ग्रेड, ए प्लस के साथ प्रथम श्रेणी रहा। इस दौरान बच्चों, अभिभावकों और ग्रामवासियों सहित 200 लोगों को न्योता भोज जिला शिक्षा अधिकारी कोंडागांव के सौजन्य से कराया गया। संकुल समन्वयक धरम देवांगन ने सभी अभिभावकों से बच्चों को नियमित स्कूल भेजने पालक बैठक में शत-प्रतिशत उपस्थिति देने आग्रह किया। संकुल प्राचार्य किरण नाग के द्वारा बच्चों की उपलब्धियों को सराहना करते हुए कहा कि, ऐसे ही सभी स्कूलों में अभिभावकों और बच्चों के साथ नियमित बैठक आयोजित हो जिससे शिक्षा का स्तर ऊंचा हो तभी हम शिक्षित राष्ट्र की परिकल्पना को साकार कर सकते हैं। जनपद सदस्य दिनेश कोर्राम ने संस्था के शिक्षकों की लगन से शालेय वातावरण के साथ ही बच्चों की शैक्षिक गुणवत्ता की तारीफ करते हुए कहा कि बच्चों की उपलब्धियों पर पूरे ग्राम वासियों और क्षेत्र को गर्व है। इस अवसर पर सरपंच पंचमी कौशिक, फौजी हरेंद्र नेताम, जनप्रतिनिधि संतोष नेताम, पीलू नेताम, बंशी सोढ़ी, रविन्द्र कौशिक, संतोष यादव, फूलबती नेताम, इंदू सोरी, रामदुलारी नेताम, संस्था के शिक्षक रुपेश कल्लो, शकुंतला यादव, प्रदीप नाग, रोशनी साहू महिला स्व सहायता समूह,स्कूली बच्चे सहित सैकड़ों ग्रामवासी उपस्थित रहें।

कोंडागांव में शिवसेना की हुई बैठक

पायनियर संवाददाता ➤ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

जिले में छ.ग. शिवसेना प्रमुख धनजय सिंह परिहार के आदेशानुसार कल जो बैठक हुई जिसमें पार्टी को बस्तर संभाग में गति देने हेतु एवम आगामी कार्यक्रम धरना प्रदर्शन सभी जिलों में किया जाना है, और पार्टी को शिखर तक पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयास किया जा रहा है इसी कड़ी में कोंडागांव के वर्तमान जिला अध्यक्ष राज गावड़े को सभी पदाधिकारियों के सहमति से बस्तर संभाग का प्रभार देते हुए कोंडागांव जिले में निरंतर कार्य करते आ रहे अभय गायकवाड़ को जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है बैठक में मुख्य रूप से सामिल थे प्रदेश के पदाधिकारी प्रदेश सचिव कृष्णा यादव, निर्मल यादव, राज गावड़े, अभय गायकवाड, दीपक बांधे, महेश बघेल, दीपक ठाकुर, दीपक बघेल, आसू बघेल, अरुण कुमार वैध, समोल रॉय, तेज, राजेश्वर आदि मुख्य रूप से जिले के पदाधिकारी कार्य कर्ता उपस्थित थे।

बच्चों को शिक्षा और संस्कार दोनों से करें परिपूर्ण : मंत्री वर्मा

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा बुधवार को जिला मुख्यालय बलौदाबाजार स्थित स्वामी आत्मानन्द अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट एमडीव्ही विद्यालय में आयोजित जिला स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। शाला प्रवेश उत्सव का शुभारम्भ अतिथियों के द्वारा माँ सरस्वती के छाया चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। मुख्य अतिथि के द्वारा मुख्यमंत्री के सन्देश का वाचन किया गया। इस अवसर पर नव प्रवेशित नन्हे- मुन्ने बच्चों का तिलक लगाकर एवं मुंह मीठा कराकर अभिनन्दन किया गया तथा गणवेश एवं पाठ्य पुस्तक वितरित की गई। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मंत्री वर्मा ने नव प्रवेशित बच्चों एवं नए शिक्षा सत्र की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि शिक्षा रुपी अस्त्र से कोई भी लड़ाई जीता जा सकता है। शिक्षा हासिल कर जीवन में आगे बढ़ने के लिए संघर्ष करना पड़ता है। बच्चों को शिक्षा व संस्कार देकर एक कर्तव्यनिष्ट व्यक्ति बनाना शिक्षकों की जिम्मेदारी है। शिक्षकों को अपनी इस जिम्मेदारी का बखूबी निर्वाहन करना होगा। उन्होने कहा कि बच्चे पढ़ाई के साथ-साथ खेल कूद, कला -संस्कृति में भी आगे बढ़े। स्कूल जाने में कोताही बिलकुल भी न बरतें। पालक भी बच्चों की पढ़ाई के महत्व को समझें और स्कूल नियमित रूप से भेजें। उन्होने कहा कि आज जो उत्साह यहां दिख रहा है वह उत्साह पूरे साल भर बनी रहे। इस अवसर पर मंत्री वर्मा ने वर्ष 2024 में कक्षा 12 वीं एवं 10 वीं के बोर्ड परीक्षा की प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त बलौदाबाजार विधान सभा के विद्यार्थियों को 10 -10 हजार रुपये देने की घोषणा की। कलेक्टर दीपक सोनी ने स्वागत उद्बोधन में कहा कि 26 जून से जिले के स्कूलों में नया शिक्षा सत्र प्रारम्भ हो गया है। जिले के स्कूलों में शाला प्रवेश उत्साह उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि देश में लागू नई शिक्षा नीति का पालन करते हुए बच्चों को शिक्षा उयलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने विभागीय अमलों एवं पलकों से सहयोग की अपील की। कार्यक्रम को नगर पालिका अध्यक्ष चित्तावर जायसवाल ने भी सम्बोधित किया।

इन बच्चों को किया गया सम्मानित

कार्यक्रम बके दौरान वर्ष 2024 में कक्षा 12 वीं एवं 10 वीं बोर्ड परीक्षा की प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इनमे कक्षा 12 वीं में कोपल अम्बष्ट, प्रीति यादव, डॉली पटेल एवं अदिति साहू तथा कक्षा 10 वीं में निधि साहू शामिल है।इस अवसर पर सरस्वती सायकल योजना अंतर्गत स्कूली छात्राओं को निःशुल्क सायकल वितरण किया गया तथा संस्कृतिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने वाले छात्रों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

स्कूल परिसर में किया गया वृक्षारोपण

इस दौरान राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा सहित उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियो ने स्कूल परिसर में वृक्षारोपण कर हरियाली बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर पूर्व संसदीय सचिव डॉ सनम जांगड़े,जिला पंचायत उपाध्यक्ष सरिता ठाकुर, जनपद अध्यक्ष सुमन वर्मा, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष लक्ष्मी वर्मा, विजय केशरवानी, नरेश केशरवानी सहित अन्य जनप्रतिनिधि, शिक्षक, पालक एवं बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे उपस्थित थे।

गौरव पथ निर्माण में अनियमितता समेत कई मुद्दों को लेकर आज आमरण अनशन पर बैठेगी विधायक चातुरी नंद

पायनियर संवाददाता ➤ सरायपाली
www.dailypioneer.com

सरायपाली नगर में निर्माणाधीन गौरव पथ निर्माण में की जा रही गुणवत्ताहीन कार्य, अधूरे निर्माण से हो रही राहगीरों और नगरवासियों को हो रही दिक्कतों, क्षेत्र में हो रही अघोषित बिजली कटौती समेत कई मांगों को लेकर क्षेत्रीय विधायक चातुरी नंद 28 जून को एक दिवसीय आमरण अनशन पर बैठेगी। इस संबंध में जानकारी देते हुए विधायक चातुरी नंद ने बताया कि निर्माणाधीन गौरव पथ में ठेकेदार द्वारा नगर पालिका के अधिकारियों के मिलीभगत से भारी अनियमितता बरती जा रही है, नाली नहीं ढकने से राहगीर और नगरवासी आए दिन दुर्घटना का शिकार हो रही है, इतना ही नहीं इस्टीमेट को धता बताते हुए डिवाइडर की ऊंचाई कम कर दी गई है। नगर के व्यापारी और आम जन की समस्याओं से सीएमओ, इंजीनियर और ठेकेदार को कोई फिक्र नहीं है। मैंने इसकी शिकायत कलेक्टर, नगरीय निकाय विभाग के सचिव विभागीय मंत्री समेत मुख्यमंत्री से भी की परंतु आज तक कोई जांच नहीं की गई मजबूरन मुझे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की राह पर चलते हुए आमरण अनशन पर बैठना पड़ रहा है। उन्होंने आगे कहा राज्य में जब से भाजपा की सरकार आई है तब से क्षेत्र में अघोषित बिजली कटौती की जा रही है। सरायपाली अंचल के कई गांवों में हफ्ते भर से अधिक समय से बिजली बंद है परंतु बिजली विभाग के अधिकारी कुंभकर्णी नींद में सोए हुए है। समस्या का निराकरण करना तो दूर अधिकारी आम जन का फोन उठाना भी जरूरी नहीं समझते। गांव तो गांव नगर में भी प्रतिदिन बिजली कटौती की जा रही है। विधायक नंद ने कहा कि इसी तरह पूर्व में हमारी कांग्रेस सरकार ने क्षेत्र की पेयजल संकट को दूर करने अमृत जल जीवन मिशन के तहत 126 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी है परंतु शासन प्रशासन की उदासीनता के चलते अब तक काम शुरू नहीं हो सका है जिससे इसका लाभ क्षेत्र की जनता को नहीं मिल पा रहा और सरायपाली नगर समेत पूरे अंचल में पेयजल संकट से आम जनता त्राहि माम होती रही लेकिन अधिकारी हाथ पर हाथ धरे बैठे रहे। विधायक चातुरी नंद ने कहा कि अधिकारियों को बार बार लिखित और मौखिक रूप से बोलने के बावजूद समस्याओं का समाधान नहीं होने से मैं अनशन करने पर मजबूर हूं। उन्होंने कहा कि जनहित के मुद्दों को लेकर मैं सड़क से लेकर सदन तक की लड़ाई लड़ते रहूंगी। उन्होंने आम जनता और क्षेत्र के सामाजिक, व्यापारिक और अन्य संगठनों से भी जनहित के इस मुद्दे पर समर्थन देने की अपील की है। बता दें कि विधायक चातुरी नंद जनहित के मुद्दों और आमजन की समस्याओं को लेकर विधानसभा में भी मुखर होकर आवाज उठाती है। विधायक बनने के बाद उनका यह पहला आमरण अनशन है जिसका आम जन भी समर्थन कर रहे है।

कलेक्टर से साहू समाज के प्रतिनिधियों ने की सौजन्य भेंट

कलेक्टर ने की जिले को अग्रणी बनाने मिलकर काम करने की अपील

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

जिले के साहु समाज के पदाधिकारियों ने बुधवार को कलेक्टर दीपक सोनी से सौजन्य मुलाक़ात की। उन्होंने जिले में समाज की गतिविधि एवं जिला प्रशासन के प्रति समाज के सहयोगात्मक दृष्टिकोण से अवगत कराया। कलेक्टर सोनी ने पदाधिकारियो से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि जिले को अग्रणी बनाने के लिए हम सब को मिलकर काम करना होगा। कलेक्टर सोनी ने कहा जिला आपकी जन्म एवं कर्मभूमि है आप को यहीं रह कर समाज के लिए काम करना है। जिले की बेहतरी के लिए आप सबकी सुझाव आमंत्रित है। यदि कोई समस्या हो या व्यवस्था दुरुस्त करना हो तो बताएं उसका निदान किया जाएगा।सभी का सर्वांगीण विकास ही हमारा लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि शासन के नियम के अनुसार जो भी सहायता किया जा सकता है लोगो की सहायता की जाएगी।उन्होंने कहा कि जिले में शांति एवं भाई चारा का वातावरण बनाने में सबका सहयोग जरुरी है। कहीं भी लोकशांति भंग होने की जानकारी मिलने पर प्रशासन को तत्काल सूचित करें। सूचना देने वाले की पूरी गोपनीयता रखी जाएगी। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष सुनील साहु, रेवा राम,देवेंद्र साहू, सुरेंद्र साहु, पारसमणी साहु सहित अन्य सामजिक जन उपस्थित थे।

पुलिस के साथ मारपीट साबित नहीं होने पर आरोपीगण बरी

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

यातायात पुलिस से उसके ड्यूटी के दौरान मारपीट करने के आरोप साबित नही होने से बलवा, मारपीट एवम शासकीय कार्य में बाधा डालने के तीनों आरोपी को न्यायालय ने बरी किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सात साल पहले 2017 में यातायात पुलिस द्वारा की जा रही वाहन चेकिंग के दौरान यशवंत सलूजा के दो पहिया वाहन को रोके जाने को लेकर हुऐ विवाद के कारण उसे थाना में लाकर उसके साथ पुलिस द्वारा मारपीट किए जाने से पुलिस हिरासत में उसकी मौत हो जाने के बाद बलौदा बाजार में पुलिस के खिलाफ भारी जन आक्रोश हुआ था। सिख समाज के द्वारा भी अरदास के पश्चात आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार करने हेतु प्रशासन को ज्ञापन देने निकली रैली में तहसील कार्यालय के सामने आशुतोष बंजारे, यातायात पुलिस, जो उस समय ड्यूटी में था, को मृतक जसवंत के साथ मारपीट करने वाले पुलिस के रूप में पहचाने जाने से सिख समाज के कुछ लोगों द्वारा उसे पकड़ कर थाना लेजाने के दौरान हुऐ पुनः विवाद के चलते पुलिस द्वारा दलजीत सलूजा, सुमीत चावला और निर्मल सलूजा के विरुद्ध बलवा, मारपीट और शासकीय कार्य में बाधा डालने सहित अनुसूचित जाति जनजाति अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में चालान पेश किया गया था। तब तीनों आरोपी गण द्वारा अपने बचाव हेतु वरिष्ठ अधिवक्ता सतीश चन्द्र श्रीवास्तव को अपना वकील नियुक्त किया गया था। उच्च न्यायालय द्वारा पूर्व में अनुसूचित जाति जनजाति अधिनियम का अपराध होना नहीं पाने से उक्त धारा के आरोप को निरस्त कर दिया था। शेष आरोपों से भी विचारण न्यायालय मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी द्वारा दोनों पक्षों का दलील सुनने के बाद आरोपी गण के विरुद्ध अभियोजन द्वारा उक्त अपराध प्रमाणित करने में असफल होने से तीनों आरोपी को बरी कर दिया गया है।

25 जून को भाजपा ने काला दिवस के रूप में मनाया

पायनियर संवाददाता ➤ लवन
www.dailypioneer.com

मंगलवार 25 जून 1975 की आपात कॉल को याद करते हुए पूज्य सिंधी पंचायत भवन, तिल्दा में भारतीय जनता पार्टी के तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम ÷लोकतंत्र का काला दिवस÷ के रूप में मनाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में टंक राम वर्मा बलौदाबाजार विधायक व राजश्व मंत्री छत्तीसगढ़ शासन शामिल हुए।इस अवसर पर मंत्री वर्मा ने आपातकाल के दौरान बंदी बनाये गए राष्ट्रभक्त मीसा बंदी मालूराम शर्मा एवं शत्रुघ्न वर्मा को सम्मानित किया। कार्यक्रम में धरसींवा विधायक अनुज शर्मा एवं अन्य जन प्रतिनिधिगणों सहित बड़ी संख्या में जन सामान्य की उपस्थिति रही।

छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ की नियमित मासिक बैठक 30 जून को आहुत की गई

पायनियर संवाददाता ➤ तिल्दा-नेवरा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ तहसील शाखा तिल्दा के समस्त सेवानिवृत्त साथियों की नियमित मासिक बैठक प्रत्येक माह की अंतिम दिवस को सम्पन्न होती है । इसी परिपेक्ष्य में इस माह की नियमित मासिक बैठक 30 जून रविवार को दोपहर 1:00 बजे कर्मचारी भवन तिल्दा में आयोजित की गई है। पिछले माह की नियमित मासिक बैठक अत्यधिक गर्मी के कारण स्थगित कर दी गई थी, अतः इस बैठक में पिछले और इस माह जिनका जन्मदिन पड़ रहा है । उनका इस माह एक साथ जन्मदिन मनाया जाएगा। ज्ञातव्य है कि छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ तहसील शाखा तिल्दा सेवानिवृत्त साथियों का जन्मदिन समारोह का आयोजन हर माह करता है। छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ तहसील शाखा तिल्दा के अध्यक्ष रामावतार पांडेय, सचिव सेवादास वैष्णव, कोषाध्यक्ष जवाहरलाल सिरमौर, महामंत्री अभिमन्यु वर्मा ने समस्त साथियों से अपील की है कि वे इस बैठक में शामिल होकर इस नियमित मासिक बैठक को सफल बनावें। छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ तहसील शाखा तिल्दा के अध्यक्ष अभिमन्यु वर्मा जो अब सेवानिवृत्त हो चुकें हैं वे इसी बैठक में अपने पदभार छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ तहसील शाखा तिल्दा के सचिव भागीरथी पांसे को सौपेंगे। चुनाव होते तक भागीरथी पांसे छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ तहसील शाखा तिल्दा के अध्यक्ष रहेंगे।

सर, प्यून कब आएगा...? 22 स्कूलों का सवाल अधिकारियों से

पायनियर संवाददाता ➤ भाटापारा
www.dailypioneer.com

सर, प्यून कब आएगा ? खंड क्षेत्र की 22 स्कूलों का यह सवाल अधिकारियों को परेशान कर रहा है। दरअसल 74 स्वीकृत पद की तुलना में महज 17 प्यून, स्कूलों में है। शेष 57 पद रिक्त हैं। हद ही है कि टीचर ही नहीं, प्यून का भी इंतजार कर रहीं हैं हाई और हायर सेकेंडरी स्कूलें। ऐसे में शैक्षणिक गतिविधियों के संचालन के पूर्व की तैयारी, कई तरह की परेशानियों के साथ स्कूलों में प्रवेश कर चुकी है। क्या हल है? जैसे सवालों के साथ प्यून के लिए डिमांड भेजे जा रहे हैं।



भृत्य विहीन स्कूलें

शासकीय हाई स्कूल अकलतरा में स्वीकृत सभी तीन पद रिक्त हैं। शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल खपरी एस और ग्राम पासीद के लिए क्रमशः एक-एक पद स्वीकृत है लेकिन दोनों जगह प्रतीक्षा है प्यून की। ग्राम कोदवा, मोपर, मोपका में भृत्य के चार-चार पद स्वीकृत हैं लेकिन तीनों स्कूल भृत्य विहीन है। कोसमंदा की हायर सेकेंडरी स्कूल के लिए भृत्य के पांच पद मंजूर है लेकिन यहां भी भृत्य नहीं हैं। शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल सिंगारपुर भी रिक्त 3 पदों पर जल्द तैनाती की राह देख रहा है। शहर की पंचम दीवान हायर सेकेंडरी स्कूल और रामसागर पारा हायर सेकेंडरी स्कूल क्रमशः 4 और 3 रिक्त पदों के साथ भृत्य विहीन स्कूलों की सूची में शामिल है।

चाहिए 74, हैं 17

खंड शिक्षा क्षेत्र की 22 हाई एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों में दैनिक कामकाज के लिए भृत्य के 74 पदों की स्वीकृति दी गई है। अव्यवस्था यह है कि महज 17 भृत्य ही नियमित सेवा दे रहे हैं। शेष 57 पद रिक्त हैं। कब होगी व्यवस्था ? सवाल के जवाब फिलहाल तो नहीं मिल रहे हैं।

अपने स्तर पर यह व्यवस्था

स्कूल प्रवेश उत्सव के साथ नई शिक्षा सत्र की शुरुआत तो हो चुकी है लेकिन भृत्य के नहीं होने से स्कूल प्रबंधन, सफाई कर्मियों की मदद से साफ-सफाई और कार्यालयीन काम करवा रहे हैं। हालांकि काम के एवज में राशि देनी पड़ रही है लेकिन आवश्यक है यह काम इसलिए मंजूर है मेहनताना का दिया जाना ।

स्कूलों में प्यून की दिक्कत को ध्यान में रखते हुए जिला मुख्यालय को जानकारी भेजी गई है। अस्थाई तौर पर शाला विकास निधि की राशि का उपयोग, स्कूलें कर सकती हैं।
रामजी पाल, बीईओ, भाटापारा

निर्वाचन ड्यूटी के दौरान हुई थी मृत्यु, कलेक्टर ने शिक्षक परिवार को सौंपी 15 लाख रूपये की अनुग्रह राशि

पायनियर संवाददाता ➤ लवन
www.dailypioneer.com

विधानसभा निर्वाचन-2023 के दौरान विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-44- कसडोल के अंतर्गत मतदान दल क्रमांक 252, मतदान केन्द्र क्रमांक 298, सुन्दरी में निर्वाचन कर्तव्य के दौरान शासकीय प्राथमिक शाला रामभाठा पुटपुरा में पदस्थ पद्मभूषण पैकरा शिक्षक ई(एल.बी) मतदान अधिकारी-02 का मृत्यु हों गई थी। मृतक की धर्मपत्नी अम्बेश्वरी पैकरा को आज 15 लाख रूपये की अनुग्रह सहायता राशि कलेक्टर दीपक सोनी ने सौंपी है। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी आर आर दुबे सहित परिवार के अन्य सदस्य गण उपस्थित रहे।

दुर्ग हटिया द्वि-साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन को नियमित ट्रेन के रूप में चलाने की मांग

पायनियर संवाददाता ➤ भाटापारा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ अंचल के रेल यात्रियों को झारखंड से सीधे जोड़ने लंबे समय से स्पेशल ट्रेन के रूप में सप्ताह में 2 दिन चलने वाली दुर्ग हटिया स्पेशल ट्रेन को आगामी रेलवे की नवीन समय सारणी से नियमित ट्रेन के रूप में चलाने की मांग एक बार पुनः रेल यात्रियों ने की है। विदित हो कि रेल यात्रियो की सुविधाओ को ध्यान में रखते हुये रेल प्रशासन के द्वारा दुर्ग -हटिया-दुर्ग के मध्य लंबे समय से स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जा रहा है।इस स्पेशल ट्रेन से छत्तीसगढ़ के रेल यात्रियों को बहुत फायदा हो रहा है,चुकी स्पेशल ट्रेन होने से इस ट्रेन का किराया अन्य ट्रेनों को तुलना में कुछ ज्यादा होता है,इस कारण इस ट्रेन से बिहार झारखंड जाने वाले यात्रियों सहित व्यापार के सिलसिले में रांची जाने वाले व्यापारियों ने ट्रेन नंबर 08185 / 08186 हटिया-दुर्ग-हटिया द्वि-साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन को नियमित ट्रेन के रूप में चलाने की पुरजोर मांग की है ताकि नियमित होने के बाद रेल भाड़ा भी अन्य ट्रेनों के बराबर हो जाएगा।यात्रियों का कहना है कि इस ट्रेन की समय सारणी अच्छी है,और इस ट्रेन में हमेशा यात्रियों की अच्छी संख्या रहती है,इस ट्रेन के नियमित होने से यह ट्रेन आल इंडिया रेलवे टाइम टेबल में भी आ जाएगी,जिससे रेल्वे को अतिरिक्त यात्री और आमदनी भी ज्यादा होगी। वही रेलवे ने यात्रियों की मांग को देखते हुए इस स्पेशल दुर्ग हटिया ट्रेन का परिचालन को आगे बढ़ाते हुए 27 दिसम्बर, 2024 तक कर दिया है । जिससे यात्रियों में खुशी है।

शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम मे शामिल हुए : केके देवांगन

पायनियर संवाददाता ➤ भाटापारा
www.dailypioneer.com

भाटापारा अंतर्गत ग्राम पंचायत टीकूलिया के शाशकीय स्कूल मे प्राथमिक शाला, पूर्व माध्यमिक शाला एवं हाइ स्कूल द्वारा शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम रखा गया था जिसमे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इंजीनियर के के देवांगन प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ओबीसी मोर्चा भाजपा छत्तीसगढ़ एवं जिला पंचायत सभापति शामिल हुए, देवांगन ने सभी को इस अवसर पर बधाई देते हुए वहा उपस्थित सभी छात्रों को स्कूल आने और विद्यार्थियों का काम अध्ययन व शिक्षा को बताया,स्कूल के छात्रों को पुस्तक एवं गणवेश वितरण किया गया साथ ही न्योता भोज के कार्यक्रम मे बच्चों के साथ बैठकर देवांगन ने भोजन किया, देवांगन ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी का आभार व्यक्त करते हुए कहा की शाला प्रवेश उत्सव और स्कूल मे न्योता भोज का आयोजन सरकार की अच्छी पहल है, अच्छे आयोजन के लिए स्कूल के सभी शिक्षक और समिति के सभी सदस्यो को देवांगन ने बधाई शुभकामनाये दी, इस अवसर पर गांव के सरपंच चित्ररेखा संतोष साहू, उप सरपंच देवप्रसाद वर्मा, ए बी ओ नेताम जी वी आर सी साहू जी स्कूल के प्राचार्य वर्मा मैडम, राघवेंद्र ध्रुव, राकेश साहू सहित स्कूल के सभी शिक्षकगण उपस्थित रहे।

रेल लाइन के आस पास गावों में चलाया जा रहा है जागरुकता अभियान

मवेशियों को रेल लाइन के पास नही छोड़ने

पायनियर संवाददाता ➤ तिल्दा-नेवरा
www.dailypioneer.com

तिल्दा नेवरा रेल्वे सुरक्षा बल चौकी तिल्दा के प्रभारी डी के शास्त्री के मार्गदर्शन में सहायक उप निरीक्षक बीरबल सिंह चौकी तिल्दा नेवरा के क्षेत्राधिकार में प्रधान आरक्षक आर आर आहेर के साथ लेवल क्रॉसिंग गेट क्रमांक 398 किलोमीटर संख्या 791/10 के पास बसे तिल्दा बस्ती जाकर जन प्रतिनिधियो से कैटल रन ओवर के संबंध में समन्वय किया एवम उक्त ग्राम के आम जनो को उक्त किलोमीटर के पास एकत्रित कर उन्हें कैटल रन ओवर होने के सम्बंध की घटनाओ में जागरूक किया एवम अपने मवेशिवों को रेल लाइन के पास नहीं छोड़ने तथा घर पर रखने हेतु समझाइए दिया साथ ही केटल रन ओवर घटना से ही रहे नुकसान में ट्रेन के एक्सीडेंट होने और रेल यातायात प्रभावित होने से रेल राजस्व के नुकसान के बारे में बताया गया द्य इस प्रकार की घटनाओं मे सम्मिलित मवेशी मालिक के विरूद्ध रेल अधिनियम के तहत कार्यवाही करने की चेतावनी भी दी गई द्य आर पी एफ तिल्दा द्वारा लगातार इस बाबत जन जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है द्य इसी क्रम में रेल लाईन के किनारे बसे सभी गांव के सरपंचों से पत्राचार किया जा रहा है।

स्वास्थ्य विभाग के द्वारा कुष्ठ रोग, लकवा,सिकल सेल तथा आयुष्मान कार्ड हेतु घर घर विजिट

पायनियर संवाददाता ➤ सरायपाली
www.dailypioneer.com

अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सरायपाली ओंकारेश्वर सिंह की निर्देशन व खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर विजय आनंद कोसरिया, खंड विस्तार प्रशिक्षण अधिकारी टी आर धृतलहरे व विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक शीतल सिंह के संयुक्त मार्गदर्शन में विकासखंड सरायपाली के ग्राम बैदपाली में जिसकी आबादी 1201 है में कुष्ठ रोग, लकवा मरीज का सर्वे, सिकल सेल जांच तथा आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु घर-घर विजिट का कार्य स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों के द्वारा किया गया इस सर्वे में 943 व्यक्तियों से संपर्क किया गया जिसमें से कुष्ठ रोग के 4 शंकास्पद मरीज, लकवा के 5 मरीज मिले तथा 15 लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाया गया साथ ही 121 लोगों का सिकल सेल जांच किया गया जिसमें 10 केस पॉजिटिव मिले इस टीम के डॉक्टर वर्षा सतपथी, महेश कुमार श्रीवास, कादिर मोहम्मद , डोलचन्द पटेल, योगेश प्रजापति, जगन्नाथ बारीक व बालसी सेक्टर के समस्त आरएचओ ने सर्वे कार्य में सहयोग किया।

अधीक्षण अभियंता हरिओम शर्मा ने ग्रामीण यांत्रिकी विभाग के कार्यों की समीक्षा की

पायनियर संवाददाता ➤ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

ग्रामीण यांत्रिकी सेवा रायपुर मंडल के अधीक्षण अभियंता हरिओम शर्मा ने आज ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग के कार्यालय में गरियाबंद अंतर्गत मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना एवं अन्य योजनाओं में चल रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक ली। इस दौरान उन्होंने विगत 04-05 माह से अपूर्ण एवं बंद कार्यों का तत्काल निविदा निरस्त कर पुनः निविदा की कार्यवाही करने एवं प्रगतिरत कार्यों को समय-सीमा के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग के कार्यपालन अभियंता बी.एस पैकरा एवं उपसभाग के सहायक अभियंता व उपअभियंता उपस्थित थे।

विधायक एवं कलेक्टर ने नव प्रवेशित बच्चों का पुष्पमाला और उपहार भेंटकर किया स्वागत

स्वामी आत्मानंद स्कूल सरगांव में धूमधाम से मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव

पायनियर संवाददाता ⮜ मुंगेली
www.dailypioneer.com

शिक्षा सत्र 2024-25 अंतर्गत स्कूल शुरू हो गया। इस दौरान जिले के स्कूलों में धूमधाम से शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। नगर पंचायत सरगांव में संचालित स्वामी आत्मानंद स्कूल में आयोजित शाला प्रवेशोत्सव में बिल्हा विधानसभा क्षेत्र के विधायक धरमलाल कौशिक, कलेक्टर, जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय और जिला पंचायत सदस्य अम्बालिका साहू सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने नवप्रवेशित बच्चों को तिलक लगाकर और चाकलेट प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों द्वारा मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर अतिथियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक कौशिक ने कहा कि शाला प्रवेशोत्सव का मुख्य उद्देश्य सभी बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि एक भी बच्चा शिक्षा से वंचित न हो। यह हम सबका दायित्व होना चाहिए। उन्होंने अपने स्कूली जीवन के समय की कठिनाईयों का जिक्र करते हुए बताया कि पहले स्कूल काफी दूर में होते थे, सुविधाओं का अभाव था। आज के समय में स्कूल नजदीक होने के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशानुरूप शासन द्वारा स्कूलों में विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। बच्चों को स्कूलों में निःशुल्क गणवेश, पाठ्य पुस्तक, सायकल आदि सुविधाएं मिल रही हैं। उन्होंने बच्चों को इसका लाभ उठाते हुए उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। कलेक्टर ने कहा कि बेहतर नागरिक बनने के लिए अच्छी शिक्षा जरूरी है। मेहनत और लगन से अपने लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। सभी बच्चे मन लगाकर पढ़ाई करें। पाठ्यक्रम को समझकर पढें। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ खेलकूद भी जरूरी है, लेकिन सबका समय होता है, पढ़ाई के समय पढ़ाई करें और खेल के समय खेलें। कलेक्टर ने शिक्षकों को बेहतर शिक्षा प्रदान करने के निर्देश दिए। जिला पंचायत सदस्य साहू ने भी शिक्षा को भविष्य के लिए आवश्यक बताया और सभी बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करने की बात कही। शाला प्रवेश उत्सव के दौरान स्कूली बच्चों को निःशुल्क गणवेश व पाठ्य पुस्तक का वितरण किया गया। इसके साथ ही कक्षा 10 एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के समापन में सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एसडीएम पथरिया भरोसाराम ठाकुर, जिला शिक्षा अधिकारी सी. के. घृतलहरे, नगर पंचायत सरगांव अध्यक्ष परमानंद साहू सहित स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य नागरिक, स्कूल के प्राचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाएं, पालकगण और विद्यार्थीगण मौजूद रहे।

न्यौता भोज कार्यक्रम का किया गया आयोजन-शाला प्रवेशोत्सव के बाद स्वामी आत्मानंद स्कूल सरगांव में न्यौता भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान कलेक्टर, जिला पंचायत सीईओ, जिला पंचायत सदस्य साहू ने न्योता भोज कार्यक्रम में बच्चों के साथ बैठकर भोजन किया। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना में समुदाय की भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए न्योता भोजन की अवधारणा रखी गई। इस योजना के अंतर्गत जन्मदिन, वैवाहिक वर्षगांठ, राष्ट्रीय पर्व, त्यौहार आदि के अवसर पर स्कूली बच्चों के साथ भोजन किया जा सकता है। न्योता भोज के माध्यम से बच्चों को पौष्टिक एवं स्वादिष्ट भोजन प्रदान किया जाता है।

कलेक्टर ने उप स्वास्थ्य केन्द्र लौदा का किया निरीक्षण, कराया अपना बीपी जांच

पायनियर संवाददाता ⮜ मुंगेली
www.dailypioneer.com

कलेक्टर ने विकासखण्ड पथरिया के ग्राम लौदा में संचालित उप स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण कर वहां मरीजों के लिए उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने वहां साफ -सफाई, पेयजल, दवाईयां, संस्थागत प्रसव, नियमित टीकाकरण, क्षय रोग, हाइपरटेंशन, शुगर, सिकलसेल जांच, आयुष्मान कार्ड वितरण आदि की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने अपना ब्लड प्रेशर जांच कराया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पथरिया भरोसा राम ठाकुर, तहसीलदार पथरिया छाया अग्रवाल सहित संबंधित अधिकारी और चिकित्सकगण मौजूद रहे।

सिकलसेल जांच शिविर का किया निरीक्षण, ग्रामीणों को जांच कराने किया प्रेरित- कलेक्टर ने विकासखण्ड पथरिया के ग्राम लौदा के ग्राम पंचायत भवन में आयोजित सिकल सेल जांच शिविर का निरीक्षण किया। उन्होंने सिकलसेल रोग की पहचान, निदान एवं रोकथाम के संबंध में जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान वहां उपस्थित चिकित्सक द्वारा जांच की संख्या, सिकलसेल वाहक, मरीजों की काउंसलिंग तथा टेस्ट में पाजीटिव आए मरीजों का पीयूसी किट द्वारा कम्फर्मेशन के संबंध में जानकारी दी गई। कलेक्टर ने ग्रामीणजनों से बातचीत की और सभी लोगों को सिकलसेल जांच कराने प्रेरित किया। बीएमओ पथरिया डॉ. ए. आर. बंजारे ने बताया कि सिकलसेल का मुख्य लक्षण भूख न लगना, हल्का एवं दीर्घकालीन बुखार रहना, थकावट, त्वचा एवं आंखों में पीलापन, चिड़चिड़ापन और व्यवहार में बदलाव, सांस लेने में तकलीफ़ हड्डियों और पसलियों में दर्द आदि है। यह एक आनुवांशिक रोग है। उक्त लक्षण दिखने पर अथवा विवाह पूर्व नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में जाकर सिकलसेल की जांच अवश्य कराएं।

बकायादारों ने नोटिस के बाद भी टैक्स जमा नहीं किया, तो अब होगी तालाबंदी की कार्रवाई

- **निगम की टीम ने संपत्ति की जांच कर लोगों को टैक्स जमा करने को कहा,राजस्व अमला द्वारा 21 लाख की वसूली की**

पायनियर संवाददाता ⮜ दुर्ग
www.dailypioneer.com

निगम सीमा अंतर्गत आज कर्मवीर राजस्व विभाग का अमला निरन्तर बकायादारों के घर पहुंचकर संपत्ति कर की जांच के साथ राजस्व वसूली कर रहा है। इसके तहत बड़े बकायादारों से लगातार संपर्क अभियान चलाया जा रहा है।आयुक्त लोकेश चन्द्राकर के निर्देश पर बुधवार को सालों से टैक्स का भुगतान नहीं करने वाले करदाताओं द्वारा बड़े बकायादारों से संपर्क कर बकाया टैक्स की राशि का भुगतान करने कहा जा रहा है उन्हें अतिशीघ्र संपत्तिकर जमा करने जोर दिया जा रहा है।आज राजस्व विभाग अमला द्वारा 21 लाख से अधिक की संपत्ति कर वसूली की गई।

निगम प्रशासन द्वारा बकाया कर वसूली के लिए निगम के राजस्व अधिकारी दुर्गेश गुप्ता एवं सहायक राजस्व अधिकारी भूपेंद्र शुभम गोइर ने बताया कि वार्डों में अमृत मिशन योजना के अंतर्गत घरों में लगाए गए नल कनेक्शन के संबंध में जानकारी लेते हुए योजना के तहत कितने घरों में नल कनेक्शन दिया गया है और कितने लोग जलकर पटा रहे हैं इसकी भी जांच कर रिपोर्ट देने की बात कही।

उन्होंने बताया कि बकायादारों ने नोटिस के बाद भी टैक्स जमा नहीं किया,तो अब होगी तालाबंदी की कार्रवाई।टैक्स वसूली के जांच के दौरान राजस्व अमला भूपेंद्र शुभम गोइर के संग योगेश सूरे सहित राजस्व विभाग टीम मौजूद रहें।

स्कूलों में नए सत्र का शुभारंभ, शिक्षकों ने बच्चों के माथे पर तिलक लगाकर कराया प्रवेश

पायनियर संवाददाता ⮜ रायगढ़
www.dailypioneer.com

ग्रीष्मकालीन अवकाश की समाप्ति के बाद शासन के निर्देशानुसार 26 जून से नए शिक्षण सत्र के शुभारंभ के साथ ही जिले के सभी स्कूलों के दरवाजे स्कूली बच्चों के लिए पुनरू खोल दिए गए हैं। जहां आज सुबह स्कूली बच्चों ने स्कूलों का रूख किया। वहीं प्रथम दिन होने पर प्रवेशोत्सव की तैयारी में बैठे स्कूल के शिक्षक और शिक्षिकाओं ने बच्चों के माथे पर तिलक-चंदन लगाकर उनका स्वागत किया। साथ ही नए कक्षाओं की पाठय-पुस्तिकाओं का वितरण करते हुए नए कक्ष से रूबरू कराया। इस दौरान बच्चों के चेहरे पर खुशियां खिली रही। बच्चों की चहलकदमी से स्कूल भी गुलजार होने लगा। शिक्षकों ने बच्चों से मेहनत के साथ आगे अपनी बेहतर पढ़ाई करने की अपील की। नए कक्ष और नए सत्र की जिम्मेदारियों के बीच बच्चों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। अब नए सत्र में स्कूल प्रबंधक अपनी कार्ययोजनाओं के तहत अकादमिक पाठन-पाठन कार्य का संचालन करेंगे। जिले के जिले के विकासखंड पुसौर, रायगढ़, खरसिया, तमनार, घरघोड़ा, लैलूंगा एवं धरमजयगढ़ के सभी स्कूलों में शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। जहां शिक्षकों ने बच्चों का स्वागत कर, गणवेश पुस्तक प्रदान कर पढ़ाई का शुभारंभ किया। लंबे अवकाश के बाद बच्चों में स्कूल आने एवं पढ़ाई को लेकर उत्साह दिखाई दिया। इस अवसर पर स्कूलों में नेवता भोज का भी आयोजन किया गया।

स्कूली बच्चों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण-शाला प्रवेशोत्सव के दौरान स्वास्थ्य विभाग के चिरायु टीम द्वारा जिले के विभिन्न स्कूलों में नव प्रवेशित सभी बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवा वितरित किया गया। विभाग द्वारा जिले के रायगढ़, खरसिया, तमनार, घरघोड़ा, लैलूंगा एवं धरमजयगढ़ विकास खंड के 12 स्कूलों में लगभग 237 का स्वास्थ्य परीक्षण किया। साथ ही मौके पर बच्चों का आयुष्मान कार्ड भी बनाया गया।

अवैध शराब निर्माण और भंडारण पर आबकारी विभाग की कार्यवाही

पायनियर संवाददाता ⮜ रायगढ़
www.dailypioneer.com

कलेक्टर जन चौपाल में ग्राम छोटे पंडरमुड़ा एवं अचानकपुर से अवैध शराब निर्माण, भंडारण एवं विक्रय की शिकायत मिलने पर त्वरित कार्यवाही करते हुए वृत्त-खरसिया प्रभारी आबकारी उपनिरीक्षक मनोज राठौर के नेतृत्व में छोटे पंडरमुड़ा एवं अचानकपुर में छापेमारी की गई जिसमे अचानकपुर में नाला किनारे हाथ भट्ठी से अवैध आसवित 68 बल्क लीटर महुआ शराब कीमत लगभग 13600, प्लास्टिक डिब्बे एवं बोरियो के भीतर शराब बनाने योग्य तैयार 960 कि.ग्रा महुआ कीमत लगभग 48000 एवं शराब बनाने के बर्तन आदि लावारिस हालत में बरामद होने से अज्ञात आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34 (2) के तहत अपराध दर्ज कर मामला विवेचना में लिया गया। साथ ही ग्राम छोटे पंढर मुड़ा निवासी मालती पति त्रिभुवन राठिया के द्वारा अवैध रूप से महुआ शराब बिक्री करते पाए जाने तथा कुल 4.2 बल्क लीटर महुआ शराब कीमत लगभग 840 का बिक्री करने के उद्देश्य से धारण करने पर 34 (1) ख के तहत मामला दर्ज किया गया। उक्त कार्यवाही में मुख्य आरक्षक मनोज तिवारी आरक्षक रमन नेमी, स्टाफ तेजराम का विशेष योगदान रहा।

नगरपालिका मुंगेली मवेशी बाजार में किये गबन में मुंगेली पुलिस ने कार्यवाही कर आरोपी को किया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ⮜ मुंगेली
www.dailypioneer.com

नगरपालिका मुंगेली मवेशी बाजार में किये गबन (भ्रष्टाचार) में मुंगेली पुलिस द्वारा कार्यवाही कर आरोपी को गिरफ्तार किया । मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार हैं कि प्रार्थी अनिल कुमार तंबोली पिता किशोर तंबोली उम्र 45 वर्ष निवासी सरदार पटेल वार्ड मुंगेली द्वारा 20.12.2020 को लिखित आवेदन पेश कर रिपोर्ट दर्ज कराया कि घटना 13.03.2023 से 10.08.2023 तक नगर पालिका परिषद मुंगेली के अधिकारियों, कर्मचारियों व अन्य द्वारा मुंगेली सप्ताहिक मवेशी बाजार में होने वाले आय का गबन किया गया है । प्रार्थी की रिपोर्ट पर अप. पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मामले में विवेचना के दौरान प्रार्थी गवाहों का कथन लिया गया, घटना स्थल का मौका नक्शा तैयार किया गया, मवेशी बाजार मुंगेली में मवेशी खरीदी बिकी करने वाले गवाहों से पूछताछ कर कथन लिया गया तथा उनके पेश करने पर विभिन्न तिथियों में मवेशी खरीदी बिकी हेतु नगर पालिका परिषद मुंगेली द्वारा जारी पशु पंजीयन फीस वसूली का मूल रसीद जप्त किया गया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद मुंगेली से मवेशी बाजार में फीस वसूली करने वाले अधिकारी / कर्मचारियों की जानकारी प्राप्त किया गया, नगर पालिका परिषद मुंगेली के कैशियर से पूछताछ कथन लिया गया तथा उनके पेश करने पर 02 नग

कलेक्टर ने सेवा सहकारी समिति लौदा का निरीक्षण किया किसानों से फोन पर बातचीत कर खाद-बीज वितरण की ली जानकारी

पायनियर संवाददाता ⮜ मुंगेली
www.dailypioneer.com

कलेक्टर ने विकासखंड पथरिया के ग्राम लौदा में सेवा सहकारी समिति का निरीक्षण किया। उन्होंने वहां खाद-बीज की उपलब्धता, भंडारण एवं वितरण का भौतिक सत्यापन किया। उन्होंने समिति में किसानों की संख्या एवं खाद की दर के बारे में पूछा और संधारित पंजी का बारीकी से अवलोकन किया। इसके साथ ही मौके पर बैजना के किसान योगेश साहू और खैरझिटी के किसान सोमसिंह से फोन पर बातचीत कर खाद यूरिया, डीएपी, पोटाश, सुपर फॉस्फेट, केसीसी ऋण मिलने की जानकारी ली और कम्प्यूटर से मिलान किया। उन्होंने किसानों से खाद-बीज प्राप्त करने में किसी भी प्रकार की समस्या होने पर जिला प्रशासन द्वारा जारी हेल्पलाइन नम्बर 9406275534 पर बताने कहा। कलेक्टर ने कहा कि समितियों में खाद-बीज भंडारण और वितरण कार्य में लापरवाही बरतने तथा अमानक खाद एवं बीज वितरण की शिकायत पर सख्त कार्यवाही की जायेगी।

किसानों को समिति में असुविधा नहीं होनी चाहिए। समय पर उन्हें मांग अनुरूप खाद-बीज उपलब्ध कराएं। बता दें कि कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले के सभी समितियों में पर्याप्त मात्रा में खाद एवं बीज का भंडारण किया गया है और किसानों के मांग अनुरूप उपलब्ध कराया जा रहा है। जिला स्तर पर गठित टीम के द्वारा लगातार इसकी मानिटरिंग भी की जा रही है। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय, एसडीएम पथरिया भरोसा राम ठाकुर, सीसीबी नोडल

महाराज चौक में आयुक्त के निर्देश पर दुकान के बाहर निकले अवैध बोर्ड पर की गई कार्यवाही

पायनियर संवाददाता ⮜ दुर्ग
www.dailypioneer.com

आयुक्त लोकेश चन्द्राकर के निर्देश पर शहर की सुंदरता और साफ - सफाई को लेकर सहायक राजस्व अधिकारी भूपेंद्र शुभम गोइर कर्मशाला अधीक्षक शौएब अहमद के संग। महाराज चौक से पोटिया जाने वाली मार्ग के दुकान के बाहर निकले अवैध बोर्ड पर की गई कार्यवाही की गई।

उन्होंने महाराज चौक क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने आज शाम बुधवार को ताबड़तोड़ कार्रवाई की।शाम को अतिक्रमण हटाने अभियान चलाया जा रहा है। अवैध कब्जा हटाने निगम अमला के साथ दिनभर चलाया गया। कार्रवाही के दौरान दुकान के बाहर नालियों के ऊपर बनाये गए स्लैब, दुकान के बाहर लाइटिंग साइन बोर्ड सहित अन्य कब्जा सख्ती से हटवाया गया,कार्रवाही के मौके पर उन्होंने टीम के साथ दुकानदारों से अपील जारी की, जिसमे कहा गया कि जहाँ कही भी अतिक्रमण किया गया है,वे सभी अपना कब्जा हटा लें।अन्यथा नगर निगम प्रशासन कार्रवाही करेगी। निगम प्रशासन की कार्रवाही के बीच दखल अंदाजी करने वाले संबंधित के खिलाफ कार्रवाही की जाएगी, कार्रवाही सड़क के दोनों तरफड्रेन टू ड्रेन दुकान के बाहर अवैध कब्जा हटवाया गया। आयुक्त ने कहा कि बेहतर होगी व्यवस्था पब्लिक हित में ही सारे काम हो रहे हैं।

कलेक्टर ने कक्षा पहली और कक्षा छठवीं में प्रवेश करने वाले बच्चों को पुष्पाहार और उपहार भेंटकर स्वागत किया

पायनियर संवाददाता ⮜ मुंगेली
www.dailypioneer.com

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करही में विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। कलेक्टर ने कक्षा पहली और कक्षा छठवीं में प्रवेश करने वाले बच्चों को पुष्पाहार और उपहार भेंटकर स्वागत किया। उन्होंने कक्षा पहली से दसवीं तक के बच्चों को किताब वितरण और पहली से आठवीं तक के बच्चों को गणवेश वितरण किया। इसके साथ ही कार्यक्रम में 10वीं और 12 वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को सम्मानित किया गया। कलेक्टर ने विद्यालय से ड्रापआउट बच्चों को पुनः शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए शिक्षा रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ संकुल अंतर्गत विभिन्न गांवों में जाकर पालकों को अपने ड्रापआउट बच्चों को शाला में प्रवेश कराने के लिए जागरूक करेगी। कार्यक्रम में कलेक्टर ने नवीन शैक्षणिक सत्र में प्रवेश के लिए सभी बच्चों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि पढ़ाई करने के लिए अब सभी विद्यार्थी कमर कस कर तैयार हो जाएं। बिना दबाव व तनाव के मन लगाकर अच्छे से पढ़ाई करें, कोई टापिक समझ नहीं आता है, तो अपने शिक्षक से बेझिझक पूछें। सभी बच्चे एक दूसरे की मदद करते हुए आगे बढ़ें। कलेक्टर ने बच्चों को पढ़ाई के साथ खेलकूद के लिए भी प्रोत्साहित किया। साथ ही कहा कि हम सबको अपने अंदर के बचपना को जिंदा रखना है।

इससे जीवन में कभी निराशा नहीं आएगी और चेहरे में मुस्कान बनी रहेगी। उन्होंने शिक्षकों को भी बेहतर शिक्षा देने के निर्देश दिए। जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय ने कहा कि नया शिक्षा सत्र चालू हो गया है। पूरे साल भर नए उत्साह, उमंग और लगन के साथ पढ़ाई कर आपको आगे बढ़ना है। उन्होंने कहा कि सभी बच्चे अपने उद्देश्य में सफल हों, श्रेष्ठ प्रदर्शन करें और सभी क्षेत्रों में अव्वल आएं।

मिडिल तथा हाई स्कूल का संयुक्त शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम मनाया गया

मुंगेली। शासकीय हाई स्कूल सुरेठा भवन में प्राथमिक मिडिल तथा हाई स्कूल का संयुक्त शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम मनाया गया जिसमें देवेंद्र जांगडे जिला कार्य क्रम अधिकारी राज्य अंत्यावसायी वित्त एवं विकास मुंगेली, तथा राधेश्याम निषाद सरपंच सुरेठा ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के संदेश का वाचन किया गया।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे
ई-निविदा सूचना

निविदा सूचना क्रमांक. WRSR-24-25-OT-Calibration, दिनांक : 24/06/2024

कार्य का नाम : खुली निविदा के तहत (अ) बाहरी एजेंसी के माध्यम से 3 (तीन) वर्षों के लिए गेजो का कैलिब्रेशन । **अनुमानित निविदा मूल्य** : रू. 12,65,105.19/- (रुपये बारह लाख पैंसठ हज़ार एक सौ पाँच एवं उन्नीस पैसे मात्र) जीएसटी @ 18% सहित । **मात्रा और संविदात्मक अवधि** : संलग्नक के अनुसार 03 (तीन) वर्ष की अवधि के लिए। **बयाना राशि (रु.)** : 25,300/- (रुपये पच्चीस हज़ार तीन सौ मात्र) **निविदा समाप्ति तिथि और समय** : 19/07/2024 को 16:00 बजे । **बिड प्रारंभ की तारीख** : 05/07/2024 **पात्रता मापदंड** : वेबसाइट पर देखा जा सकता है।

इस निविदा के विरुद्ध मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जाएगा । निविदा का पूर्ण विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in. पर उपलब्ध है।

उप. मुख्य यांत्रिक अभियंता (I)
PR/R/WRS/AAA/62 वैरिशा/रायपुर
South East Central Railway @secrail

आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड
(पूर्व में आईडीएफसी बैंक लि.) सीआईएनः L65110TN2014PLC097792
पंजीकृत कार्यालयः केआरएम टावर्स, 7वीं मंजिल, हैरिंगटन रोड, चेटपेट, चेन्नई – 600031, फोनः +91 44 4564 4000 । फैक्सः +91 44 4564 4022
IDFC FIRST Bank

परिशिष्ट-IV-A, (नियम 8(6) और 9(1) का परंतुक देखें) अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री सूचना

वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम-2002 के तहत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना, सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) और 9 (1) के परंतुक के साथ पठित

आम लोगों को और विशेष रूप से कर्जदार(रों), सह–कर्जदार(रों) और गारंटर(रों) कॉलम (iii) के अनुसार, को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्ति/यों कॉलम (iv) के अनुसार जो प्रतिभूत लेनदार के पास बंधक/प्रभारित है, का कब्जा, प्रतिभूत लेनदार, पूर्व में आईडीएफसी बैंक लि. के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को **"जहाँ है", जैसा है" और जो कुछ भी है"** के आधार पर आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में आईडीएफसी बैंक लि.) के निम्नवर्णित कर्जदार(रों), सह–कर्जदार(रों) से कॉलम (i) के अनुसार, प्रतिभूत लेनदार की नीचे वर्णित रुपए की बकाया राशि की वसूली हेतु दिनांक **16.07.2024** को बेचा जाएगा। बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया आईडीएफसी फर्स्ट बैंक की वेबसाइट अर्थात www.idfcfirstbank.com पर दिए गए लिंक को देखें।

क्र. सं.	(I) मांग सूचना की राशि	(ii) एग्रीमेंट आईडी	(iii) कर्जदार(रों), सह-कर्जदार(रों) और गारंटर(रों) का नाम	(iv) बंधक संपत्ति का पता	(v) आरक्षित मूल्य	(vi) ईएमडी राशि	(vii) नीलामी की तिथि एवं समय	(viii) ईएमडी नीलामी की तिथि एवं समय	(ix) निरीक्षण की तिथि एवं समय	(x) प्राधिकृत अधिकारी का नाम एवं सम्पर्क नं.
1	रु. 1455270.79/- मांग सूचना की तिथि 24.04.2019	14579602	देवेंद्र कुमार, बिस्मिर चतुर्वेदी और धनेश्वरी चतुर्वेदी	प्लॉट नं. 23 और 24, खसरा नं. 20 और 117/2, साई सिटी गांव सांकरा, पी.एच.नं.-08, आरआईसी-भिलाई-3, तहसील-पाटन, जिला दुर्ग, छत्तीसगढ़-491001	रु. 437400.00/-	रु. 43740.00/-	16.07.2024 पूर्वा. 11.00 बजे से अपरा. 01.00 बजे तक	15.07.2024 पूर्वा. 10.00 बजे से अपरा. 05.00 बजे तक	10.07.2024 पूर्वा. 10.00 बजे से अपरा. 04.00 बजे तक	नाम- हेमंत नाग संपर्क नं. 9822185777 नाम: संदेश जैन संपर्क नं. 8839140796
2	रु. 1237583.55/- मांग सूचना की तिथि 16.05.2019	14964715	कमलेश कौशल और हीना कौशल	प्लॉट नं. 4 और 5, साई सिटी के एच नं. 20 व 117/2, पार्ट, पीएच नं. 08, भिलाई - 3 मौजा - सांकरा, तहसील - पाटन, जिला-दुर्ग, (छ.ग.), दुर्ग, छत्तीसगढ़-491001	रु. 839808.00/-	रु. 83980.80/-	16.07.2024 पूर्वा. 11.00 बजे से अपरा. 01.00 बजे तक	15.07.2024 पूर्वा. 10.00 बजे से अपरा. 05.00 बजे तक	10.07.2024 पूर्वा. 10.00 बजे से अपरा. 04.00 बजे तक	नाम- हेमंत नाग संपर्क नं. 9822185777 नाम: संदेश जैन संपर्क नं. 8839140796
3	रु. 2774756.19/- मांग सूचना की तिथि 09.12.2019	15011291	सुनील कुमार सिंह और सपना कौशलेश सिंह	के एच नं.179/24 का भाग, डगनिया, डी.सी. नं. 104, आर' (रायपुर), तहसील और जिला रायपुर (छ.ग) - 492001	रु. 1180980.00/-	रु. 118098.00/-	16.07.2024 पूर्वा. 11.00 बजे से अपरा. 01.00 बजे तक	15.07.2024 पूर्वा. 10.00 बजे से अपरा. 05.00 बजे तक	10.07.2024 पूर्वा. 10.00 बजे से अपरा. 04.00 बजे तक	नाम- हेमंत नाग संपर्क नं. 9822185777 नाम: संदेश जैन संपर्क नं. 8839140796

अस्वीकरण: कृपया ध्यान दें कि उक्त नोटिस केवल अचल संपत्ति की बिक्री के लिए जारी किया गया है और आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड को चल संपत्ति की बिक्री का कोई अधिकार नहीं है। यदि कोई हो, तो अचल संपत्ति पर उपस्थित हों।

हस्ता/-
प्राधिकृत अधिकारी
आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड
(पूर्व में आईडीएफसी बैंक लि.)

दिनांकः 28.06.2024

संपादकीय

नई लोकसभा पहला सत्र

नई 18वीं लोकसभा का पहला सत्र बड़ी उम्मीदों के साथ शुरू हुआ। 18वीं लोकसभा का बहु-प्रतीक्षित उद्घाटन सत्र 24 जुलाई को शुरू हुआ। यह भारत के लोकतांत्रिक इतिहास में मील का पत्थर है। थोड़े कम बहुमत से 'राजग' की सत्ता में वापसी हुई है, पर 17वीं लोकसभा की तुलना में सदन बहुत संतुलित है जब 'राजग' का प्रचंड बहुमत था। लेकिन अब राजनीतिक परिदृश्य काफी बदल गया है जो नई लोकसभा के कामकाज में दिखाई देगा। वास्तव में इस सत्र की प्राथमिकतायें अगले पांच साल के लिए भारत का मार्ग निर्धारित करेंगी। 18वीं लोकसभा का पहला सत्र पहले ही दिन विवादों में घिर गया। 'इंडिया' समूह के नेताओं ने सोमवार को संसद में विरोध प्रदर्शन किया, जबकि उस समय संसद के नव-निर्वाचित सदस्यों का शपथ ग्रहण चल रहा था। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिार्जुन खड़गे, पार्टी नेता सोनिया गांधी तथा समाजवादी पार्टी नेता अखिलेश यादव जैसे प्रमुख नेताओं ने भाजपा नीत 'राजग' सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए संविधान की प्रतियां लहराईं। अन्य केन्द्रीय मंत्रियों तथा नव-निर्वाचित सांसदों का शपथ ग्रहण प्रोटेम अध्यक्ष भतृहरि महताब द्वारा कराया गया। 'इंडिया' समूह के जो कांग्रेस सदस्य संसदीय समिति में शामिल थे, उन्होंने नव-निर्वाचित सांसदों की शपथ ग्रहण प्रक्रिया में सहायता देने से इनकार कर दिया। उन्होंने प्रोटेम अध्यक्ष के रूप में भाजपा सांसद भतृहरि महताब की नियुक्ति का विरोध किया और वे अपने पसंदीदा उम्मीदवार आठ बार के सांसद कांग्रेसी के. सुरेश को इस पद पर लाना चाहते थे। हालांकि, सुरेश के रिकार्ड में व्यवधान है, जबकि भाजपा सांसद भर्तहरि

महताब लगातार सात बार सांसद रहे हैं। भाजपा ने इसे उनकी पसंद का कारण माना और राष्ट्रपति ने भी इसे स्वीकार किया है। यह पहला संकेत है कि लोकसभा में सत्तापक्ष एवं विपक्ष के बीच टकराव के कारण कामकाज सुचारु रूप से नहीं चलेगा।

18वीं लोकसभा का पहला सत्र 3 जुलाई तक जारी रहेगा। लोकसभा अध्यक्ष का चयन 26 जून को होना है। इसके बाद राष्ट्रपति मुर्मू दोनों सदनों के संयुक्त सत्र को 27 जून को संबोधित करेंगी। मजेदार बात है कि इस सत्र में एक दशक में पहली बार नेता विपक्ष की नियुक्ति होगी। इस सत्र के विवादास्पद होने की आशंका है क्योंकि विपक्ष भाजपा नीत 'राजग' को अनेक मुद्दों पर चुनौती देना चाहता है जिसमें 26 जून को अध्यक्ष का चुनाव, नीट-यूजी व यूजीसी-नेट परीक्षाओं के पेपर लीक तथा प्रोटेम अध्यक्ष की नियुक्ति पर विवाद शामिल हैं। विपक्ष का इरादा बढ़ती कीमतों, खाद्य मुद्रास्फीति, भयानक लू के कारण होने वाली मौतें तथा परीक्षायें संचालन करने में हालिया 'अनियमितताओं' जैसे मामले उठाना है। उम्मीद है कि 18वीं लोकसभा आर्थिक प्रगति को प्राथमिकता देते हुए मुद्रास्फीति पर नियंत्रण तथा रोजगार सृजन की दिशा में काम करेगी। नए सत्र से सामाजिक न्याय पर ध्यान केन्द्रित कर असमानता संबंधी मुद्दों पर गौर करते हुए आर्थिक प्रगति के लाभ समाज के सभी वर्गों तक पहुंचाने की उम्मीद है। इसके साथ ही जम्मू में हुए आतंकी हमलों को देखते हुए भारत के रणनीतिक हितों और सुरक्षा सरोकारों पर भी 18वीं लोकसभा में चर्चा होने की आशा है। देश के विभिन्न हिस्सों में सुरक्षा तथा कानून-व्यवस्था स्थापित करने को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। इस सत्र से न केवल विधायी ढांचा तय होगा, बल्कि विविधतापूर्ण व गतिशील राष्ट्र की महत्वाकांक्षायें भी परिभाषित होंगी। भारत आज चुनौतीपूर्ण वैश्विक परिदृश्य में अपने लिए मजबूत व समतापूर्ण मार्ग तलाशने का प्रयास कर रहा है।

दिल्ली में जल संकट का कारण

प्राकृतिक संसाधनों के बेलगाम दोहन के साथ ही जल-संसाधनों के दुरुपयोग से दिल्ली व अन्य स्थानों पर गंभीर जल-संकट सामने आ रहा है।

उत्तम गुप्ता
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं)

प्राकृतिक संसाधनों के बेलगाम दोहन के साथ ही जल-संसाधनों के दुरुपयोग से दिल्ली व अन्य स्थानों पर गंभीर जल-संकट सामने आ रहा है। दिल्लीवासियों के समक्ष व्याप्त गंभीर जल संकट को देखते हुए दिल्ली सरकार ने सर्वोच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटा कर उसे हरियाणा, उत्तर प्रदेश तथा हिमाचल प्रदेश से राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र को अतिरिक्त जल सप्लाई कराने में सीधे हस्तक्षेप का अनुरोध किया है। शुरुआत में सर्वोच्च न्यायालय ने हिमाचल प्रदेश को प्रति दिन 70 मिलियन गैलन-एमजीडी पानी दिल्ली को देने का निर्देश दिया। उसने हरियाणा से भी अनुरोध किया है कि वह दिल्ली तक जल का सुचारु प्रवाह सुनिश्चित करे। लेकिन अब हिमाचल प्रदेश ने दावा किया है कि वह पहले से 70 एमजीडी पानी दे रहा है और इससे अधिक नहीं दे सकता है। सर्वोच्च न्यायालय ने 'अपर यमुना रिवर बोर्ड-यूवाईआरबी को सभी पक्षों की एक बैठक बुलाने तथा तेजी से निर्णय लेने' का निर्देश दिया है।

यूवाईआरबी का काम उपलब्ध जल का लाभार्थी राज्यों में आबंटन नियमित करना तथा रिटर्न प्रवाह की निगरानी करना है। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या दिल्ली में वास्तव में पानी की कमी है? दिल्ली की आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट, 2023 के अनुसार शहर की कुल जल आवश्यकता 1,290 एमजीडी प्रतिदिन है जिसमें गर्मी के महीनों में वृद्धि होती है। शहर में पानी सप्लाई के जिम्मेदार दिल्ली जल बोर्ड-डीजेबी ने 3 अप्रैल, 2024 को एक लिखित बयान में कहा था कि राजधानी में जल का उत्पादन मार्च अंत से अप्रैल प्रारम्भ तक लगभग 990 एमजीडी था। वास्तव में डीजेबी ने 7 जून, 2024 को 1,002 एमजीडी पानी उत्पादित किया था। दिल्ली के आर्थिक सर्वेक्षण 2023-24 में कहा गया है 'डीजेबी के आउटकम बजट के अनुसार, कुल वितरण नुकसान लगभग 52.35 प्रतिशत है।' वितरण नुकसान का अर्थ टैंकर माफिया और उद्योगों द्वारा पानी की चोरी है। यह चोरी जल सप्लाई श्रृंखला के सभी चरणों पर होती है जिसें डब्लूटीपी, कन्वेंस सिस्टम तथा वितरण व्यवस्थायें शामिल हैं। बिना अधिकारियों की मिलीभगत के यह काम असंभव है।

इस प्रकार लगभग 1000 एमजीडी पानी में से 52 प्रतिशत चोरी का अर्थ है कि 520 एमजीडी पानी चोरी हो जाता है और दिल्ली के परिवारों को उपभोग के लिए 480 एमजीडी पानी मिलता है। यह 1290 एमजीडी मांग का केवल 37 प्रतिशत है। हालांकि, यह स्थिति आश्चर्यजनक है। क्योंकि यदि ऐसा होता तो दो तिहाई दिल्लीवासियों को पानी न मिलता और संपूर्ण विभीषिका पैदा हो जाती। लेकिन दिल्ली के अनेक भागों में लोगों की भीड़ के टैंकरों के पीछे दौड़ने की घटनाओं के बावजूद ऐसा नहीं है। इस प्रकार सरकार द्वारा आवश्यकता निर्धारित करने वाले अधिकारियों के तरीके में कोई मूलभूत गड़बड़ी है। आदर्श रूप से मांग का पता लगाने के लिए परिवारों का सर्वेक्षण कर डेटा एकत्र किया जाना चाहिए कि किसे कितनी आवश्यकता है। इसके बजाय वे अतीत, जैसे 2023-24 की कुल सप्लाई के आधार पर अनुमान लगा लेते हैं कि इतनी मात्रा का उपभोग हुआ और इसे प्रतिशत-वार बढ़ा कर 2024-25 का अनुमान लगाते हैं। इस प्रकार वे चोरी हुए पानी की मात्रा भी आवश्यकता में जोड़ लेते हैं। इसका अर्थ है कि 1250 एमजीडी में 520 एमजीडी चोरी वाला पानी भी शामिल था। इसे निकाल देने पर परिवारों की आवश्यकता 770 एमजीडी बचती है। इस प्रकार स्पष्ट है कि 'टैंकर माफिया' द्वारा पानी की चोरी दिल्ली की जल समस्याओं की जड़ में है। यदि ऐसा न होता तो कुल 1000 एमसीडी पानी घरेलू उपभोग के लिए उपलब्ध होता। इससे वर्तमान समय में अनुभव किसी कमी की बात तो दूर 230 एमसीडी पानी अतिरिक्त होता। दिल्ली की जल समस्या का टिकाऊ समाधान यही है कि राज्य सरकार पानी की चोरी से युद्धस्तर पर निपटे। लेकिन इसके बजाय उसका ध्यान हरियाणा, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, आदि से अतिरिक्त पानी प्राप्त करने पर है।

यह मांग करते हुए वह जानबूझ कर यह तथ्य भुला देती है कि उसके सभी 9 डब्लूटीपी अपनी निर्धारित क्षमता से अधिक काम कर रहे हैं। इस कारण पड़ोसी राज्यों से अतिरिक्त जल मिल जाने पर भी दिल्ली जल बोर्ड इसे जनता तक पहुंचाने में अक्षम सिद्ध होगा। जहां तक प्रसंस्करण क्षमता बढ़ाने का सवाल है, पिछले साल मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने जल उत्पादन में तत्काल 131 एमजीडी तथा दीर्घकालीन रूप से 380 एमजीडी वृद्धि की कार्ययोजना को मंजूरी दी थी। इसमें चंद्रावल में 105 एमजीडी क्षमता का एक और प्लांट बनाना तथा द्वारका में 50 एमजीडी क्षमता वाला प्लांट पूरा करना शामिल था। लेकिन इस योजना पर अमल नहीं हुआ। चंद्रावल में प्लांट निर्माण शुरू नहीं हुआ और द्वारका में भी निर्माण कार्य धीमा चल रहा है।

यमुना, रावी-व्यास, गंगा व अन्य नदियों से पानी सप्लाई प्रबंधन में विफल दिल्ली सरकार अब भूमिगत जल पर निर्भर है जो वर्तमान समय में 10 प्रतिशत से अधिक योगदान करता है। केन्द्रीय भूमिगत जल बोर्ड-सीजीडब्लूडी के अनुसार दिल्ली के कुल क्षेत्र के 41 प्रतिशत में अत्यधिक दोहन हुआ है और इसके बावजूद वह रिचार्ज से अधिक भूमिगत जल निकाल रहा है। कुल भूमिगत जल रिचार्ज 2022 में 0.41 बिलियन क्यूबिक मीटर-बीसीएम से घट कर 2023 में 0.38 बीसीएम हो गया, जबकि वार्षिक भूमिगत जल संसाधन उपलब्धता 0.37 बीसीएम से घट कर 0.34 बीसीएम हो गई। यह स्वस्थ प्रवृत्ति नहीं है। प्राकृतिक संसाधनों के बेलगाम दोहन और उपलब्ध संसाधनों के दुरुपयोग से स्थिति बहुत गंभीर हो गई है। इसके साथ ही परिवारों के प्रयोग योग्य जल को उद्योगों को दिया जा रहा है। मांग और सप्लाई के बीच भारी असंतुलन के साथ ही दिल्ली की जल सप्लाई में भयानक कुप्रबंध्र तथा अनियमितताओं के कारण डीजेबी वित्तीय रूप से दीवालिया होने के कगार पर पहुंच गया है।

आधे से अधिक उत्पादित पानी की चोरी का अर्थ है कि बोर्ड को उस पर कोई राजस्व नहीं मिलता है। इसके साथ ही केजरीवाल की 'मुफ्त' योजना विभीषिका का कारण बनी हुई है जिससे प्रति परिवार एक महीने में 20,000 लीटर तक उपभोग के लिए कोई पैसा नहीं देना पड़ता है। जिन परिवारों को पानी के बिल मिलते हैं उन्होंने भी सालों से उनका भुगतान नहीं किया है। मुख्यमंत्री 'वन टाइम सेटलमेंट' पैकेज को उप-राज्यपाल से अनुमति दिलाने का प्रयास कर रहे हैं जिसके कारण राज्य के खजाने पर हजारों करोड़ रुपये का बोझ पड़ेगा। इसके साथ ही परिवारों से अधिकृत निजी एजेंसियों द्वारा भुगतान लेने की खबरे हैं जो कभी राजस्व विभाग तक नहीं पहुंचा है। इन सारी स्थितियों के कारण एक दयनीय स्थिति पैदा हुई है जिसके कारण दिल्ली जल बोर्ड-डीजेबी दीवालिया होने के कगार पर पहुंच गया है। जो बोर्ड एक दशक पहले तक मुनाफा कमा रहा था, आज वह 70,000 करोड़ रुपये से अधिक के घाटे में आ गया है। दिल्ली जल बोर्ड अपनी गतिविधियां केवल इसलिए चला पा रहा है कि उसे बैंकों व अन्य वित्तीय संस्थानों से उधार व कर्ज लेने की अनुमति है। दिल्ली जल बोर्ड द्वारा इस प्रकार लिए कर्ज को संप्रभु राज्य गारंटी प्राप्त है। यदि उसे कर्ज लेने की अनुमति न होती तो दिल्ली जल बोर्ड कब का ध्वस्त हो गया होता। ऐसे में यह सोच कर ही चिन्ता पैदा होती है कि इन स्थितियों में आखिर देश की राजधानी दिल्ली तथा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में भविष्य में जल-सप्लाई की क्या स्थिति होगी। जल संकट के साथ ही ढांचागत संरचनाओं के अन्य क्षेत्रों में भी संकट व्याप्त है।

पानी की चोरी के साथ ही बिजली चोरी लगातार जारी रहने के कारण बिजली उपलब्ध कराने वाली विद्युत वितरण कंपनियों पर भारी बोझ है जो केजरीवाल की 'मुफ्त बिजली' योजना के कारण और बढ़ रहा है। इस प्रकार दिल्ली में केजरीवाल सरकार द्वारा पानी चोरी में लगे 'टैंकर माफिया' समेत विभिन्न क्षेत्रों में पैदा की गई अव्यवस्था से नागरिकों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। इससे डीजीबी भयानक कर्ज संकट में डूब सकता है। इन स्थितियों में केन्द्र सरकार को हस्तक्षेप करना चाहिए।

हम कर रहे जीवन की पटकथा का मंचन

> अभिनय की खूबसूरती इस बात में निहित है कि अभिनेता किरदार को किस हद तक आत्मसात कर लेते हैं।

ब्रह्मकुमार निकुंज
(लेखक, आध्यात्मिक उपदेशक हैं)

हाल ही में भारतीय फिल्म उद्योग के एक दिग्गज अभिनेता को उनके अभिनय करियर के माध्यम से दुनिया भर में सांस्कृतिक मूल्यों के प्रसार में उनके योगदान के लिए सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार दिया गया। जब उन्हें पुरस्कार दिया जा रहा था, तो दर्शकों में से हर कोई खड़े होकर उस महान व्यक्ति के प्रति बहुत प्यार और सम्मान के साथ खड़े होकर उनका अभिवादन कर रहा था, जिसने सेल्युलाइड स्क्रीन पर इतने सारे किरदारों को जीवंत किया।

हम सभी ने सिनेमाघरों में इस उत्साह का अनुभव किया है, जब कोई वीर किरदार स्क्रीन पर एंट्री करता है, तो जोरदार जयकारे, सीटियां, तालियां और बहुत कुछ होता है। और फिल्म के अंत में, नायक दर्शकों का दिल जीत लेता है और शो को चुरा लेता है। चाहे वह राजकुमार की भूमिका निभाए या भिखारी की, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता क्योंकि उसके प्रशंसक उसकी एक झलक पाने के लिए सिनेमाघरों में उमड़ पड़ते हैं।

उनके अभिनय की खूबसूरती इस बात में निहित है कि वह किरदार को इस हद तक आत्मसात कर लेते हैं कि वह और उनका किरदार उनके प्रशंसकों को एक ही लगने लगता है। लेकिन ऐसा करते हुए भी, वह इस तथ्य के प्रति बहुत सचेत रहते हैं कि वह किसी विशेष नाटक में केवल एक अभिनेता हैं, उनकी भूमिका गढ़ी गई है, उनके संवाद लिखे गए हैं और वेशभूषा उस विशेष चरित्र के लिए डिज़ाइन की गई है। इसलिए, उनकी महानता केवल अपनी क्षमता के अनुसार भूमिका निभाने में निहित है। स्टारडम की अपनी लंबी यात्रा में, हर अभिनेता अक्सर एक दर्शक बन जाता है और अपने काम की आलोचना करता है ताकि वह अपने अभिनय को बेहतर बना सके। यह उनके द्वारा निभाई जाने वाली विभिन्न भूमिकाओं से अलगाव का तत्व है जो उन्हें आगे बढ़ने, स्पष्टता के साथ एक साथ कई भूमिकाएं निभाने और फिर दिन के अंत में अपने निजी जीवन में लौटने की अनुमति देता है। हम में से बहुत से लोग नहीं जानते कि विश्व चक्र इस नाटक के समान है जिसमें हम सभी अद्वितीय भूमिकाओं वाले अभिनेता हैं। हर कोई अपने जीवन में नायक है और एक नायक बन सकता है जो तालियाँ बटोर सकता है। हालाँकि, आज हम शायद ही किसी को दूसरे व्यक्ति की जय-जयकार करते हुए पाते हैं। क्योंकि, एक-दूसरे के प्रदर्शन या स्क्रिप्ट से बहुत असंतोष है। नतीजतन, नाटक एक त्रासदी बन गया है। अभिनेताओं के अपने प्रदर्शन की बजाय एक-दूसरे के प्रदर्शन की आलोचना करने से व्यापक अराजकता फैल गई है। इस परेशानी का कारण यह है कि हममें से ज़्यादातर लोग यह जाने बिना ही अभिनय करते हैं कि धरती एक रंगमंच है और हम सभी यहाँ अपनी-अपनी भूमिकाएँ निभाने आए हैं। दूसरे, हर अभिनेता की भूमिका अलग और पहले से तय होती है और इसलिए उसे किसी और की भूमिका से मिलाने की कोशिश करना बेकार है। तीसरे, दुनिया के नाटक का सबसे बड़ा नियम यह है कि यह हमेशा सबके लिए फ़ायदेमंद होता है। इस समझ या इसकी चेतना के अभाव में, हम अपनी भूमिकाओं से जुड़ जाते हैं, अपनी वेशभूषा और मेकअप बदलना भूल जाते हैं और हर भूमिका के हिसाब से ढलने की लचीलापन खो देते हैं। एक ऐसे व्यक्ति का सरल उदाहरण लें जो एक ही समय में बेटा, पति, पिता, दोस्त और कई अन्य भूमिकाएं निभाता है।

अगर वह पुरुष होने की चेतना में है, तो वह घर पर अपनी पत्नी पर हावी हो सकता है या दफ़्तर में अपनी महिला कर्मचारियों को नीची नज़र से देख सकता है। काम पर, वह बॉस होने की अपनी भूमिका से इतना चिपका रहेगा कि वह उनका सहकर्मी बनना ही भूल जाएगा। दूसरी ओर, यदि वह इस बात से अवगत है कि वह एक अभिनेता है और उसे नायक की तरह सभी का दिल जीतना है, तो वह अपनी भूमिका की आवश्यकताओं को समझेगा और जो भी वह करेगा, उसमें सक्रिय, सटीक और आकर्षक होगा। हम जो भी किरदार निभाते हैं, उसके उतार-चढ़ाव को जीते हुए, हम खुद को थका देते हैं और प्रत्येक भूमिका की माँगों को पूरा करने या दृश्यों में उतार-चढ़ाव को अच्छी तरह से झेलने के लिए पर्याप्त शक्ति नहीं जुटा पाते हैं, जिसके परिणामस्वरूप भावनात्मक उथल-पुथल होती है और दुख एक नियमित आगंतुक बन जाता है, जबकि नाटक का उद्देश्य अभिनेताओं को खुशी और आनंद का अनुभव कराना है।

दूसरी ओर, यदि हम अपनी भूमिकाओं से विरक्त हो जाते हैं और इस शाश्वत नियम पर विश्वास रखते हैं कि नाटक सार्वभौमिक लाभ के लिए लिखा गया है, तो हानि और लाभ, आराम और दर्द की भावनाएं खत्म होने लगेंगी और हमारा मन हर दृश्य में होने वाले घटनाक्रम पर सवाल उठाना बंद कर देगा।

इसलिए, कहानी का नैतिक यह है कि हमें विरक्त होना चाहिए और फिर भी हम जो भूमिका निभा रहे हैं, उसमें शामिल होना चाहिए। इस विश्व नाटक में सुपरस्टार बनने का यही गुण है।

आप की बात

केजरीवाल का संकट

केजरीवाल का संकट दूर होने का नाम नहीं ले रहा है। कहां वे जमानत पर बाहर आने की तैयारी कर रहे थे, पर उनकी जमानत रद्द हो गई। इस प्रकार फिलहाल वे तिहाड़ जेल में ही रहेंगे। कभी बीमारी तो कभी चुनावी कारण से वे भरसक प्रयास के बाद जेल से बेल पर बाहर तो आ जाते हैं किन्तु फिर बेल खत्म होते ही उन्हें जेल में पहुंचा दिया जाता है। दिल्ली में जल-संकट है तो दूसरी ओर केजरीवाल जेल-संकट से जूझ रहे हैं। जल-संकट को लेकर अनशन पर बैठी मंत्री आतिशी चौथे दिन बीमार हो गईं और उन्हें अस्पताल में भर्ती करना पड़ा। पिछले कुछ वर्षों से दिल्ली की आप सरकार पर रुक-रुक कर संकट के बादल छाते ही रहे हैं। घोटालों के कारण कभी एक मंत्री जेल जाता है तो कभी दूसरा। विडंबना है कि आप पार्टी और केजरीवाल पर संकट का खामियाजा दिल्ली की जनता को भुगतना पड़ता है। आरोप है कि टैंकर माफिया से कमीशनखोरी के कारण ही दिल्ली में जल-संकट गहराया है। आश्चर्यजनक रूप से भ्रष्टाचार-विरोधी आंदोलन से उपजी पार्टी के अनेक नेता भ्रष्टाचार में जेल में बंद है। दिल्ली की जनता ने लोकसभा चुनाव में भाजपा को सभी सीटों पर विजय दिला दी। लेकिन केन्द्र में मोदी सरकार बनने के बावजूद भाजपा भी उसकी कोई मदद नहीं कर पा रही है।

– **शकुंतला महेश नेनावा**, इंदौर

एक देश एक चुनाव

समय व आर्थिक बोझ का तकाजा है कि अब एक देश, एक चुनाव की अवधारण लागू होनी चाहिए। यह समय, श्रम व धन की बर्बादी कों रोकने वाली होगी। वर्तमान कानूनी प्रावधानों के अनुसार लोकसभा व विधानसभा चुनाव में एक ही उम्मीदवार दो स्थानों से चुनाव मैदान में उतर सकता है। दोनों सीट पर उसकी जीत की स्थिति में छोड़ी गई सीट पर पुन: उपचुनाव होते हैं। इसी तरह लोकसभा व विधानसभा चुनाव में पहले से चुने गए सांसद व विधायक इन सदनों के चुनाव में उम्मीदवार बना दिए जाते हैं। जीतने पर उन्हें एक पद छोड़ना पड़ता है। इस बार के लोकसभा चुनाव में कई दलों के विधायक सांसद चुने गए हैं। इससे विधायक पद त्यागने पर पुन: कई स्थानों पर विधानसभा उपचुनाव कराने पड़ेंगे। यह देश और खून-पसीना बहा कर कमाने वाली जनता के संसाधनों की बरबादी है। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में गठित समिति ने एक देश-एक चुनाव मुद्दे पर राजनीतिक दलों व विशेषज्ञों से व्यापक विचार-विमर्श कर इस व्यवस्था के पक्ष में अपनी सहमति दी थी तथा उसे लागू करने की रूपरेखा भी सुझाई थी। राजनीतिक दलों को इस पर दलगत सीमाओं से ऊपर उठ कर विचार करना चाहिए।

– **हेमा हरि उपाध्याय**, खाचरोद

हिजाब की पैरवी

हमारे देश में ओवैसी की पार्टी हिजाब की पैरवी करती रही है, जबकि कर्नाटक के स्कूल-कॉलेजों का कहना है कि हिजाब मुस्लिम धर्म का अनिवार्य अंग नहीं है। मध्य एशिया के मुस्लिम बहुल कजाकिस्तान ने हिजाब के इस्तेमाल पर स्थाई रोक लगा दी है। कजाकिस्तान के राष्ट्रपति इमो माली रहमान ने हिजाब को एक विदेशी परिधान मानकर इस पर प्रतिबंध लगाने का ऐलान किया है। इसके बाद हिजाब पहनने पर 60 हजार से लेकर 5 लाख रुपए तक जुर्माने का प्रावधान रखा गया है । कजाकिस्तान सरकार ने यह कदम देश में धर्मनिरपेक्षता को बढ़ावा देने के लिए उठाया है। मध्य एशिया ने दशकों पहले महिलाओं को पुरुषों के बराबर स्थान देने के लिए उनको बुर्के, केवल घर में रहने व हिजाब, आदि की गुलामी से आजादी दिलाई थी। मध्य एशिया के साथ ही आजकल पश्चिम एशिया के अनेक मुस्लिम बहुल देश भी महिलाओं को अनेक क्षेत्रों में आजादी दे रहे हैं ताकि वे जीवन के सभी क्षेत्रों में पुरुषों के बराबर आ सकें। हिजाब या बुर्का महिलाओं को पुरुषों की तुलना में दोयम दर्जे का दिखाने वाली सड़ी-गली सोच का प्रतीक है। वर्तमान समय में भारत जैसे लोकतांत्रिक देश में इसकी पैरवी किसी प्रकार भी स्वीकार नहीं की जानी चाहिए।

– **मनमोहन राजावत**, शाजापुर

मौसम की मार

नेटवर्क संगठन वर्ल्ड वेदर एट्रिब्यूशन-डब्लूडब्लूए द्वारा किए गए एक सर्वेक्षण में चौंकाने वाले अवलोकन सामने आए हैं। तापमान में 35 गुना वृद्धि हुई है जो चालू वर्ष सबसे अधिक है। पृथ्वी के उत्तरी गोलार्ध क्षेत्र में यह देखा गया है कि मानसून के मौसम से पहले भीषण गर्मी की लहर आती है, यानी लू चलती है। इस वर्ष सबसे अधिक गर्मी के कारण सारी दुनिया के लोगों पर तनाव बढ़ा है। पूरी दुनिया में ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन में भारी वृद्धि हुई है। इसी तरह जीवाश्म ईंधन के बढ़ते उपयोग से भारी मात्रा में गर्मी पैदा हो रही है तथा प्रदूषण बढ़ रहा है। ऐसी गर्मी से होने वाले हीट स्ट्रोक का खतरा बढ़ने का अनुमान है। इसमें शरीर की शीतलन प्रणाली पूरी तरह से ध्वस्त हो जाती है और अगर समय रहते इलाज नहीं किया जाता है तो मौत भी हो सकती है। दक्षिण पश्चिम अमेरिका, ग्वाटेमाला, मैक्सिको, होंडुरास, बेलीज और अल साल्वाडोर में किए सर्वेक्षण में ये चौंकाने वाले नतीजे आए हैं। इस प्रकार इन्सानों के साथ ही सभी प्रकार के जीव-जंतुओं पर मौसम की मार लगातार गंभीर होती जा रही है।

– **दत्तप्रसाद शिरोडकर**, मुंबई

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

कांग्रेस ने विभिन्न मुद्दों को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय का किया घेराव

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

कांग्रेस द्वारा विभिन्न मुद्दों को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय का घेराव किया गया । शहर कांग्रेस कमेटी बेमेतरा,युवक कांग्रेस तथा एन एस यू आई के द्वारा शिक्षा की बदहाल व्यवस्था, मां सरस्वती, भारत माता, छत्तीशगढ़ महतारी सहित महापुरुषों की तस्वीरों का अपमान , शिक्षको की कमी को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय का घेराव कर दोषियों पर कार्यवाही की मांग को लेकर महामहिम राज्यपाल के नाम सौंपा गया। इससे पहले पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा के कार्यालय मे कांग्रेस कार्यकर्त्ता जमा हुए जहा पूर्व विधायक ने संबोधित करते हुए कहा कि छः महीने की इस भाजपा सरकार मे प्रशासन पर पकड़ ढीली हो गई है ।चाहे शिक्षा हो स्वास्थ्य हो खाद बीज की कमी हो कानून व्यवस्था हो बिजली की समस्या हो सरकार हर क्षेत्र मे विफल हो गई है ।उन्होंने संबोधित करते हुए कहा कि आने वाले दिनों मे हम भाजपा सरकार के खिलाफ बढ़ा जन आंदोलन करेंगे ,सरकार की नाकामियों को उजागर करेंगे ,बेमेतरा के शिक्षा विभाग की लापरवाही को आड़े हाथ लेते हुए जिम्मेदार लोगों पर कड़ी कार्यवाही की मांग की। इसके बाद शिक्षा विभाग के खिलाफजमकर नारेबारी करते हुए रैली के शक्ल मे घेराव करने निकले कांग्रेस कार्यकर्ताओं को पुलिस ने बैरीकेट्स लगाकर रोकने का प्रयास किए पर कांग्रेस कार्यकर्ता बैरीकेट्स को लांघकर जिला शिक्षा कार्यालय का घेराव कर दिए,जहा महापुरुषों के अपमान को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी तथा संस्था प्रमुख के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर उनके खिलाफ कड़ी कार्यवाही की मांग की गई। सुमन गोस्वामी अध्यक्ष शहर कांग्रेस कमेटी बेमेतरा ने कहा कि बेमेतरा मे शिक्षा व्यवस्था का बुरा हाल है आत्मानंद हिंदी उत्कृष्ट विद्यालय और सीनियर बेसिक स्कूल का शेड छतिग्रस्त हुए 20 दिन से ऊपर हो गया पर उसकी मरम्मत नहीं की गई जिसके कारण छात्र छात्राओं की पढ़ाई प्रभावित हो रही है ,जिस तरह से देवियों और महापुरुषों की फेटो 15 दिन तक जमीन पर पढ़ी रही और शिक्षा विभाग ने इसकी सुध भी नही ली ,पूरे जिले मे स्कूल मे शिक्षको की कमी है इन अव्यवस्थाओं के खिलाफ आज आंदोलन किया गया तथा जिम्मेदार लोगों पर कार्यवाही की मांग करते हुए महामहिम राज्यपाल के नाम से ज्ञापन सौंपा गया साथ ही महापुरूषों की फेटो को सम्मान पूर्वक अनुविभागीय अधिकारी को सौप दिया गया। प्रदर्शन में आशीष छाबड़ा पूर्व विधायक,बंशी पटेल जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुमन गोस्वामी अध्यक्ष शहर कांग्रेस कमेटी, लूकेश वर्मा अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, शकुंतला मंगत साहू ,जोगेंद्र छाबड़ा ,ललित विश्वकर्मा , रासबिहारी कुर्रे अध्यक्ष नगर पंचायत बेरला,भारत भूषण साहू उपाध्यक्ष नगर पंचायत बेरला,राजा चौबे जिला अध्यक्ष युवक कांग्रेस ,राजू साहू जिला अध्यक्ष एन एस यू आई,अवनीश राघव , टी आर जर्नादन, रीना वर्मा अध्यक्ष जनपद पंचायत बेमेतरा ,रीता पांडे,पार्षद मनोज शर्मा , रश्मि मिश्रा , अखिलेश नामदेव, राम ठाकुर, रेहाना रवानी,रानी धरम वर्मा, प्रदीप ठाकुर, प्रांजल तिवारी, टिकेंद्र परगनिहा, सुनील नामदेव, इंदरचंद जैन, गौकरण टंडन, मिथलेश वर्मा , मोनल सिन्हा ,हरीश साहू, जगजीत सिंग,चंदू शीतलानी, प्रशान्त तिवारी , निन्नी देवांगन, शंकर चौहान, देवचरण गोसाई, रुबी सलूजा , दयासिंह वर्मा, बहल वर्मा, ऋषि वर्मा , वसीम मुनीर,श्रीराम यदु, कुमार वर्मा, सीताराम यदु, प्रकाश साहू ,बलवंत साहू , रामसंजीवन ,मोहन वर्मा,राजू वर्मा,रामखिलावन साहू,संतोष तिवारी,सुरेन्द्र वर्मा, गोलू साहू, धनराज बंजारे,गोविंदा राजपूत,राजू रजक, जयप्रकाश राज,रवि गुप्ता, तोरण साहू,सोहन साहू, सुरज ठाकुर शशांक दुबे, जितेन्द्र जोशी, संस्कार शर्मा, मेहतर राम साहू, अभिमन्यु, पप्पू साहू सहित सैंकड़ों की संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

शाला प्रवेशोत्सव पर शिल्पी ने बच्चों को पौधे भेंट कर किया स्वागत

विद्यार्थियों को दी वृक्ष मित्र की उपाधि

पायनियर संवाददाता ➤ बालोद
www.dailypioneer.com

प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी शाला प्रवेश उत्सव 2024-25 का आयोजन 26 जून बुधवार लो शासकीय प्राथमिक शाला कुआगोंदी, शास पूर्व माध्यमिक शाला कुआगोंदी एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुआंगोंदी द्वारा संयुक्त रूप से विद्यालय के सभागार में मनाया गया। शासकीय प्राथमिक शाला में कक्षा पहली, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में कक्षा छठवीं तथा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कक्षा नवमी के नव प्रवेशी विद्यार्थीयों को तिलक लगाकर मिठाई बांटी गई एवं उन्हें पुस्तक वितरण करके उनका स्वागत किया गया। शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय कुआंगोंदी की शिक्षिका शिल्पी राय ने विद्यार्थियों को पौधे भेंट कर उनका स्वागत किया। यह अपने आप मे अनोखा स्वागत रहा। इन विद्यार्थियों को वृक्ष मित्र की उपाधि देकर, पौधों को विद्यालय परिसर में लगाया गया एवं उनकी देखभाल करने की जिम्मेदारी भी उन्हें सौंपी गई। इस प्रकार शिल्पी राय ने अपने शत वृक्षम अभियान (100 पेड़ लगाने) की शुरुआत शाला प्रवेश उत्सव से किया तथा वहां उपस्थित सभी अतिथियों, शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं गणमान्य नागरिकों से यह आग्रह भी किया गया कि वे किसी भी कार्यक्रम की शुरुआत पेड़ लगाकर करें। इससे भावी पीढ़ी को सकारात्मक व्यवहार एवं समाज के हित का संरक्षण करने की प्रेरणा मिलेगी। इस प्रकार की पहल से इस कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य नागरिक, अतिथि, विद्यार्थी एवं शिक्षकों ने इस पहल की सराहना की एवं शिल्पी राय को शत वृक्षम अभियान के लिए शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता संकुल प्राचार्य श्री अल्फोंस एक्का कर रहे थे। मुख्य अतिथि लालू राम साहू , विशेष अतिथि सच्चिदानंद शर्मा बीआरसीसी डौंडी, छगन लाल यदु, देलू राम पटेल, गणमान्य नागरिक ईश्वरी साहू , फरीदा बेगम आदि उपस्थित होकर सभी विद्यार्थियों को आशीर्वचन देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना कर कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग प्रदान किए।

राजहरा व्यापारी संघ के प्रतिनिधित्व मंडल ने पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह और अन्य मंत्रियों से मुलाकात कर विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की

पायनियर संवाददाता ➤ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

राजहरा व्यापारी संघ के प्रतिनिधित्व मंडल द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष सहित छत्तीसगढ़ शासन के अन्य मंत्रियों से मुलाकात कर दल्ली राजहरा की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई। विशेष रूप से जमीन की रजिस्ट्री के लिए सामान्य वर्ग में जो दिक्कत आ रही थी उस विषय पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह एवं राजस्व एवं खेल मंत्री टंकराम वर्मा से भी प्रतिदिन मंडल ने चर्चा की । चर्चा के उपरांत तत्काल कलेक्टर से फोन पर चर्चा कर जमीन की रजिस्ट्री पर आ रही समस्या को दूर करने के लिए एवं रजिस्ट्री की प्रक्रिया को सरल करने के लिए कहा है और साथ ही साथ विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह ने बालोद जिला प्रभारी मंत्री एवं उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा से फोन पर चर्चा कर दल्ली राजहरा की समस्याओं को जल्द से जल्द पूरा करने के लिए कहा गया है । विधानसभा अध्यक्ष ने कहा है की समस्या बड़ी गंभीर है और हम जल्द से जल्द इस समस्या को दूर कर दल्ली राजहरा नगर को विकास की ओर लेकर जाएंगे। व्यापारी संघ प्रतिनिधि मंडल ने पुरानी मांगों पर भी चर्चा की गई जो निम्न मांगे हमारे द्वारा रखी गई है जिसमें बाईपास सड़क का निर्माण, केंद्रीय विद्यालय का निर्माण, लघु उद्योग हेतु 20 एकड़ जमीन, 100 बिस्तर अस्पताल का निर्माण, डीएमएस फंड की 50 प्रतिशत राशि को राजहरा के विकास में उपयोग करने के लिए बात की गई है।

कलेक्टर ने किया छत्तीसगढ़ के आठ विभिन्न जिलों के शिक्षकों नैतिक शिक्षा के लिए लिखें पुस्तक का विमोचन

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ राज्य के आठ अलग-अलग जिलों के शिक्षकों द्वारा बच्चों को नैतिक शिक्षा देने के लिए सत्य घटनाओं पर आधारित कहानी की किताब लिखी है।कहानियों में जो पात्र है वह घर परिवार स्कूल से है और यह सत्य घटना पर आधारित हैं। 50 कहानियों का संकलन लिए इस किताब का नाम है नैतिक कहानियों का सार है।इस पुस्तिका का अनुवाद अंग्रेजी तथा छत्तीसगढ़ी में भी किया गया है।यह किताब ऑनलाइन प्लेटफॉर्म में भी उपलब्ध है।इन शिक्षाप्रद कहानियों को लिखने का मूल उद्देश्य बच्चों में नेतृत्व क्षमता, सहयोग, समर्पण और सुहानुभूति जैसे मूल्यों का विकास करने के साथ साथ ही विभिन्न समस्याओं के समाधान निकलने में भी मदद करना है। कलेक्टर द्वारा नैतिक कहानियों का कर पुस्तक के सभी रचनाकार शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा गया कि आप सभी अपनी शालाओं में बच्चों की शिक्षा में काम करते हुए उनकी भविष्य निर्माण करने के लिए जो अतिरिक्त समय दे कर इस पुस्तिका के माध्यम से बच्चों की नैतिक शिक्षा को मजबूत बना रहे है ।वह तारीफे काबिल है। साथ ही प्राथमिक शाला के बच्चों को नैतिक शिक्षा दी जाए तो उनके जीवन में लंबे समय तक इसका सकारात्मक प्रभाव रहेगा।इस अवसर पर जिले के जमीनी स्तर पर सक्रियता से कार्य कर रहे बीआरसीसी राजेन्द्र साहू भी उपस्थित थे। इस पुस्तक की रचनाकार मती ज्योति बनाफर का कहना है कि इस पुस्तक के माध्यम से हम बच्चों में रचनात्मकता को बढ़ावा देने का प्रयास कर रहे है। इस तरह से बच्चों की शिक्षा और मनोवैज्ञानिक विकास को बढ़ाते हुए उन्हें अच्छा नागरिक बनने के लिए प्रेरित करता है। इन पुस्तकों के निर्माण में बेमेतरा जिले से मती ज्योति बनाफर,दुर्ग जिले से सु के. शारदा,शक्ति जिले से पुष्पेंद्र कुमार कश्यप,महासमुंद जिले से रिंकल बग्गा,बिलासपुर जिले से चरण दास महंत,रायपुर जिले से मती अरुणिमा शर्मा, खैरागढ़ जिले से मती निहारिका झा और वेद प्रकाश दिवाकर शामिल हुए। यह सभी शिक्षक नित नए नवाचार के साथ स्कूल शिक्षा में अपना योगदान दे रहे हैं।

शिक्षकों ने बिटकुली स्कूल में कराया न्यौता भोज

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

शासकीय प्राथमिक शाला और पूर्व माध्यमिक शाला प्रवेश बिटकुली में शाला प्रवेश उत्सव का कार्यक्रम बहुत ही धूमधाम से मनाया गया, सर्वप्रथम शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष गोविंद साहू ग्राम वरिष्ठ सदस्य समद्रू राम पाटिल, देवेंद्र पाटिल ,कौशल पाटिल, राममोहन यादव के द्वारा मां सरस्वती के तेल चित्र पर पूजन किया गया इसके पश्चात नव प्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर मिष्ठान खिलाकर पाठ्य पुस्तक और यूनिफॉर्म का वितरण किया गया । शिक्षकों द्वारा न्योता भोज का आयोजन किया गया जिसमें खीर, पुरी ,केला ,बिस्कुट और चॉकलेट का वितरण बच्चों को किया गयाद्य इस कार्यक्रम में पूर्व माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक तीरथ राम साहू ,संत कुमार बंजारे , विजेता भुवद्यल एवं प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक पूरनलाल साहू ,राकेश कुमार ठाकुर, पद्मराज सिंह भुवद्यल उपस्थित रहे।

कन्हेरा प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला में मनाया गया प्रवेश उत्सव

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

विकास खंड साजा के कन्हेरा प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला में प्रवेश उत्सव का कार्यक्रम रखा गया। जिसमें ग्राम सरपंच, प्राथमिक शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष उपाध्यक्ष सदस्य प्राथमिक शाला के समस्त शिक्षक एवं शिक्षिकाएं एवं ग्रामीणजन उपस्थित हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के छायाचित्र पर गुलाल लगाकर एवं पूजा, अर्चना के साथ हुआ। कार्यक्रम में उपस्थित ग्राम सरपंच संतोष कुमार गंधर्व द्वारा कक्षा 1ली एवं कक्षा छठवीं में नवप्रवेशित बच्चों का गुलाल लगाकर, मिठाई खिलाकर गणवेश व पुस्तक वितरण किया गया। इसी प्रकार के अन्य बच्चों की गुलाल लगाकर, मिठाई खिलाकर पुस्तक एवं गणवेश का वितरण किया गया। आज का स्कूल संचालनकर्ता द्वारा एवं अतिरिक्त न्योता भोज के रूप ही टोपलाल गेन्द्र द्वारा समस्त बच्चों की केला खिलाया गया। ग्राम सूरपंच द्वारा समस्त बच्चों को अनुशासित रहने एवं रोजाना स्कूल आने की सलाह दी गई। अंत में राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।साला प्रवेश उत्सव में प्राथमिक शाला कन्हेरा के प्रधान पाठक अगरदास मनहरे रश्मि बंजारे प्रधान पाठक पूर्व माध्यमिक शाला कन्हेरा के प्रधान पाठक चौवन सिंह चौहान प्रवीण कुमार वर्मा मोहन कुमार बंजारे टोप लाल गैन्डे पुष्पा साहू रेखा रेखा साहू की उपस्थिति में शाला प्रवेश उत्सव संपन्न हुआ।

आपातकाल की 50 वीं बरसी पर भाजपाइयों ने काली पट्टी लगाकर प्रदर्शित किया विरोध

पायनियर संवाददाता ➤ कुम्हारी
www.dailypioneer.com

भाजपा कुम्हारी मंडल द्वारा आपातकाल की 50 वी बरसी के रूप मंगलवार को कुम्हारी चौक में काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया गया । उन्होंने बताया कि भारतीय संविधान में आज के दिन को काला दिवस के रूप में माना जाता है क्योंकि आज ही के दिन भारत के इतिहास में आपातकाल लगाई गई थी जिसको लागू कराने वाली देश की भूतपूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने अपने नेतृत्व के बल पर देश को ऐसी विषम परिस्थितियों में लाकर खड़ा कर दिया जिसे लोग आज भी आपातकाल के रूप में याद करते हैं । देश के करोड़ों लोग जेल गए थे और कष्टों के शिकार हुए थे । इसी के विरोध स्वरूप मंगलवार को कुम्हारी भाजपा मंडल द्वारा पार्टी के कार्य कर्ताओं ने स्टेशन चौक में काला दिवस के रूप में काली पट्टी लगाकर विरोध प्रदर्शन किया । इसके पश्चात सभी कार्यकर्ताओं ने भिलाई चरोदा निगम के पार्षद ललित यादव के आकस्मिक निधन पर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की जिसमें मुख्य रूप से रामाधार शर्मा, रामकुमार सोनी, अवधेश शुक्ला, प्रदीप चतुर्वेदी, कैलाश सोनकर, इमरान रिजवी, उमाकांत साहू, फिगेश्वर साहू, रजनीकांत अग्रवाल, थानेश्वर सोनकर, आर के सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष पी एन दुबे, पार्षद ओंकार प्रसाद मारकंडे, विनोद बंजारे एवं मंडल महामंत्री धर्मेंद्र सिन्हा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

सेजस में धूमधाम से मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव

पायनियर संवाददाता ➤ कुम्हारी
www.dailypioneer.com

सेजस में 26 जून बुधवार को शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम एवं शाला निरीक्षण अत्यंत हर्ष एवं उल्लास के साथ मनाया गया । जिसमें सुबह की प्रार्थना सभा और शाला प्रवेश उत्सव के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में भिलाई तीन के नायब तहसीलदार, शाला सांसद प्रतिनिधि रामकुमार सोनी, जन प्रतिनिधि अवधेश शुक्ला, रामधार शर्मा, मनोज वर्मा, मुख्य नगर पालिका परिषद कुम्हारी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी नेतराम चंद्राकर सम्मिलित हुए । कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष समस्त अतिथियों एवं विद्यालय की प्राचार्या द्वारा दीप प्रज्वलित कर की गई । मिडिल विंग के छात्र-छात्राओं द्वारा अतिथियों एवं नव प्रवेशी बच्चों के समक्ष सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई । विद्यालय में आए अतिथियों, प्राचार्या एवं कक्षा शिक्षिकाओं के द्वारा कक्षा पहली 102 विद्यार्थियों,कक्षा 6वीं के 112 विद्यार्थियों एवं कक्षा नवमी के अंग्रेजी माध्यम के 113छात्रों, हिंदी मीडियम के 113 छात्रों को तिलक लगाकर उनका विद्यालय में स्वागत किया गया । नए एडमिन द्वारा बच्चों को पुस्तक एवं मिष्ठान्न के रूप में चॉकलेट वितरण किया गया । अतिथियों ने बच्चों को अपना शुभ आशीष प्रदान किया है । विद्यालय में आगे बढ़ने के लिए निरंतर विद्यालय आने और मेहनत करने की शिक्षा दी । सभी कार्यक्रम विद्यालय प्राचार्या एवं समस्त शिक्षकों के सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ ।

सेल प्रबंधन के खिलाफ स्टील वर्कर्स फेडरेशन आफइंडिया ने किया विशाल धरना-प्रदर्शन

पायनियर संवाददाता ➤ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

सेल प्रबंधन द्वारा श्रमिकों के वेतन समझौता मामले में ढुलमुल एवं भेदभाव पूर्ण रवैया के खिलाफ 25 जून को सेल की सभी इकाइयों में स्टील वर्कर्स फेडरेशन आफ इंडिया (सीटू)के आव्हान पर विशाल धरना प्रदर्शन किया गया। जिसके तहत हिंदुस्तान स्टील एम्पलाइज यूनियन (सीटू) के कार्यकर्ताओं द्वारा राजहरा माइन्स ऑफिस के सामने धरना प्रदर्शन किया द्य यूनियन की ओर से प्रबंधन के समक्ष वेतन समझौते को पूर्ण करने की मांग लंबे समय से की जा रही है लेकिन प्रबंधन के ढुलमुल रवैये और भेदभावपूर्ण नीति के कारण समझौता में देरी के खिलाफ आखरिकार यूनियन को फिर से आंदोलन का रास्ता अख्तियार करना पड़ रहा है। सीटू के अध्यक्ष पुरुषोत्तम सीमैया ने कहा कि सेल मैनेजमेंट के द्वारा खदान में काम करने वाले लोगों को तीन वर्गों में बांटा जा रहा है द्य जिसे प्रथम वर्ग है अधिकारी वर्ग दूसरे वर्ग हैं नियमित कर्मचारी तथा तीसरा वर्ग है संविदा कर्मचारी अर्थात ठेका श्रमिक द्य प्रबंधन की ओर से अधिकारी वर्ग को बिना मांगे पूरी सुविधा मुहैया कराया जा रहा है । वहीं नियमित कर्मचारियों को बायोमैट्रिक अटेंडेंस , ग्रैजुएटी सीलिंग , 39 माह के एरियस की जब्ती, घटिया चिकित्सा सुविधा, का तोहफा दिया जा रहा है। खदानों में काम करने वाले ठेका श्रमिकों को वेतन भत्ते आदि मामले पर परेशान किया जा रहा है द्य ठेका श्रमिकों को मिलने वाली नाइट अलाउंस को भी नियमित कर्मचारियों की तरह देने का संगठन की ओर से मांग की जा रही है । यूनियन के कार्यकारी अध्यक्ष कामरेड ज्ञानेंद्र सिंह ने कहा कि एक तरफ महार कंपनी यह कहती है कि कानून के तहत 10 तारीख के अंदर सभी श्रमिकों को वेतन दिया जाना चाहिए ।दूसरी ओर ठेकेदारों के द्वारा ठेका श्रमिकों को दो-तीन माह तक वेतन नहीं मिलता है द्य शिकायत करने पर भी प्रबंधन की ओर से ठेकेदारों के ऊपर कोई कार्यवाही नहीं होती है। यह बड़े दुख की बात है द्य नियमित कर्मचारियों को 39 माह की एरियर्स, कम एमजीबी की भरपाई के लिए अतिरिक्त एग्रीमेंट ,एवं असीमित ग्रेजुएटी हमारा हक है जिसे छीनने की कोशिश की जा रही है। बायोमेट्रिक लागू करने से पहले प्रबंधन द्वारा 39 माह के एरियर्स, खदानों में अच्छी चिकित्सा सुविधा, बेहतर आवास व शिक्षा की व्यवस्था की जाऐ। सचिव कामरेड प्रकाश क्षत्रिय ने कहा कि कोई भी कर्मचारी धरना प्रदर्शन या हड़ताल नहीं करना चाहता वह चाहता है कि उन्हे जो मिलने वाली सुविधाएं और लाभ समय-समय पर मिलता रहे द्य लेकिन मैनेजमेंट के द्वारा मजदूरों को हमेशा परेशान किया जाता है द्य मैनेजमेंट चाहता है कि उत्पादन दिनों दिन बढ़ता रहे लेकिन मजदूरों को मिलने वाले सुविधाओं में इजाफा करने के बजाय वह कटौती करने में लगा रहता है द्य शासन के द्वारा जो खदान एक्ट में लागू की गई ऐसे कई योजनाएं हैं जो मजदूर तक नहीं पहुंच पाती द्य आज भी कई डिपार्टमेंट ऐसा है जिसमें मेडिकल सुविधा लागू नहीं हो पाई है द्य उन्होंने कहा कि खदान ठेका श्रमिकों को भी बढे हुए नाइट शिफ्ट एलाउंस का लाभ दिया जाऐ। मजदूरों को मिलने वाली ग्रेजुएटी पर भी मैनेजमेंट के द्वारा दमन पूर्वक सीलिंग कर दिया गया है। जिससे रिटायरमेंट होने वाले कर्मचारियों को लाखों का नुकसान हो रहा है।

शंकर गुहा नियोगी के निवास जाकर उनकी पत्नी आशा गुहा नियोगी एवं पुत्र जीत गुहा नियोगी को शाल व श्रीफल भेंट किया

भाजपाइयों ने किया मीसा बंदियो के परिवार का सम्मान

पायनियर संवाददाता ➤ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

25 जून भारतीय संविधान के इतिहास में काला दिवस के रूप में याद किया जाता है इस दिन सन् 1975 मे भूतपूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के तानाशाही निर्णय द्वारा पूरे देश में आपातकाल घोषित कर दिया गया था और विभिन्न समाज सेवी संगठन एवं राजनीतिक संगठन के लोगों को बलपूर्वक जेल में डाल दिया गया था। भारतीय संविधान के इतिहास में काला कानून मीसा लागू कर दिया गया था। जिन राजनीतिक संगठन एवं समाज सेवी संस्था के लोग मीसाबंदी के रूप में कांग्रेस की तानाशाही झेलते हुए एवं उसका पुरजोर विरोध करते हुए बंदी के रूप में जेल में रहे। आज उन मीसा बंदियो के परिवार का सम्मान भारतीय जनता पार्टी द्वारा बालोद जिले में कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप एवं जिला अध्यक्ष पवन साहू द्वारा किया गया। इसी तारतम्य में भाजपा मंडल दल्ली राजहरा द्वारा मीसाबंदी में रहे दल्ली राजहरा श्रमिक नेता स्वर्गीय शंकर गुहा नियोगी के निवास जाकर उनकी पत्नी आशा गुहा नियोगी एवं पुत्र जीत गुहा नियोगी का सम्मान स्मृति चिन्ह शाल श्रीफल देकर किया गया एवं आशा गुहा ने उसे काल खंड में अपने हुए बीते अपने पीड़ा को साझा किया। कांग्रेस जैसे राजनीतिक संगठन जिनकी पृष्ठभूमि प्रारंभ से ही तानाशाही एवं सत्ता प्राप्ति रही है इनका आज के समय में लोकतंत्र के मंदिर में संविधान की कापी ले जाकर संविधान के रक्षा की बात करने वाले इनके पूर्वज नेताओ ने संविधान में 72 बार संशोधन कर संविधान को बदलने मे कोई कमी नही की इनका चरित्र जनता के बीच में जाकर उजागर करने का कार्य वर्तमान युवा पीढ़ी के लोगों को करना चाहिए इसके लिए आवश्यक है की वर्तमान युवा पीढ़ी अपने इतिहास से सबक ले जनता के बीच में इन विषयों को रख जागरूकता लाने का कार्य करें। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी मंडल अध्यक्ष राकेश द्विवेदी, महामंत्री महेंद्र सिंह, मदन माईती, महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष किरण सिंह, महेंद्र पिपरे, रमेश गुर्जर, भूपेंद्र श्रीवास, सोनू ठाकुर, नितेश श्रीवास्तव, राजेश कांबले, सोहद्रा ठाकुर, सुखावन्तीन ठाकुर, हुकुम सिंह ठाकुर, सुमित जैन ,गिरधर सिन्हा आदि लोग उपस्थित थे।

रिहायशी क्षेत्रों में गोदाम बढ़ा रही लोगों की परेशानियां, रेसिडेंसियल एरिया के मकानों का कमर्शियल उपयोग, क्षेत्रवासियों की बढ़ती है समस्या, कारवाही नहीं

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com

महानगरों की तर्ज पर शहर लगातार विकसित हो रहा है, लेकिन यहां लंबे समय से रिहायशी क्षेत्रों में गोदाम व कॉलोनियों में कमर्शियल उपयोग के लिए किराए में मकान देना समस्या बनी हुई है। क्योंकि आबादी वाले क्षेत्र में गोदाम होने से क्षेत्र के लोगों को कोई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है और बावजूद इसके लिए संबंधित अधिकारी इस पर कार्रवाई करने के बजाए अनदेखी करने में लगे हैं। विदित हो कि शहर विकसित हो रहा है और यही कारण है कि कई बड़े बड़े प्रतिष्ठान शहर में खुल रहे हैं। साथ मुख्य सड़कों व कॉलोनियों में कई व्यवसायी स्वयं के लाभ के लिए गोदाम स्थापित कर दे रहे हैं। जिसके कारण क्षेत्र के लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

बड़ी वाहनें करती हैं प्रवेश-बताया जा रहा है कि शहर में कई ऐसे कॉलोनी हैं जहां मकान किराए में लेकर व्यवसायी उसका उपयोग गोदाम के रूप में करते हैं। जिसके कारण गोदाम में कभी पिकप तो कभी अन्य बड़ी वाहनें प्रवेश करती हैं जिसके कारण क्षेत्र के लोगों को काफी समस्याएं झेलनी पड़ती है। यही नहीं मुख्य मार्गों पर भी यह नजारा आसानी से देखा जा सकता है। व्यवसायी सड़कों पर ही अपने गोदाम का सामान लोड अनलोड करते हैं जिसके कारण कई बार यातायात जाम की स्थिति भी निर्मित हो जाती है।

हो चुकी है घटना-कॉलोनी के मकानों में कमर्शियल उपयोग किया जा रहा है। जहां पूर्व में सावित्री नगर कॉलोनी में एक फायनेंस कंपनी संचालित थी। जहां फायनेंस कंपनी में कार्यरत युवक ने फांसी लगा ली थी, तब भी क्षेत्र के लोगों का कहना था कि रेसिडेंसियल एरिए में कमर्शियल उपयोग करने से क्षेत्र के लोग कई तरह से परेशान रहते हैं। यह आज की बात नहीं बल्कि लंबे समय से इस तरह कॉलोनियों व रिहायशी क्षेत्रों में गोदामों का संचालन किया जा रहा है।

कोल्ड स्टोरेज भी बना रहे-बताया जा रहा है कि शहर में कई लोग फल का व्यवसाय कर रहे हैं और इसके लिए शहर के रेसिडेंसियल इलाकों में किराया का बड़ा मकान लेते हैं। इसके बाद उसे कोल्ड स्टोरेज के रूप में डेवलप कर दिया जा जाता है। ताकि फलों के स्टॉक को वहां रख सकें। इससे आसपास रहने वालों की परेशानियां बढ़ जाती है। ऐसे में संबंधित विभाग के अधिकारियों को ऐसे जगहों का चिन्हित कर उसे शहर से बाहर संचालन कराना चाहिए। ताकि क्षेत्रवासियों की परेशानियां कम हो सके।

नहीं हो रही है कार्रवाई-शहर के बीच कॉलोनियों व रिहायशी क्षेत्रों में गोदामों का संचालन करने से उन्हें आर्थिक लाभ भी मिलता है। क्योंकि शहर से बाहर अगर गोदाम हो तो उन्हें ट्रांसपोर्ट पर आर्थिक नुकसान होगा और उसी को देखते हुए शहर के कॉलोनियों में गोदाम का संचालन कर रहे हैं। फिलहाल ऐसे गोदामों का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई करते हुए गोदामों को शहर से बाहर संचालन कराने की जरूरत है। ताकि लोगों की समस्याएं दूर हो सके।

दिव्यांग क्रिकेट खिलाड़ियों के लिए इंडियन व्हील चेयर प्रीमियर लीग का फाइनल मैच हुआ सम्पन्न

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com

सक्ति-आई पी एल की तर्ज मे दिव्यांग क्रिकेट खिलाड़ियों का इंडियन व्हील चेयर प्रीमियर लिग का फाइनल मैच 23 जून को उत्तराखंड चैलेंजर्स और मुंबई के बीच खेला गया, जिसमें उत्तराखंड की टीम विजेता बनी, विदित हो की इस टीम में छत्तीसगढ़ से तीन खिलाड़ियों का चयन हुआ था और इस श्रेणी में हो रहे पहले मैच में ही विजेता टीम का हिस्सा होने से छत्तीसगढ़ के खिलाड़ी पीलाबाबू (सक्ती), अमित कुमार (सक्ती), लक्की सोनी(कोरबा) बहुत ही प्रसन्न है, जिसमें सक्ती (असौंदा) से पीला बाबू ने भी अपने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। उनके इस खेल में सम्मिलित होने के पूर्व सक्ती कलेक्टर ने उन्हें क्रिकेट खेल सामग्री,जर्सी आदि के साथ जीत के आने और अपने राज्य और जिले का मान बढ़ाने के लिए बेहतर खेल प्रदर्शन की शुभकामनाएं दी थी, बाल भवन इंटरनेशनल स्कूल सेक्टर 12 नई दिल्ली में इस खेल का आयोजन किया गया। जिसमे देश भर आठ टीमों ने हिस्सा लिया। पीलाबाबू व उनकी टीम के इस उपलब्धि पर परिवार सदस्य पिता सुनाऊं व मोहन, प्रियंका, अमर, ज्योति फूले नहीं समा रहे, सक्ती से भोलाशंकर तिवारी, भुवनेश्वर देवांगन, सुधीर अग्रवाल, अशोक मेडिकल, साहिल सिंह, अग्रवाल, मिथलेश साहू, बाबा देवांगन, धनेश्वर जायसवाल जुड़गा, तथा ग्राम असौंदा सेभागवत पटेल, रूप नारायण राठौर, संजय राठौर, भुवनेश्वर पटेल, झनक राम पटेल, संतोष चौहान,नंद कुमार सिदार, धनंजय सिदार, मनोज बरेठ आदि शुभचिंतकों ने उनके जीत बधाई प्रेषित की है।

JBDAV स्कूल में भी शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम का हुआ आयोजन

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com

शहर के प्रतिष्ठित जेबीडीएवी स्कूल में बड़े ही हर्षोल्लास के प्रारंभ हुआ शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम, सर्वप्रथम सभी बच्चो को तिलक लगाकर शाला में प्रवेश कराया गया,तत्पश्चात चेयरमैन अनिल दरयानी द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ कर बच्चो को संबोधित करते हुए कहा की विद्यालय एक बगीचा है विद्यार्थी इसके रंग बिरंगे महकने वाले फूल है जिससे पूरा विद्यालय महकता है, उन्हें नए सत्र की बधाई देते हुए इस वर्ष के अपने लक्ष्य को निर्धारित कर अपने पथ पर आगे बढ़ने की बात कही,उसके बाद सभी बच्चों को पुस्तक वितरण किया गया। प्राचार्य के नागमणि के द्वारा बच्चों को लंबी छुट्टी के शाला में स्वागत करते हुए नए सत्र की बधाई देते हुए कहा कि जिस तरह अर्जुन की नजर केवल मछली की आंख पर थी उसी तरह अपने मन को कहीं भी भटकाते हुए केवल और केवल अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित कर उसी प्रकार से अपनी रणनीति तैयार करें और निरंतर आगे बढ़े।इस अवसर पर नए सत्र में वो बच्चे को आज पहली बार विद्यालय आए उन बच्चो ने अपना अनुभव बताते हुए बहुत ही खुश हो रहे थे, वही पुराने विद्यार्थी अपने मित्रो से, अपने शिक्षकों से मिलकर बहुत ही प्रफुल्लित हो रहे थे।विद्यालय के उप प्राचार्य आर एन धीवर ने बच्चो को नए सत्र की बधाई दी, सभी शिक्षकों ने भी बच्चो को बधाई दी और मिष्ठान् वितरण किया उसके बाद कक्षाएं सुचारू रूप से प्रारंभ की गई।

ग्राम ढोलगी विकासखंड लोरमी में विरांगना रानी दुर्गावती बलिदान दिवस मनाया गया

पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली
www.dailypioneer.com

ग्राम ढोलगी विकासखंड लोरमी में विरांगना रानी दुर्गावती बलिदान दिवस मनाया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि टी आर ध्रुव डिविजनल इंजीनियर रहे कार्यक्रम के अध्यक्षता गोंडसभा अध्यक्ष दयाराम ध्रुव ने को कार्यक्रम प्रारंभ अतिथियों द्वारा बुढ़ादेव सुमरनी एवम रानी दुर्गावती छायाचित्र पूजा पाठ कर किया गया तत्पश्चात समस्त अतिथियों का पिला चावल से तिलक लगाकर स्वागत किया गया ध्रुव जी समाज को सम्बोधित करते हुए कहा की बांदा जिले के कालिंजर किले में 1524 ईसवी की दुर्गाष्टमी पर जन्म के कारण ही उनका नाम दुर्गावती रखा गया। नाम के अनुरूप ही वह तेज, साहस, शौर्य और सुंदरता के कारण इनकी प्रसिद्धि सब ओर फैल गई।विरांगना महारानी दुर्गावती साक्षात दुर्गा थी। इस वीरतापूर्ण चरित्र वाली रानी ने अंत समय निकट जानकर अपनी कटार स्वयं ही अपने सीने में मारकर आत्म बलिदान के पथ पर बढ़ गईं। रानी दुर्गावती का पराक्रम कि उसने अकबर के जुल्म के आगे झुकने से इंकार कर स्वतंत्रता और अस्मिता के लिए युद्ध भूमि को चुना और अनेक बार शत्रुओं को पराजित करते हुए 1564 में बलिदान दे दिया। रानी दुर्गावती का नाम भारत की महानतम वीरांगनाओं की सबसे अग्रिम पंक्ति में आता है। आदिवासी समाज एकजुट होकर ही विकास कर सकता है शिक्षा से समाज जागरूकता आ सकती है कार्यक्रम का नेतृत्व रामजी ध्रुव ने किया कार्यक्रम में करमा, सुआ, डंडा नृत्य प्रस्तुति दी गई कार्यक्रम के पश्चात हजारों की संख्या में बाईक रैली ग्राम ढोलगी से लोरमी नगर में निकाली गई जिसमें प्रमुख रूप से जग सिंह ध्रुव, रामा नेताम, परस ध्रुव, सीताराम ध्रुव, रतिराम ध्रुव ,सूरज कोल, लतेलु ध्रुव, मेघनाथ, रामू ध्रुव रामकलम नेताम ,देवा मार्को,रूपराम ध्रुव खेम ध्रुव, चंद्रू ध्रुव, बृजभूषण ध्रुव, राजू ध्रुव, अश्वनी ध्रुव, भुनेश्वर ध्रुव, लालू ध्रुव, रामेश्वर ध्रुव, प्रेमचंद ध्रुव, सुनीता ध्रुव, रानू ध्रुव, सुनीता ध्रुव, रामेश्वरी मंजू ध्रुव, हजारों की संख्या में आदिवासी समाज के लोग उपस्थित रहे।

जेएलएन डिग्री कॉलेज में स्नातक प्रथम वर्ष में प्रवेश की प्रक्रिया हुई प्रारंभ

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com

शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय रायगढ़ के दिशा- निर्देशानुसार नई शिक्षा नीति 2020 के परिपालन में शक्ति जिले के जेएलएन डिग्री कॉलेज में नए शैक्षणिक क्षेत्र के लिए स्नातक प्रथम वर्ष-बीए, बीकॉम, बीएससी में ऑनलाइन प्रवेश की प्रक्रिया 18 जून 2024 से प्रारंभ हो चुकी है, उपरोक्त जानकारी देते हुए महाविद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर शालू पाहवा ने बताया की नई शिक्षा नीति 2020 का परिपालन करते हुए प्रवेश की प्रक्रिया चल रही है, तथा ऑनलाइन प्रवेश के लिए फॉर्म भरने वाले छात्र-छात्राओं हेतु 10 जुलाई को प्रवेश की प्रथम मेरिट सूची जारी की जाएगी, प्राचार्य डॉक्टर शालू पाहवा ने बताया कि नई शिक्षा नीति 2020 में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं के हित में शिक्षा व्यवस्था को और अधिक बेहतर बनाने का प्रयास किया गया है, तथा शक्ति के जेएलएन डिग्री कॉलेज में भी महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को बेहतर शिक्षा व्यवस्था मिल सके इस दिशा में महाविद्यालय प्रबंधन निरंतर प्रयासरत है, प्राचार्य डॉक्टर शालू पाहवा ने स्नातक प्रथम वर्ष की कक्षाओं में प्रवेश लेने वाले ऐसे सभी छात्र-छात्राओं को यथाशीघ्र निर्धारित समयावधि में अपने ऑनलाइन प्रवेश फॉर्म की प्रक्रिया पूर्ण कर लेने की अपील की है।

जिले में शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम का हुआ आयोजन

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग के दिशा-निर्देशानुसार शक्ति जिले के जिला शिक्षा अधिकारी एन के चंद्रा के निर्देशन में प्रत्येक प्राइवेट तथा सरकारी स्कूलों में बच्चों को तिलक लगाकर प्रवेश उत्सव कराया गया इस अवसर पर शक्ति के अखराभांटा स्थित सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में विद्यालय प्रबंधन समिति के कोषाध्यक्ष रामअवतार अग्रवाल, सदस्य बजरंग लाल अग्रवाल एवं डमरूधर देवांगन की उपस्थिति में जहां बच्चों को तिलक लगाकर प्रवेश दिलाया गया तो वहीं इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य पुरण गिरी गोस्वामी, प्रधानाचार्य बलदाऊ प्रसाद साहू सहित विद्यालय परिवार के शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे तथा बच्चों को तिलक लगाकर मुंह मीठा भी कराया गया एवं इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति के पदाधिकारी रामावतार अग्रवाल ने कहा कि शाला प्रवेश उत्सव के माध्यम से बच्चों को नए शैक्षणिक सत्र के लिए वर्ष भर शिक्षा के प्रति जागरूक करने हेतु एक प्रेरणा दी जाती है तथा विद्यालय परिवार भी शाला प्रवेश उत्सव को लेकर सक्रिय रहता है।

अवैध कबाड़ पर पूंजीपथरा पुलिस की ताबड़तोड़ कार्रवाई, 02 ट्रक और 02 माजदा वाहन में लोड 43 टन अवैध कबाड़ जप्त, चारों वाहन चालक पर कार्रवाई

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com

पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल द्वारा अवैध कबाड़ के कारोबार में संलिप्त व्यक्तियों पर प्रभावी कार्यवाही करने के दिशा निर्देश सभी थाना, चैकी प्रभारियों को दिए गए हैं। पुलिस अधीक्षक के दिशा निर्देशों एवं डीएसपी अभिनव उपाध्याय के मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी पूंजीपथरा निरीक्षक राकेश मिश्रा द्वारा क्षेत्र में अवैध कबाड़ के परिवहन तथा अवैध गतिविधियों पर नजर रखना अपने स्टाफ के साथ मुखबिर को तैनात किया गया है। इसी क्रम में कल शाम थाना प्रभारी को मुखबीर से मिली सूचना पर वाहन चेकिंग दौरान कार्यवाही करते हुए गेरवानी चौक एवं जिंदल गेट पूंजीपथरा के पास 02 ट्रक और 02 माजदा वाहन में परिवहन किये जा रहे अवैध कबाड़ को पकड़ा गया है। पूंजीपथरा पुलिस ने जिंदल गेट पूंजीपथरा के पास वाहन चालक कमलेश चौधरी के ट्रक क्रमांक सीजी 15 ईडी 9986 में लोड 16.260 टन कबाड़ (कीमत 3,52,000) तथा वाहन चालक अरविंद यादव के ट्रक क्रमांक सीजी 04 जेसी 6389 में लोड 13 टन कबाड़ (कीमत 2,86,000) का किया गया। इसी प्रकार गेरवानी चैक पर वाहन चालक सुभाष शर्मा के माजदा क्रमांक सीजी 13 एपी 2654 में 8.250 टन कबाड़ (कीमत 1,76,000) एवं गेरवानी चैक पर वाहन चालक गुड्डू कुमार गोस्वामी के माजदा सीजी 13 ए.आर. 1693 में 6 टन स्क्रेप (कीमत 1,32,000) की जप्ती की गई है। इस प्रकार चारों वाहन से कुल 43.51 टन लोहा-टीना का कबाड़ कीमत 9,46,000 का जप्त किया गया है, वाहन चालकों के पास कबाड़ परिवहन का वैध कागजात नहीं होने पर थाना पूंजीपथरा में इस्तगासा क्रमांक 4, 5, 6, 7/2024 धारा 41(1-4)सीआरपीसी/379 आईपीसी के तहत कार्यवाही किया गया है । थाने से निकलने के पश्चात वाहन चालकों द्वारा कार्रवाई को लेकर गवाहों को शिकायत कर कार्यवाही कराए हो कह कर गाली गलौज कर रहे थे जिन्हें पुलिस अधिकारियों द्वारा समझाइश दिया फिर भी वे पुलिस के समक्ष गवाहों से झगड़ा मारपीट पर उतारू हो गए शांति भंग की अंदेशा पर टीआई पूंजीपथरा द्वारा चारों वाहन चालकों पर पृथक-पृथक धारा 151/107,116(3)ब्तच्ब् के तहत कार्यवाही किया गया है ।

पंकज अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य में हुआ गणवेश वितरण एवं शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com

ग्राम चोरिया के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं शासकीय प्राथमिक शाला शिवपुर में शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन 26 जून को बाराद्वार के जर्नलिस्ट,सामाजिक कार्यकर्ता पंकज अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ, कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम चोरिया के उप सरपंच नारायण सुर्यवंशी ने की एवं विशिष्ट अतिथि भूखनलाल थवाईत, तिजाउ साहू, रवि श्रीवास, नाथूराम सुर्यवंशी, संतोष साहू, सुमन सुर्यवंशी, नंदगोपाल देवांगन, पुरूषोत्तम सुर्यवंशी थे।

कार्यक्रम की शुरूवात अतिथियों के द्वारा मां सरस्वती के तैलचित्र के सामने दीप प्रज्वलन के साथ पुजा अर्चना करते हुए की गई, जिसके बाद नव प्रवेशी छात्रो को तिलक लगाते हुए मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया व शासन के निर्देशानुसार गणवेश और पाठ्यपुस्तक प्रदान करते हुए प्रवेशोत्सव धूमधाम से मनाया गया, कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि पत्रकार पंकज अग्रवाल ने बच्चो को मोटिवेशनल स्पीच देते हुए कहा कि छात्र छात्राऐं कभी भी हार नही माने, वे खुद का आंकलन करना कभी नही छोडे, नही तो वे आगे कभी नही बढ पायेंगे।

नए कानूनों से विचलित होने के बजाय इसका भलीभांति अध्यन कर परिपालन सुनिश्चित करें यही हम सबका दायित्व है

1 जुलाई से लागू होने वाले नये कानून के विषय में जैजैपुर में अनुविभाग स्तरीय कार्यशाला आयोजित

पायनियर संवाददाता ➤ जैजैपुर
www.dailypioneer.com

मुख्य सचिव, छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार एक जुलाई से लागू होने वाले नवीन कानून के लिए जागरूकता लाने प्रदेशभर में कार्यशाला आयोजित की जा रही है। इसी तारतम्य में कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अमृत विकास तोपनो के निर्देशन में 1 जुलाई से लागू होने वाले नये कानून को लेकर जैजैपुर जनपद पंचायत सभाकक्ष में अनुविभाग स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई ।कार्यशाला में 1 जुलाई 2024 से लागू होने वाले भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 के बारे में निर्धारित ट्रेनरों द्वारा पीपीटी के माध्यम से विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। जनपद पंचायत सभाकक्ष में आयोजित कार्यशाला मे कानून में समयानुकूल परिवर्तन एक नियमित प्रक्रिया हैं उससे सशंकित होने के बजाय उसे आत्मसात कर समुचित परिपालन सुनिश्चित करना हम सबका दायित्व है। हर नई चीज या कानून बिना पर्याप्त जानकारी के असहज और कठिन लगती है, पर जैसे ही उसका ज्ञान हासिल कर आत्मसात कर लेते हैं वह उतना ही सहज और सरल प्रतीत होता है अतः हम सब इन नए कानूनों से विचलित होने के बजाय इसका भलीभांति अध्यन कर परिपालन सुनिश्चित करें यही हम सबका दायित्व है। 1 जुलाई से लागू होने वाले नये कानून के बारे में जानकारी देने के लिए आज कार्यशाला का आयोजन किया गया। लागू होने वाले नए कानून देश की न्याय व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ तथा पारदर्शी बनाएंगे। भारतीय न्याय संहिता का उद्देश्य आपराधिक न्याय प्रणाली में सुधार करना है, जबकि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करने के साथ-साथ सुरक्षा उपायों को भी सुनिश्चित करती है। भारतीय साक्ष्य अधिनियम न्यायालय में प्रस्तुत किए जाने वाले साक्ष्यों की मान्यता और प्रामाणिकता से संबंधित है जिसके बारे में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिये मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत जैजैपुर वर्षा रानी चिकनजुरि, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सोम, लक्ष्मी कान्त कोरि तहसीलदार भोथिया,, ललित चंद्रा टी.आई जैजैपुर, धनराज सूर्यवंशी, विष्णु गहरवार सीएमओ जैजैपुर, सौनसाय देवांगन अध्यक्ष नगर पंचायत जैजैपुर, तुलसी प्रसाद चंद्र अध्यक्ष सचिव संघ जैजैपुर, कोरमा सिंह, बसंत सिदार, प्रमिमा देवांगन, सुनीता चौहान, सुप्रिया साहू, भिष्म पटैल हसीलदार हसौद, मदन लाल अध्यक्ष अधिवक्ता संघ जैजैपुर, भरत चंद्रा , सैतराम कुर्रे, सरपचगण, सचिवगण आदि शामिल हुये।

अचल सम्पत्तियों की बिक्री हेतु ई–नीलामी के लिए सार्वजनिक सूचना

आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में जिसे इंडिया इंफोलाइन हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) (आईआईएफएल–एचएफएल) कॉर्पोरेट कार्यालय प्लॉट नं. 98, उद्योग विहार, फेज–IV, गुड़गांव –122015 (हरियाणा) के पास बंधक रखी गई अचल संपत्ति की बिक्री और शाखा कार्यालय में: "प्रथम तल, ग्वालानी चेम्बर्स, गोल्ड जिम के पास, व्यापार विहार, बिलासपुर सीजी 495001" वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (इसके बाद "अधिनियम") के तहत जबकि आईआईएफएल–एचएफएल के प्राधिकारी अधिकारी ("एओ") ने अधिनियम की धारा 13(2) के तहत निम्नलिखित ऋण खातों/प्रोसपेक्ट सं. में जारी नोटिस के अनुसरण में निम्नलिखित संपत्ति/संपत्तियों को अपने कब्जे में ले लिया था, जिसमें आईआईएफएल–एचएफएल की बकाया राशियों की वसूली के लिए "जहां है जैसा है और बिना किसी आधार के बेचा जा रहा है। बिक्री अधोहस्ताक्षरी द्वारा वेबसाइट **www.iiflonehome.com** पर उपलब्ध ई–नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से की जाएगी।

कर्जदार(रों)/ सह–कर्जदार(रों)/ गारंटर(रों)	मांग सूचना की तिथि एवं राशि	अचल संपत्ति/ सुरक्षित संपत्ति का विवरण	सांकेतिक कब्जे की तिथि	आरक्षित मूल्य
1. श्री विशाल कछवाहा 2. जे के फूड कंपनी 3. श्रीमती कोमल कछवाहा (प्रोस्पेक्ट नं. IL10535380)	09.02.2024 रु. 19,14,884 (रु. उन्नीस लाख चौदह हजार आठ सौ चौरासी मात्र)	सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि प्लॉट नं. 141 और 142, केएच नं. 367 एवं 367/1, 397/3, 424/1, 424/2, 423/1, 425, 433 का भाग, गीता लेक सिटी, मौजा गतौरी, पीएनएन 01/21, आर.एन.एम. बिलासपुर, तहसील एवं जिला बिलासपुर, छत्तीसगढ़, 495001 क्षेत्रफल (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकार: भूमि_क्षेत्रफल, विक्रययोग्य_क्षेत्रफल संपत्ति क्षेत्रफल 3000.00, 3000.00	13.05.2024	रु. 15,60,000/– (रु. पद्रंह लाख साठ हजार मात्र)
	बोली वृद्धि राशि		कुल बकाया	जमा धरोहर राशि (ईएमडी)
	रु. 25,000/– (रु. पच्चीस हजार मात्र)		दिनांक 05.06.2024 तक रु. 20,12,173/– (रु. बीस लाख बारह हजार एक सौ तिहत्तर मात्र)	रु. 1,56,000/– (रु. एक लाख छप्पन हजार मात्र)

सम्पत्ति के निरीक्षण की तिथि	ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि	ई–नीलामी की तिथि / समय
29.07.2024 को पूर्वाह्न 1100 बजे से अपाह्न 1400 बजे	31.07.2024 को अपाह्न 05.00 बजे	02.08.2024 को पूर्वाह्न 1100 बजे से अपाह्न 1300 बजे

भुगतान का प्रकार:– ईएमडी भुगतान केवल ऑनलाइन मोड द्वारा किया जाएगा। भुगतान करने के लिए आपको https://www.iiflonehome.com पर जाना होगा और केवल संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति के लिए उपलब्ध लिंक के माध्यम से भुगतान करना होगा।
टिप्पणी: प्रत्येक संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति के लिए भुगतान लिंक अलग है। सुनिश्चित करें कि आप उस संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति के लिंक का उपयोग कर रहे हैं जिसे आप सार्वजनिक नीलामी के माध्यम से खरीदना चाहते हैं। सफल बोली पर शेष भुगतान के लिए आरटीजीएस/एनईएफटी के माध्यम से भुगतान करना होगा। खातों का विवरण इस प्रकार है: क) खाते का नाम:– आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड, ख) बैंक का नाम:– स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक, ग) खाता संख्या:–9902879xxxxx उसके बाद प्रॉस्पेक्ट नंबर, घ) आईएफएससी कोड:– SCBL0036001 ङ) बैंक का पता: स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक, 90 एम.जी. रोड, फोर्ट, मुंबई–400001

नियम और शर्तें:–
1. ई–नीलामी में भाग लेने हेतु, इच्छुक बोलीदाताओं को सेवा प्रदाता **https://www.iiflonehome.com** के साथ अपना विवरण पंजीकृत करना आवश्यक है, को पहले से ही लॉगिन अकाउंट, लॉगिन आईडी और पासवर्ड बनाना होगा। इच्छुक बोलीदाताओं को ईएमडी के भुगतान विवरण, केवाईसी और पैन कार्ड की प्रति के साथ अपना "निविदा फॉर्म" उपरोक्त शाखा कार्यालय में जमा/भेजना होगा।
2. बोलीदाताओं को "बोली वृद्धि राशि" कॉलम के तहत उल्लिखित राशि के गुणकों में अपने प्रस्ताव में सुधार करना होगा। यदि नीलामी के समापन समय के अंतिम 5 मिनट में बोली लगाई जाती है, तो समापन समय स्वचालित रूप से 5 मिनट के लिए बढ़ाया जाएगा।
3. सफल बोलीदाता को एओ द्वारा बोली मूल्य की स्वीकृति के 24 घंटे के भीतर बोली राशि का 25% (ईएमडी समायोजित करने के बाद) जमा करना होगा और बोली राशि का शेष 75% सुरक्षित लेनदार द्वारा बिक्री की पुष्टि की तारीख से 15 दिनों के भीतर जमा करना होगा। सभी जमा और भुगतान के निर्धारित भुगतान के मोड से होंगे।
4. क्रेता को उपकर, लागू स्टांप शुल्क, व्यय, और कोई अन्य वैधानिक बकाया या अन्य बकाया जैसे नगरपालिका कर, बिजली शुल्क, भूमि और अन्य सभी आकस्मिक लागत, संपत्ति से संबंधित सभी करों और दरों सहित बकाये का वहन करना होगा।
5. बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे नीलामी बिक्री और नीलामी आवेदन के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए वेबसाइट **https://www.iiflonehome.com** और **https://www.iifl.com/home-loans/properties-for-auction** देखें। ई–नीलामी बिक्री कार्यवाही में भाग लेने के लिए अपनी बोली फॉर्म जमा करने से पूर्व।
6. विवरण के लिए, ई–नीलामी पर सहायता प्रक्रिया और ऑनलाइन प्रशिक्षण के लिए संभावित बोलीदाता सेवा प्रदाता ईमेल आईडी : **care@iiflonehome.com** सहायता हेल्पलाइन नं. 1800 2672 499 से संपर्क कर सकते हैं।
7. संपत्ति के विवरण, संपत्ति के निरीक्षण और ऑनलाइन बोली आदि से संबंधित किसी भी प्रश्न के लिए सोमवार से शुक्रवार 09:30 बजे से 18:00 बजे तक आईआईएफएल एचएफएल के टोल फ्री नंबर 1800 2672 499 पर कॉल करें या ईमेल पर **care@iiflonehome.com** लिखें
8. उपरोक्त उधारकर्ताओं को नोटिस दिया जाता है कि वे 7 दिनों के भीतर भौतिक कब्जा लेने के समय सुरक्षित संपत्ति में पड़े घरेलू सामान को वापस ले लें। अन्यथा आईआईएफएल–एचएफएल किसी भी परिस्थिति में संपत्ति के नुकसान के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।
9. इसके अलावा ऋणी को नोटिस दिया जाता है, यदि वे उपरोक्त वस्तुओं को एकत्र करने में विफल रहते हैं तो उन्हें कानून के अनुसार बेचा जाएगा।
10. उपरोक्त निर्धारित समय के भीतर सफल बोलीदाता/नीलामी क्रेता द्वारा किसी भी स्तर पर भुगतान में चूक के मामले में, बिक्री रद्द कर दी जाएगी और पहले से भुगतान की गई राशि (ईएमडी सहित) जब्त कर ली जाएगी और संपत्ति को फिर से बिक्री के लिए रखा जाएगा।
11. एओ के पास बिना कोई कारण बताए निविदा/नीलामी के नियमों और शर्तों को स्थगित/रद्द करने या बदलने का अधिकार सुरक्षित है। निविदा/नीलामी में किसी भी विवाद के मामले में, आईआईएफएल–एचएफएल के एओ का निर्णय अंतिम होगा।

सरफेसी अधिनियम, 2002 के नियम 8(6) के तहत 30 दिनों की वैधानिक बिक्री सूचना

उधारकर्ता को निविदा/नीलामी की तारीख से पहले उपरोक्त उल्लिखित राशि का भुगतान दिनांकित ब्याज और सहायक खर्चों के साथ करने के लिए सूचित किया जाता है। ऐसा न करने पर संपत्ति को नीलाम/बेच दिया जाएगा और शेष बकाया, यदि कोई हो, ब्याज और लागत सहित वसूल किया जाएगा

स्थान : बिलासपुर, तिथि : 28.06.2024 **हस्ता/– प्राधिकृत अधिकारी,** आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड

निर्दोश गौ सेवक के गिरफ्तारी और गौ तस्करी के खिलाफ विहिप, बजरंग दल ने राजधानी रायपुर में किया जेल भरो आंदोलन

धमतरी जिले के 1000से अधिक बजरंगी गिरफ्तारी देने रायपुर पहुंचे

पायनियर संवाददाता ◂ धमतरी
www.dailypioneer.com

विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल धमतरी हमेशा राष्ट्र सेवा धर्म सेवा और समाज सेवा में अपना अग्रणी योगदान देता रहा है कुछ समय पूर्व आरंग थाना क्षेत्र में सहारनपुर से आए कुछ गौ तस्कर गौ माता की तस्करी कर रहे थे जिनका पीछा पुलिस की गाड़ी और गौ रक्षक भी कर रहे थे। रात को गौ तस्कर की गाड़ी पंचर होने के कारण गाड़ी को रोक कर गौ तस्कर पुलिस के डर से भागने की कोशिश कर रहे थे और भागते हुए पुलिस से बचने के लिए नदी में कूद गए नदी सुखा होने के कारण दो गौ तस्कर की तत्काल मौत हो गई और एक गौ तस्कर इलाज के दौरान मर गया। जिसका झूठा आरोप दुर्भावना पूर्ण और साजिश के तहत कुछ लोग रोड में उतरकर गौ रक्षक रक्षको के खिलाफ मॉब लिंचिंग करने का आरोप लगाकर गौ तस्करी की मामले को दबाने का प्रयास कर रहे थे। शासन प्रशासन में बैठे कुछ लालची और रिश्वतखोर लोगो के कारण गौ सेवक और गौ रक्षको को गंभीर धारा लगाकर गिरफ्तारी की गई। जिससे संपूर्ण छत्तीसगढ़ के हिंदू समाज और गौ रक्षक ,गौ सेवको में भारी आक्रोश पैदा हुआ विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल छत्तीसगढ़ प्रांतके आह्वान पर छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों के लोग रायपुर सिटी कोतवाली के पास एकत्रित हुए और अपनी गिरफ्तारी देने के लिए जेल भरो आंदोलन किया जिसमें धमतरी जिले का अग्रणी सहयोग रहा धमतरी जिले से 1000 से अधिक कार्यकर्ता जिले के अलग.अलग क्षेत्र से अपनी गिरफ्तारी देने रायपुर पहुंचे जिन्हें विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के नेतृत्व कर्ता दिलीप साहू ,रवि कुमार साहू ,रजनीकांत देवांगन,दीपक सोनी पुरुषोत्तम निषाद ,गोहान दास मानिकपुरी, देवेंद्र साहू,गजेंद्र साहू ,कुंज बिहारी, योगेंद्र साहू, चित्रेश साहू, नेम चंद साहू ,तोषण साहू, तुषार साहू , डाकेश्वर साहू, प्रिंस जैन, टोकेश साहू, छत्रपाल साहू,भीम यादव ,सनत साहू अजय साहू ,मुरलीधर जगत, गणेश सिन्हा विजयंत राव ,मानव यादव, जैसे कुशल नेतृत्व करने वाले कार्यकर्ताओ द्वारा जिले के विभिन्न क्षेत्रों से संगठित कर रायपुर बैजनाथ मंदिर प्रांगण तक पहुँचाया गया । जहाँ चित्रकूट के महाराज संत श्री राजीव लोचन दास जी के मार्गदर्शन में यह आंदोलन आगे बडा और सिटी कोतवाली रायपुर में पहुँचकर प्रदर्शन किया गया। हजारों की संख्या में हिन्दू समाज और बजरंगी लोग थाने के सामने रात तक निर्दोष गौ सेवक को छोडने और गौ तस्करी बंद करने तथा गौ तस्करों के खिलाफ कडी कार्यवाही कर बुलडोजर एक्शन की मांग को लेकर बैठे रहे। कई घंटों के प्रदर्शन के बाद रात तकरीबन 9:30 बजे उप मुख्यमंत्री अरुण साव प्रदर्शन रोकने के लिए प्रदर्शन स्थल पहुँचे और गौ भक्तों विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा की जा रही मांगो को जल्द पूरा करने का आश्वासन दिया तत्पश्चात आंदोलन को समापन घोषित किया गया। प्रांतीय पदाधिकारी ने अपने उद्धबोधन में कहा कि राज्य के कुछ लोग गौ तस्करों के साथ के समर्थन में खडे है । जिनको बिल्कुल बर्दास्त नही किया जाएगा उनके पूर्वजों ने देश की आजादी के बदले पाकिस्तान मांग चुके हैं अब इस देश मे वो किराएदार भी नही है ये देश हमारा और संविधान से ये देश चलेगा। अहिंसप्रेमी नेताओं की कुटिल मानसिकता के कारण जो डेढ करोड हिंदुओ की हत्या की गई और आजाद भारत का स्वप्न पूर्ण हुआ, ऐसा बिल्कुल भी न समझा जाए कि हमे स्वतंत्रता विरासत में मिली, अपनी स्वतंत्रता और मातृ भूमि पर सनातन की रक्षा के लिए किए जा रहे अत्याचारों को जड से उखाड फेंकने की आवश्यकता है। सनातन धर्म और हिन्दू समाज की सभ्यता के अस्तित्व की लडाई में चाहे प्राणों की आहुति देनी पढे हम पीछे नहीं हटेंगे, समूचे राष्ट्र में होने वाले डेमोग्राफिक परिवर्तन के विषय मे भी चिंतन की आवश्यकता है। समूची धरती पर 27 सभ्यताओं में सिर्फ 2 भारत की सनातन और चीन की मंदारिन सभ्यता ही शेष रह गई है। सनातन और राष्ट्र की सुरक्षा के लिए अब निजी स्वार्थ से ऊपर राष्ट्र हित में कार्य करने की आवश्यकता है एइस राष्ट्र पुरुष का श्रृंगार इस राष्ट्र को अखण्ड बनाकर करना है।गौ माता को हमे राष्ट्र माता बनाना है ताकि उस पर हो रहे अत्याचारों को भी रोका जा सके।

पंडित रविशंकर शुक्ल वार्ड को मिली नई सौगात

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

वार्ड पार्षद एवं एमआईसी सदस्य आकाश तिवारी ने बताया कि रायपुर नगर निगम द्वारा एक्सप्रेस-वे ब्रिज के नीचे वॉलीबॉल कोर्ट बैडमिंटन कोर्ट एवं बास्केटबॉल कोर्ट बनाया जा रहा है जैसे-जैसे शहर बढ़ता जा रहा है वैसे-वैसे खेल के मैदान खत्म होते जा रहे हैं पंडित रविशंकर शुक्ल वार्ड में एक भी खेल का मैदान नहीं है तो बच्चों के लिए नई सौगात है कि आकाश तिवारी की पहल से वार्ड खिलाड़ियों के लिए एक नई सुविधा मिलने जा रही है। यह कोर्ट रायपुर राजधानी का पहले ऐसा को कोर्ट होगा जो मुंबई के तर्ज पर रायपुर राजधानी में ब्रिज के नीचे बनाया जा रहा है।

नगर पालिक निगम रायपुर में 1 जुलाई सोमवार को एमआईसी की बैठक आहुत

रायपुर। नगर पालिक निगम रायपुर के सचिवालय द्वारा महापौर एजाज ढेबर के आदेशानुसार नगर पालिक निगम रायपुर की मेयर इन काउंसिल एमआईसी की बैठक 1 जुलाई 2024 सोमवार को दोपहर 12 बजे महापौर एजाज ढेबर की अध्यक्षता में नगर पालिक निगम मुख्यालय भवन महात्मा गाँधी सदन के तृतीय तल स्थित सभाकक्ष में आहुत की है। उक्त जानकारी नगर पालिक निगम के अपर आयुक्त एवं सचिव विनोद पाण्डेय ने दी है।

वीरांगना महारानी दुर्गावती बलिदान दिवस पर शौर्य रैली में गूंजे पदोन्नति में आरक्षण बहाल करे छग सरकार

पायनियर संवाददाता ◂ धमतरी
www.dailypioneer.com

आदिवासी ध्रुव गोंड समाज 52 गढ़ एवं अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ जिला महासमुंद द्वारा वीरांगना महारानी दुर्गावती बलिदान दिवस का आयोजन शंकराचार्य भवन महासमुंद में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजू योगेश्वर सिन्हा विधायक महासमुंद, अध्यक्षता जनक ध्रुव, विधायक बिंद्रानवगढ़, विशिष्ट अतिथि के रूप में राशि त्रिभुवन महिलांग अध्यक्ष नगर पालिका महासमुंद, त्रिलोकी राधेश्याम उपाध्यक्ष जनपद पंचायत महासमुंद, आरएन ध्रुव प्रदेश अध्यक्ष अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ छत्तीसगढ़, कमलेश ध्रुव प्रदेश उपाध्यक्ष अजजा संघ, एसपी ध्रुव, जिलाध्यक्ष, डमरूधर मांझी सभापति नगर पालिका महासमुंद, मोहित ध्रुव पूर्व सदस्य मध्य क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस अवसर पर समाज द्वारा विराट रैली निकालकर शौर्य का प्रदर्शन किया। रैली में पदोन्नति में आरक्षण बहाल करे छत्तीसगढ़ सरकार, एक तीर एक कमान, सभी आदिवासी एक समान, आदिवासी एकता जिंदाबाद के नारे लग रहे थे। इस अवसर पर पदोन्नति में आरक्षण की बहाली हेतु मुख्य अतिथि एवं अध्यक्ष महोदय को अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ की ओर से ज्ञापन सौंपा गया। सभा अवसर पर पदोन्नति में आरक्षण हेतु चलाए जा रहे चरणबद्ध आंदोलन की जानकारी दी गई।

सीपीसीबी 4 प्लस डीजल जेनसेट लॉन्च, महिंद्रा पावरोल अधिकृत जीओईएम शारदा डीजल प्रा.लि. का उन्नत उत्पाद

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

महिंद्रा पावरोल अधिकृत जीओईएम शारदा डीजल प्राइवेट लिमिटेड ने छत्तीसगढ़ के रायपुर में अपना सीपीसीबी 4 प्लस डीजल जेनसेट लॉन्च किया। उत्पाद प्रदर्शन के लिए उपलब्ध है। सीपीसीबी 4 प्लस जेनसेट का निर्माण 10 केवीए से 320 केवीए तक रांची, झारखंड में शारदा डीजल के प्लांट में किया जाता है। इन इंजनों को चेन्नई में महिंद्रा रिसर्च वैली में इसके अनुसंधान एवं विकास केंद्र में डिजाइन किया गया है एवं पुणे और नागपुर में इसके संयंत्र में निर्मित किया गया है। सीपीसीबी 4 प्लस (10 केवीए से 320 केवीए) की यह नई रेंज महिंद्रा पावरोल का नवीनतम संयोजन है जो पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा घोषित नवीनतम उत्सर्जन मानदंडों के अनुरूप है। ये जेनसेट तकनीकी रूप से उन्नत सीआरडीआई इंजन से सुसज्जित हैं। सीआरडीआई इंजन बेहतर और उन्नत कॉमन रेल डीजल इंजन (सीआरडीई) तकनीक से संचालित होते हैं। सीआरडीई तकनीक भविष्य के लिए तैयार है और भारी शुल्क प्रदर्शन और ईंधन दक्षता के लिए जानी जाती है। यह मानक उत्सर्जन मानदंडों से परे जाकर प्रदूषण को काफी कम करता है। सीपीसीबी 4 प्लस मानदंडों का लक्ष्य नाइट्रोजन ऑक्साइड, पार्टिकुलेट मैटर, और हाइड्रोकार्बन जैसे प्रदूषकों के उत्सर्जन को 90 प्रतिशत तक कम करना है। यह पर्यावरण के अनुकूल और स्वच्छ है, स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है, उन्नत प्रौद्योगिकी है, ईंधन कुशल है और ग्राहकों के लिए लागत बचत है। आज का लॉन्च सीपीसीबी 4 प्लस डीजल जनरेटर में प्रवेश का प्रतीक है। उपभोक्ताओं को उन्नत और सुलभ तकनीकों की पेशकश करना महिंद्रा का निरंतर प्रयास है, नवीनतम तकनीक के साथ 10 केवीए से 320 केवीए डीजी की बिल्कुल नई रेंज इस दर्शन की गवाही देती है। यह भविष्य के लिए तैयार तकनीक कम परिचालन लागत पर कम उत्सर्जन और उच्च प्रदर्शन प्रदान करने के लिए तैयार है, जिससे ग्राहक केंद्रितता में मानक बढ़ जाएगा। महिंद्रा पावरोल डीजी सेट भारत में सबसे व्यापक सेवा नेटवर्क द्वारा समर्थित हैं। ग्राहक को तत्काल सहायता प्रदान करने के लिए नेटवर्क बहुत अच्छी तरह से सुसज्जित है। विशेषज्ञों की टीम ग्राहक को कम से कम समय में मदद करने के लिए सबसे इष्टतम और उपयुक्त समाधान चुनने में मदद कर सकती है।

एफएमसी इंडिया ने फलों और सब्जियों की सुरक्षा के लिए अभिनव समाधान पेश किए

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

प्रमुख कृषि विज्ञान कंपनी, एफएमसी इंडिया ने दो नए इनोवेटिव उत्पाद वेल्ज़ो और कोसूट फफूंदीनाशक लॉन्च किए हैं। इन्हें फसल उपार्जन के शुरुआती समय से ही फलों और सब्जियों की फसलों को हानिकारक कवक (फफूंद) रोगों से बचाने के लिए तैयार किया गया है। ये उत्पाद किसानों को उनकी भूमि की उत्पादकता और सुदृढ़ता को बढ़ाने वाले अभिनव समाधान पेश करते हैं, जो एफएमसी इंडिया की प्रतिबद्धता को बखूबी दर्शाते हैं। वेल्ज़ो और कोसूट फफूंदीनाशक को विशेष रूप से भारत में फल और सब्जी की पैदावार करने वाले किसानों की सहायता करने के उद्देश्य से तैयार किया गया है। इसकी मदद से वे फसल में रोगों का प्रभावी ढंग से नियंत्रण कर सकेंगे और उपज के नुकसान को रोक सकेंगे, जिससे उन्हें उच्च गुणवत्ता वाली उपज मिल सकेगी। वेल्ज़ो फफूंदीनाशक अंगूर, टमाटर और आलू की पैदावार में उपयोग के लिए उपयुक्त है। इसे ऊमाईसिटीज़ फफूंद से बेजोड़ सुरक्षा प्रदान करने के लिए तैयार किया गया है। दरअसल, ऊमाईसिटीज़ फफूंद ब्लाइट और डाउनी मिल्ड्यू रोगों का कारण बनता है। ऐसे में, वेल्ज़ो फफूंदीनाशक के उपयोग से पौधे स्वस्थ तरीके से विकसित हो सकेंगे और किसान अधिक उत्पादन ले सकेंगे। वेल्ज़ो फफूंदीनाशक फफूंदजनित रोगों से नियंत्रण के लिए दोहरी कार्यप्रणाली, मल्टीसाइट पर काम करता है, जो इसे रोग प्रतिरोधक क्षमता के कुशल प्रबंधन में सबसे प्रभावी विकल्प बनाता है। यह उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ-साथ लम्बे समय का नियंत्रण और विश्वसनीय परिणाम देता है। इस प्रकार, वेल्ज़ो फफूंदीनाशक किसानों को उच्च गुणवत्ता वाली पैदावार के साथ-साथ अधिक बाज़ार मूल्य प्राप्त करने में मदद करता है। कोसूट फफूंदीनाशक अंगूर, धान, टमाटर, मिर्च और चाय जैसी महत्वपूर्ण व्यावसायिक फसलों के लिए उपयुक्त है।

विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल ने पर्रापाट निवासी को ईलाज कराने भेजा रायपुर

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल के द्वारा समस्त क्षेत्रवासियों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए नीलांचल सेवा समिति निशुल्क एंबुलेंस सेवा एवं उपचार सेवा जारी किया गया है तथा समय-समय पर स्वास्थ्य शिविर, नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया जाता है। जिसका लाभ क्षेत्रवासियों के साथ अन्य विधानसभा क्षेत्रवासी, प्रदेशवासियों सहित अन्य राज्यों के लोगों को भी मिल रहा है। विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल ने सड़क दुर्घटना में घायल ग्राम पर्रापाट निवासी शोभाराम सिदार को नीलांचल सेवा समिति के निशुल्क एंबुलेंस में बेहतर इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बसना से श्रीराम हास्पिटल रायपुर भेजें। जहां विषेशज्ञों के देख-रेख में उनका इलाज किया जाएगा।

इंटरनेशनल जिंक एसोसिएशन ने बताया कि जिंक किस तरह रेलवे ट्रैक की उम्र को दोगुना कर सकता है

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

भारतीय रेलवे अमेरिका, चीन और रूस के बाद दुनिया का सबसे बड़ा रेल नेटवर्क है। इसकी कुल लंबाई 1,14,907 किलोमीटर है। 2,1648 से ज़्यादा ट्रेनें हर दिन 22 मिलियन से ज़्यादा यात्रियों और 3.32 मिलियन टन माल ढोती हैं। इसके लिए उच्च गुणवत्ता वाली पटरियों और रखरखाव में काफी निवेश की जरूरत होती है। हाल की दुर्घटनाओं के साथ, हमने देखा है कि भारतीय रेलों को लंबे समय से एक समस्या का सामना करना पड़ा है। रेल पटरियों का जंग। भारत की लंबी तटरेखा के कारण यह समस्या और बढ़ जाती है। ट्रेन में खुले शौचालय और जानवरों और पक्षियों के मल भी रेल पटरियों के जंग को बढ़ाते हैं। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, रेल पटरियों का आदर्श जीवन 12 वर्ष होना चाहिए, लेकिन जंग के मुद्दों के कारण, पटरियों को हर दो साल में बदलना पड़ता है। गैल्वेनाइज्ड स्टील की जंग प्रतिरोधकता और स्थायित्व रेल पटरियों की रखरखाव की जरूरतों को कम करती है। सुरक्षात्मक जिंक कोटिंग जंग के खिलाफ एक दीर्घकालिक ढाल के रूप में कार्य करती है, मरम्मत और रखरखाव की आवृत्ति को कम करती है। इससे रेलवे अधिकारियों को समय और संसाधनों की बचत होती है, जिससे वे अन्य महत्वपूर्ण रखरखाव कार्यों पर ध्यान केंद्रित कर सकते हैं। इंटरनेशनल जिंक एसोसिएशन के निदेशक राहुल शर्मा ने कहा, जंग के कारण रेलवे को हर साल भारी नुकसान होता है। साथ ही, जंग यात्रियों की सुरक्षा के लिए खतरा पैदा करती है और दैनिक यात्रा को प्रभावित करती है क्योंकि ट्रेन की गति कम हो जाती है।

बच्चों को पुस्तक वितरण व मिठाई खिलाकर प्रवेश उत्सव मनाया गया

पायनियर संवाददाता ◂ धमतरी
www.dailypioneer.com

धमतरी कलेक्टर व जिला शिक्षा अधिकारी के आदेशानुसार 26 जून को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भोथली में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन धूमधाम से किया गया। नोडल अधिकारी के रूप में चित्ररेखा यादव परियोजना अधिकारी धमतरी उपस्थित रही। सर्वप्रथम मां सरस्वती के तैलचित्र पर अतिथियों के द्वारा पूजा अर्चना की गई व तृप्ति एवं भीमा के द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई । तथा कुमारी रूपा व मुस्कान के द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया एवं सभी अतिथियों का स्वागत बुके पुष्पाहार, गुलाल,तिलक द्वारा किया गया। विद्यालय के प्राचार्य संयोगिनी रामटेके द्वारा शिक्षा मंत्री के संदेश का वाचन एवं स्वागत भाषण दिया गया। विद्यार्थियों को प्राप्त होने वाले शासन की योजनाओं के बारे में बताया गया। नोडल अधिकारी चित्ररेखा यादव परियोजना अधिकारी ने मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया तथा पूरे साल भर अच्छे से पढ़ाई करने व माता.पिता एवं गुरुजनों की आज्ञा का पालन करने हेतु प्रेरित किया गया।

OFFICE OF THE CHIEF ENGINEER (CIVIL), CSPGCL,
Shed No. 11, Dangania, Raipur-492013 Phone No. 0771-2574562, website www.cspc.co.in E-mail:- civilprojectcmg@gmail.com

No.04-04/W/750 Raipur, date 25.06.2024

E-TENDER NOTICE

Online bids are invited through CSPCL e-bidding system (SAP SRM) from contractors registered in appropriate class in CSPGCL. The unregistered contractor having work experience in Govt./Public Sector Undertaking/Local bodies/Power Generating Companies in India only may also be considered on submission of experience certificate for following works as mentioned below:-

Tender Specification No.	Name of Work	NIT value i/c GST
CEC/ABVTPS-MRW/W/2024/32	Prevention of leakage/seepage from toilets of upper storey of residential quarters at colony premises of 2x500 MW, ABVTPS, CSPGCL, Janjgir -Champa	20.89 Lacs
CEC/ABVTPS-MRW/W/2024/33	External internal (Epoxy) painting & nomenclature work of the various buildings of water treatment house and ETP of 2x500 MW, ABVTPS, CSPGCL, Janjgir-Champa	21.30 Lacs
CEC/HTPS-KW/W/2024/34	Development of front of Admin building by providing of concrete paving work and providing parking facility at right side of Admin building at 1x500MW Extn. Unit HTPS, CSPGCL, Korba West	30.89 Lacs
CEC/HTPS-KW/W/2024/35	Making of CC road from weigh bridge to conveyor 2AB tail end at 4x210 MW HTPS, CSPGCL, Korba West	11.04 Lacs
CEC/HTPS-KW/W/2024/36	Annual maintenance and upkeep of various garden lawns situated in different location inside Power House complex and MHP & CW pump house area at HTPS, CSPGCL, Korba West	17.35 Lacs
CEC/HTPS-KW/W/2024/37	Making of WBM road from TP-13 to boundary wall parallel to conveyor 14A & 14B at 4x210MW, HTPS, CSPGCL, Korba West	27.00 Lacs
CEC/Sikasar-HEP/W/2024/38	Supply and installation of furniture for newly constructed meeting hall and retiring rooms at 4x2.5MW, HEP, Gangrel, Dhamtari and 2x3.5MW, HEP, Sikasar, Gariyaband	14.13 Lacs
CEC/HTPS-KW/W/2024/39	Chemical proofing work on damaged wall surfaces/ceiling for lead acid battery storage room situated in auxiliary building of Power House at HBHPS, Machadoli Bango	5.94 Lacs
CEC/Sikasar-HEP/W/2024/40	Miscellaneous civil works (viz. painting, flooring and repairing) works at 2x3.5 MW, HEP, Sikasar, Gariyaband	19.09 Lacs
CEC/HTPS-KW/W/2024/41	Miscellaneous civil work of silo area at 4x210 MW, HTPS, CSPGCL, Korba West	13.12 Lacs
CEC/HTPS-KW/W/2024/42	Construction of brick masonry boundary wall surrounding MCC-10 switching switch yard premises 33 KV substation at Ext. CHP at HTPS, CSPGCL, Korba West	14.23 Lacs
CEC/HTPS-KW/W/2024/43	Making of RCC compound wall for supporting the existing boundary wall parallel to conveyor 14AB at 4x210 MW, HTPS, CSPGCL, Korba West	6.64 Lacs
CEC/HTPS-KW/W/2024/44	Upgradation work of internal CHP control room at 4x210MW, HTPS, CSPGCL, Korba West	13.18 Lacs

Note:- (i) The detailed NIT, Tender document & other details can be viewed and downloaded online from our e-bidding portal : 50724/ irj /portal. (ii) NIT value is inclusive of GST @ 18%.

SAVE ELECTRICITY Samvad-40598/3 Chief Engineer (Civil), CSPGCL, Raipur

शपथ पत्र

शपथकर्ता :- संदीप दर्रो पिता प्रेमसिंह दर्रो उम्र 32 वर्ष, जाति गोंड निवासी ईमलीपारा कांकेर तहसील कांकेर जिला उ.ब. कांकेर (छ.ग.)

मैं उपरोक्त शपथकर्ता शपथपूर्वक निम्न कथन करता/करती हूं :-

1. यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है ।
2. यह कि मैं संदीप दर्रो पिता प्रेमसिंह दर्रो पता ईमलीपारा कांकेर तहसील कांकेर जिला उ. ब. कांकेर (छ.ग.) का निवासी हूँ।
3. यह कि मेरे नाम पर छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा निर्मित भवन हाउसिंग बोर्ड कालोनी रामनगर ईमलीपारा कांकेर (छ.ग.) में स्थित भूमि/भवन क्रमांक एल.आई.जी. 131 है। जिसका खसरा नं. 28/9, रकबा 0.0096 है।
4. यह कि उक्त भूमि में गृह निर्माण करवाना चाहता हूँ जिस हेतु मुझे छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल से अनापत्ति प्रमाण पत्र की आवश्यकता है।
5. यह कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल की जो भी नियम व शर्तें होगी वह मुझे मान्य होगी तथा उक्त प्रक्रिया के दौरान जो भी व्यय होगा वह मेरे द्वारा वहन किया जावेगा।
6. यह कि यह शपथ पत्र नामांतरण एवं अनापत्ति प्रमाण पत्र हेतु प्रस्तुत है।

शपथकर्ता

सत्यापन

मैं उपरोक्त शपथकर्ता सत्यनिष्ठा पूर्वक सत्यापित करता/करती हूं कि उपरोक्त शपथ पत्र की कंडिका 01 से 06 आज दिनांक 27/06/2024 को स्थान कांकेर में हस्ताक्षर कर सत्यापित की/किया हूं।

स्थान :- कांकेर
दिनांक :- 27/06/2024

शपथकर्ता

न्यायालय नजूल अधिकारी, बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

// ईश्तहार //

आनलाईन क्रमांक/20240321020000 12/अ-20(3) वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है सगीर खान पिता शरीफखान उम्र 25 वर्ष जाति मुसलमान निवासी बलौदाबाजार तहसील बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) के द्वारा नगर बलौदाबाजार स्थित भूमि नजूल शीट क्रमांक 17 डी, भूखण्ड क्रमांक 39/3, 40/3, 42/1 क्षेत्रफल क्रमशः 198, 30, 348 कुल 576 वर्गफीट भू-भाटक 3.00 मकान भू-धारक ना.बा. सगीर खान पिता शरीफ खान वली दादी पीर बी खान पति हमीद बेग का नाम नाबालिक से बालिक किये जाने हेतु आवेदक द्वारा मेंटनेंस खसरा, अंकसूची की प्रति सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त आवेदन के संबंध में जिस किसी को आपत्ति/ दावा हो तो अपना आपत्ति दावा प्रकरण सुनवाई हेतु नियत दिनांक 08/07/2024 तक प्रस्तुत कर सकते है। नियत अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 20/06/2024 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

नजूल अधिकारी
बलौदाबाजार

आवश्यकता

संस्कार कॉलेज झकहाडीह, जैजैपुर जिला सक्ती छत्तीसगढ़ में

प्राचार्य पद

पर परिनियम 28 की नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित हैं। यू.जी.सी. एवं शासन के मापदण्ड अनुसार अर्हताधारी उम्मीद्वार

दिनांक-13/07/2024
दिन - शनिवार

तक महाविद्यालय में उपस्थित होकर या डाकपत्र के माध्यम से आवेदन जमा करः-

Email : sanskar.jjp@gmail.com

संस्कार कॉलेज
ग्राम पंचायत नंदेली-तहसील-जैजैपुर
जिला-सक्ती (छ.ग.)
मो.नं.-88188-98477

आवश्यकता है

छत्तीसगढ़ राज्य एड्स नियंत्रण समिति रायपुर के सहयोग जशपुर जिला में संचालित लक्ष्यगत हस्तक्षेप परियोजना का संचालन नवयुवा जागरण प्रतिष्ठान जशपुर, पत्थलगाँव ब्लॉक में निम्न पद पर संविदा नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित है।

पद का नाम : आउटरिच वर्कर (ORW)
कार्यअनुभव : 02 वर्ष फील्ड कार्य
पद संख्या : 02
योग्यता : 12वीं, Graduation, कम्प्यूटर की जानकारी
वेतन : एकमुश्त 10500/-
यात्रा भत्ता : 1500/-

नोट :-1. आवेदन पत्र सादे कागज पर अपने पासपोर्ट फोटो एवं बायोडाटा के साथ समस्त दस्तावेजों की स्व-प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करें।
2. आवेदन पत्र स्वयं कार्यालय में कार्यालयीन समय पर प्रातः 10.00 से शाम 6.00 तक सीधे जमा करे या कार्यालय के ई-मेल में आवेदन व बायोडाटा भेजें।
3. अनुभवी को प्राथमिकता दी जाएगी, एवं दो पहिया वाहन एवं वैध लाईसेंस का होना आवश्यक है।

आवेदन जमा करने की तिथि : 06/07/2024
साक्षात्कार दिनांक : 06/07/2024

कार्यालय का पताः लक्ष्यगत हस्तक्षेप परियोजना, नवयुवा जागरण प्रतिष्ठान जशपुर, वार्ड क्र. 01, कदमटोली जशपुर, जिला-जशपुर (छ.ग.), पिन नं.-496331
7828678890, 7024799454
E-mail Id - njpjashpur @ rediffmail.com

छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग
कार्यालय मुख्य अभियंता
महानदी गोदावरी कछार, रायपुर (छ.ग.)

// ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना //

ePocurement Portal : https://eproc.cgstate.gov.in
(प्रथम आमंत्रण)

सिस्टम निविदा क्रमांक 155246/निविदा सूचना क्रमांक 01/वलेलि/2024-25, डोंगरगांव दिनांक 26.06.2024

निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक 18.07.2024 17:30 तक ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है:-

कार्य का नाम : राजनांदगांव जिले के विकासखण्ड छुरिया की घुमरिया नदी में बादराटोला से चोरहाबंजारो एनीकट कम काजवे निर्माण कार्य।

अनुमानित लागत : रू. 268.86 लाख

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 03.07.2024 समय 17:31 बजे से देखें तथा डाउनलोड किये जा सकते हैं।

नोट : निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित/पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन बैराज संभाग, डोंगरगांव
कृत मुख्य अभियंता महानदी गोदावरी कछार,
जल संसाधन विभाग, रायपुर (छ.ग.)

G - 242500632/7

कसौटी पर खरे नहीं उतर रहे थानेदार... लालबाग प्रभारी को बदले जाने की मांग ने जोर पकड़ा, कुछ और के खिलाफ भी शिकायतें

कई थाना प्रभारियों का रिपोर्ट कार्ड कमजोर, एसपी की कार्रवाई का इंतजार

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

लालबाग थाना प्रभारी एनके गौतम विवादों से घिर गए हैं। उन पर कर्तव्यों के प्रति उदासीन रहने और कानून व्यवस्था संभालने के दायित्व में लापरवाही बरतने के आरोप लगे हैं। यह भी महत्वपूर्ण है कि, सत्ता पक्ष के नेता उन्हें हटाने की मांग कर रहे हैं। राजनांदगांव ग्रामीण क्षेत्र के इस थाना में जनसामान्य को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। थाना लालबाग प्रभारी पुलिस की कसौटी पर खरे नहीं उतर पाए हैं। ऐसे ही कुछ और थाना प्रभारियों के खिलाफ भी शिकायतें सामने आई है। इन शिकायतों पर कार्रवाई का इंतजार किया जा रहा है। पुलिस विभाग को इस पर जल्द एक्शन लेने की जरुरत महसूस हो रही है। बुधवार को जिला भाजयुमो ने इस संदर्भ में पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग से मुलाकात कर उन्हें शिकायती पत्र सौंप दिया है। जिला भाजयुमो अध्यक्ष मोनू बहादुर सिंह ने उनके सामने थाना प्रभारी के रवैये की शिकायतें रखीं। बताया जा रहा है कि, पुलिस अधीक्षक ने इस विषय पर कार्रवाई के लिए आश्वस्त किया है। मांग की जा रही है कि, लालबाग थाना प्रभारी को तत्काल हटाया जाए। क्षेत्र में पनप रही नाराजगी से निपटने के लिए ये फैसला लेना जरुरी भी मालूम पड़ता है। पुलिस थाना लालबाग के अंतर्गत राजनांदगांव ग्रामीण का बड़ा क्षेत्र आता है। इस थानाक्षेत्र में कुछ बड़े ग्राम भी शामिल है। इन इलाकों में अधिकतर शिकायतें आपसी वाद-विवाद या गांव में अशांति फैलाने जैसे विषयों के सामने आते हैं। इन मामलों में पुलिस की तत्काल मदद की आवश्यकता होती है। इसके अलावा असामाजिक तत्वों की हरकतों पर पुलिस का हस्तक्षेप अतिआवश्यक हो जाता है ताकि कानून व्यवस्था बनी रहे।

संवाद नहीं, अवैध गतिविधियों पर अंकुश भी खत्म

थाना प्रभारी एनके गौतम पर आरोप है कि, वे अपने थानाक्षेत्र के लोगों की शिकायतों पर एक्शन नहीं ले रहे हैं। यही नहीं यह भी शिकायतें आई हैं कि वे पुलिस विभाग द्वारा उन्हें जनसंवाद हेतु दिए गए नंबर का उपयोग नहीं कर रहे हैं। अलबत्ता वे इस नंबर को बंद रखते हैं जिससे लोग उन तक आपात स्थिति में संपर्क नहीं कर पा रहे हैं। इन आरोपों के इतर भी थाना क्षेत्र में चल रहे अवैध गतिविधियों पर पुलिस का अंकुश कम हुआ है। ग्रामीणों ने जनप्रतिनिधियों और नेताओं तक यह शिकायतें पहुंचाई है। आरोप लग रहे हैं कि, थाने में शिकायतों का निपटारा किए जाने का दबाव पुलिस की ओर से बनाया जा रहा है। इस एवज में लेन-देन की शिकायतें भी आ रही है। कुछ और भी मामलों में संदिग्ध स्थिति बनी है।

पुलिस की छवि प्रभावित हो रही

थाना प्रभारियों की गतिविधियों को लेकर पिछले कुछ दिनों में कई शिकायतें सामने आई हैं। हालही में बसंतपुर थाना क्षेत्र में जुआ खिलाने वालों को बख्श दिए जाने का मामला भी एसपी तक पहुंचा था। बताया जाता है कि, इस प्रकरण में एसपी ने सीएसपी और थाना प्रभारी की क्लास ली है। दूसरी ओर अब लालबाग थाना प्रभारी आरोपों से घिर गए हैं। बताया जा रहा है कि यह शिकायतें विस अध्यक्ष तक भी पहुंच रहीं हैं। पुलिस विभाग की छवि ऐसी शिकायतों से प्रभावित हो रही है।

लंबे इंतजार के बाद पहुंचे पर्यवेक्षक, असंतुष्ट पार्षदों ने नेता प्रतिपक्ष बदलने की मांग की

भाजपा पार्षद दल में जारी गतिरोध पर संगठन ने रिपोर्ट मांगी

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

नगर निगम में भाजपा पार्षद दल में जारी अंदरुनी गतिरोध को लेकर आज पर्यवेक्षक के तौर पर यहां आए संजय श्रीवास्तव ने पार्षदों से बात की। जिला भाजपा कार्यालय में हुई बैठक में भाजपा के सभी 19 पार्षद मौजूद थे। यहां जिला अध्यक्ष रमेश पटेल, महामंत्री राजेंद्र गोलछा भी उपस्थित थे। हालांकि, नेता प्रतिपक्ष के खिलाफ शिकायतों पर अभी कोई निष्कर्ष नहीं निकला है। बैठक के परिणाम पर सभी की नजरें बनी हुई है। इस बैठक के बाद संजय श्रीवास्तव ने मीडिया से बातचीत में जो कुछ कहा, उसका आशय यही निकाला जा रहा है कि, फिलहाल भाजपा यहां नेता प्रतिपक्ष को हटाने के मूड में नहीं है। श्रीवास्तव ने कहा कि, सभी पार्षदों से वन टू वन चर्चा की गई है। कुछ विषयों पर सामंजस्य में दिक्कतें हैं तो उन्हें मिल बैठकर निपटा लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि, कुछ महिनों बाद ही निकाय चुनाव होने हैं। पार्षदों से कहा गया है कि वे इसकी तैयारियां करें।

परिसीमन और आरक्षण के बाद बनने वाली स्थिति के हिसाब से संगठन सभी की भूमिका निश्चित करेगा। पर्यवेक्षक के यहां आने की स्थिति नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु के खिलाफ के कुछ असंतुष्ट पार्षदों की शिकायत के बाद बनी। कई दिनों से पर्यवेक्षक के आने का इंतजार किया जा रहा था। एक धड़े ने नेता प्रतिपक्ष के खिलाफ संगठन और विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से शिकायत की थी। बुधवार को पर्यवेक्षक के पहुंचने से पहले भाजपा कार्यालय में गहमा गहमी का माहौल था। तकरीबन साढ़े तीन बजे संजय श्रीवास्तव रायपुर से यहां पहुंचे। उन्होंने सभी पार्षदों से अकेले में बात की और उनकी समस्याओं के संबंध में पूछा। उन्होंने पार्षदों के मन टटोले और निगम में चल रहे गतिरोध को समझा। जानकारी सामने आ रही है कि भाजपा पार्षद दल का असंतुष्ट धड़ा नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु को हटाने की मांग कर रहा है।

दूसरी ओर उन्होंने निगम प्रशासन में अधिकारियों की मनमानी पर भी अपनी बात रखी है। पर्यवेक्षक संजय श्रीवास्तव इस बैठक की रिपोर्ट तैयार कर संगठन को सौंपेगे।

कलेक्टर द्वारा विद्यार्थियों को निःशुल्क पुस्तकें वितरण

स्वामी आत्मानंद एक्सीलेंस अंग्रेजी स्कूल में प्रवेशोत्सव

पायनियर संवाददाता ◄ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

नगर में शासन द्वारा संचालित स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में 26 जून को नए शिक्षण सत्र 2024–25 के लिए स्कूल चले अभियान के अंतर्गत शाला प्रवेश उत्सव आयोजित किया गया। इस मौके पर कलेक्टर संजय अग्रवाल, डीईओ अभय जयसवाल एवं डीएमसी सतीश ब्यौहारे विशेष तौर पर सम्मिलित हुए। प्रवेशोत्सव के मद्देनजर विद्यालय को रंगीन गुब्बारों से सजाया गया। इस दरम्यान शिक्षकों द्वारा सभी बच्चो को तिलक लगाकर स्वागत कर चॉकलेट का वितरण किया गया। निः शुल्क पाठ्यपुस्तक योजना अंतर्गत कलेक्टर के हाथों छात्र छात्राओं को पुस्तक वितरण किया गया। इस दरम्यान संस्था के प्राचार्य जयंत साहू ने आगामी दिनों सरस्वती साइकल योजना अंतर्गत पात्र छात्राओं को निःशुल्क साइकल वितरण किये जाने की जानकारी दी।

उक्त अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य एवं एबीईओ जयंत साहू, एबीईओ रश्मि ठाकुर, अंग्रेज़ी माध्यम स्कूल प्रभारी श्रीमति स्वाती वर्मा, व्याख्याता संदीप वर्मा, व्याख्याता सृष्टि शर्मा, प्राइमरी स्कूल हेड मास्टर सोनल देवांगन, मीडिल स्कूल हेड मास्टर निशा साहू सहित समस्त शिक्षक व शिक्षिका उपस्थित थे।

जिला बार काउंसिल के अध्यक्ष निर्वाचित हुए मनोज

अशोक उपाध्यक्ष और राजेश सचिव पद पर विजयी

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

मनोज चौधरी जिला अधिवक्ता संघ के नए अध्यक्ष चुने गए हैं। 26 जून को मतदान के बाद 27 जून को जिला अधिवक्ता संघ के चुनाव की मतगणना हुई। सुबह 12 बजे से शुरु हुई गणना के दौरान गहमा-गहमी का माहौल रहा। इस बार अध्यक्ष पद के लिए त्रिकोणीय मुकाबला था। मनोज चौधरी, नारायण कन्नौजे और मौलेश तिवारी आमने सामने थे। मतगणना जब शुरु हुई तो टक्कर मनोज और नारायण के बीच रही। दोनों गिनती में आगे - पीछे होते रहे। अंततः 20 मतों से मनोज चौधरी ने अध्यक्ष पद पर जीत हासिल की। चौधरी को कुल 229 मत मिले जबकि नारायण कन्नौज को 209 और मौलेश तिवारी को 31 मत ही मिले। तीन मत अवैध रहे। इसी तरह उपाध्यक्ष पद पर अशोक रजक को 204 वोट मिले। उनके प्रतिद्वंद्वी डीडी वैष्णव को 142, मोरध्वज साहू को 116 और 10 मत अवैध रहे। उपाध्यक्ष पद पर अशोक रजक विजय घोषित किए गए। सचिव पद पर राजेश खांडेकर को 253, नरेश गजीर को 195 मत मिले जबकि 24 मत अवैध रहे। सचिव पद पर राजेश खांडेकर विजय रहे। कार्यकारिणी सदस्य पद पर राजेंद्र कुमार शर्मा को 289 मत, नरेश कुमार शर्मा को 262, भागवत साहू को 253, हरीलाल पटवा को 240, महेंद्र कुमार शर्मा को 196 और वीरेंद्र मुक्ति को 161 वोट मिले। 8 वोट अवैध घोषित किए गए। उक्त सभी विजयी घोषित किए गए।

विधवा महिला द्वारा अग्निस्नान कर आत्महत्या

पायनियर संवाददाता ◄ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

नगर से सन्निकट ग्राम कोहका में बुधवार 26 जून की रात्रि लगभग 9 बजे एक महिला ने स्वयं पर आग लगाकर आत्महत्या कर ली। महिला विधवा थीं और अपने घर में अकेली रहती थीं।

उनके पति का देहांत हो चुका हैं। मुताबिक महिला के घर मे भीतर से दरवाज़े की सिटकनी बंद मिली। भीतर में केरोसिन का डिब्बा पाया गया। प्रारंभिक तौर पर आत्महत्या माना जा रहा है। महिला मुन्नीबाई सिन्हा, 50 वर्ष के पति जग्गर सिंह का 15 वर्ष पूर्व निधन हो चुका है। उनकी तीनों बेटियों की शादी हो चुकी है। सूचना पर मर्ग कायम कर परिजनों एवं ग्रामीणों के मध्य पंचनामा किया गया। दूसरे दिवस पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

अमानक पाये जाने पर कीटनाशक विक्रेता को नोटिस जारी

मोहला। कृषि विभाग, कीटनाशक निरीक्षक द्वारा साई कृषि केंद्र औंधी का आकस्मिक निरीक्षण 27 मई को किया किया गया था। निरीक्षण में कीटनाशक ब्रांड 2-4 डी चार डी अमाइन साल्ट 58 प्रतिशत एस एल, निर्माता कम्पनी भारतीय रासायनिक उद्योग सोरीदभाट धमतरी, बैच नंबर, आर बी - 04310 का नमूना लिया गया था।

लिये गये नमूना की जांच किये जाने पर अमानक पाये जाने पर संबंधित संस्थान को नोटिस जारी किया गया है। 28 दिनों के भीतर इस संबंध में जवाब मांगा गया है। संतुष्टि जनक जवाब नहीं पाए जाने पर कीटनाशक अधिनियम के तहत कार्यवाही किया जाएगा।

प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन 29 को

राजनांदगांव। शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था राजनांदगांव में शेफर टेलेंट हायर सर्विसेस प्राईवेट लिमिटेट द्वारा सुजुकी मोटर्स गुजरात प्राईवेट लिमिटेट द्वारा 29 जून 2024 को प्रातः 9 बजे से प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया गया है।

इस संबंध में शासकीय औद्यौगिक संस्था के प्राचार्य ने बताया कि शासकीय एवं निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं से वर्ष 2017 से 2023 तक उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थी एवं प्रशिक्षण सत्र 2022-2024 तथा 2023-2024 के प्रशिक्षणरत प्रशिक्षणार्थी व्यवसाय फिटर, डीजल मैकेनिक, मोटर मैकेनिक, टर्नर, मशीनिष्ट, वेल्डर, विद्युतकार, टूल एण्ड डाई मेकर, प्लास्टिक प्रोसेसिंग आपरेटर, सीओई (आटोमोबाईल), ट्रेक्टर मैकेनिक, पेंटर जनरल के केवल पुरूष उम्मीवार जिनकी आयु 18 से 24 वर्ष हो, वे अपने समस्त शैक्षणिक तथा आवश्यक प्रमाण-पत्र (10वीं, आईटीआई, आधार कार्ड, पेन कार्ड तथा दो पासपोर्ट साईज फोटोग्राफ) के साथ सम्मिलित होकर अवसर का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

राज्य नोडल ने अपर सचिव भारत सरकार को सम्मान निधि से वंचित किसान की अप्राप्त राशि के संबंध में लिखा पत्र

पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com



पायनियर फॉलोअप

सिस्टम और नौकरशाहों की बड़ी लापरवाही ...

कलेक्टर जनदर्शन पहुचे किसान ने कहा, मैं जिंदा हूं साहब

राज्य नोडल से एक्टिव होना शेष- आरईओ

पीएम किसान के राज्य नोडल अधिकारी सह अपर संचालक कृषि संचालनालय ने 26 जून को अपर सचिव एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी (पीएम किसान) भारत सरकार, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय कमरा नम्बर-31, कृषि भवन, नई दिल्ली को पत्र लिख प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनांतर्गत ग्राम भोथली के किसान ख़िलानंद साहू को बीते 3 वर्ष से अप्राप्त राशि के संबंध में पत्र लिख जानकारी दी हैं। पीएम किसान के राज्य नोडल अधिकारी ने अपने पत्र में लिख अपर सचिव भारत सरकार को अवगत कराते हुए बताया है कि बालोद जिले के गुरुर ब्लॉक अंतर्गत ग्राम भोथली निवासी कृषक ख़िलानंद साहू, पिता जीवन लाल साहू का आवेदन प्राप्त हुआ है, जिसमें आवेदक द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनांतर्गत अपात्र किये जाने के कारण वर्ष 2021 से किश्त की राशि प्राप्त नहीं होने के संबंध में लेख किया गया है। पीएम किसान पोर्टल का अवलोकन करने पर कृषक ख़िलानंद साहू को ब्लॉक एवं जिला स्तरीय आईडी से 23 नवम्बर 2020 को मृत इन्द्राज कर अपात्र किया गया है एवं भौतिक सत्यापन के पश्चात् कृषक पात्र पाये जाने पर जिला स्तरीय आईडी से 18 मई 2021 को पुनः पात्र किये जाने की कार्यवाही प्रारंभ किये जाने के पश्चात 05 अगस्त 2021 को राज्य स्तरीय आईडी से अंतिम स्वीकृति प्रदान की गई है। पोर्टल अनुसार कृषक ख़िलानंद साहू का ई-केवायसी 5 अप्रैल 2022 एवं आधार सीडिंग 22 दिसंबर 2023 को होना प्रदर्शित हो रहा है। वर्तमान में कृषक ख़िलानंद साहू पिता जीवन लाल साहू योजांतर्गत पात्र है व उक्त किसान का ईकेवायसी, आधार सीडिंग एवं लैंड सीडिंग पूर्ण है। कृषक को अंतिम किश्त 10 अगस्त 2020 को प्राप्त हुई है। राज्य नोडल अधिकारी ने अपर सचिव भारत सरकार को पत्र लिख अनुरोध किया है कि उक्त प्रकरण में आवश्यक कार्यवाही करने हेतु संबंधित अधिकारी को निर्देशित करने का कष्ट करें, जिससे कि कृषक ख़िलानंद साहू को योजनांतर्गत किश्त की राशि प्राप्त हो सके।

ये है मामला–दरअसल 25 जून मंगलवार कलेक्ट्रेट में आयोजित जनदर्शन में गुरुर ब्लॉक के ग्राम भोथली निवासी किसान खिलानंद साहू पिता जीवनलाल साहू ने पीएम किसान सम्मान निधि की राशि अप्राप्त होने का आवेदन कलेक्टर को सौपा था, उन्होंने बताया था कि 2021 के बाद से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की राशि नही मिल रही हैं। 2021 के पूर्व उन्हें सम्मान निधि राशि प्राप्त हो रही थी। 29 जुलाई 2019 को पीएम किसान सम्मान निधि राशि के लिए रजिस्ट्रेशन हुआ था, जिसके बाद से उक्त किसान को 5 किश्त सम्मान निधि की प्राप्त हुई है। लेकिन 2021 के बाद से इन्हें राशि खाते में आना बंद हो गई। जिसकी जानकारी के लिए ख़िलानंद साहू ने जब गुरुर के कृषि विस्तार अधिकारी और आरईओ से पूछा तो उन्होंने बताया कि गांव में ही एक ख़िलानंद साहू पिता बुधारू राम साहू की मृत्यु कोरोना काल के दौरान 2020 में हो गई थी, जब मृत हुए ख़िलानंद साहू के पुत्र को वेरिफिक्रेशन के लिए आरईओ केडी साहू ने बुलाकर पूछा तो मृतक के पुत्र ने वेरिफिक्रेशन के दौरान रजिस्ट्रेशन में दर्शाएं गए मोबाइल नम्बर को पिता का होना बताया। जबकि रजिस्ट्रेशन में दर्ज नम्बर ख़िलानंद साहू पिता जीवन लाल साहू का है। इस गड़बड़ी और आरईओ द्वारा की लापरवाही के चलते जिस ख़िलानंद साहू पिता जीवन लाल साहू के खाते में किसान सम्मान निधि की राशि न जाकर मृतक स्व. ख़िलानंद साहू पिता बुधारू राम साहू के परिजन के खाते में जा रही है।

पायनियर ने प्रकाशित की थी खबर–26 जून बुधवार को पायनियर ने शीर्षक ÷कलेक्टर जनदर्शन पहुचे किसान ने कहा, मैं जिंदा हूं साहब÷ समाचार का प्रकाशन प्रमुखता से किया था। जिसका परिणाम यह हुआ कि प्रकाशन वाले दिन ही राज्य नोडल अधिकारी ने सीईओ पीएम किसान को पत्र लिख इसकी जानकारी दी एवं संबंधित अधिकारी को निर्देशित करने की बात कही, ताकि उक्त किसान को योजनांतर्गत किश्त की राशि प्राप्त हो सके।

भाजपा पार्षद दल में जारी गतिरोध का खात्मा, आपसी समन्वय बैठाने की बात कही

असंतुष्ट पार्षदों को समझाईश की घुट्टी.. कोई बदलाव नहीं करेगी भाजपा

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

नगर निगम में भाजपा पार्षद दल में नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु की खिलाफत करने वाले धड़े को संगठन ने मना लिया है ऐसा माना जा रहा है। पर्यवेक्षक के तौर पर यहां पार्षदों की बैठक लेने आए प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने सभी से वन टू नव चर्चा की। पार्षदों को जो कुछ इस दौरान समझाया और बताया गया उसके मुताबिक पार्षद दल के विषयों को आपसी समन्वय से निपटाने पर जोर दिया गया है। श्रीवास्तव ने मीडिया से बातचीत में भी यही कहा है। अंदरुनी गतिरोध पर पर्यवेक्षक की बैठक के बाद विराम लगता नज़र आ रहा है। बुधवार को भाजपा के प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने पार्षदों की बैठक के बाद नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु को हटाए जाने का कोई इशारा नहीं दिया। अलबत्ता उन्होंने मीडिया से बातचीत में आगामी निकाय चुनाव की तैयारियों को लेकर पार्षदों को तैयार रहने और भाजपा की छवि को संवारने के लिए नसीहतें दिए जाने की बात कही। गौरतलब है कि, भाजपा पार्षद दल के तकरीबन 13 पार्षद, नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु के खिलाफ बताए जा रहे थे। सत्ता में भाजपा के लौटने के बाद निगम में प्रभाव को लेकर वरिष्ठों पार्षदों के टकराव की स्थिति भी बन रही थी। निगम में टेबल ट्रांसफर और दूसरे अंदरुनी मुद्दों को लेकर गतिरोध बढ़ने के बीच असंतुष्ट पार्षदों ने संगठन से नेता प्रतिपक्ष की शिकायत की थी। भाजपा पार्षदों में गतिरोध लगभग दो माह से जारी है। बुधवार की बैठक के बाद इसका पटाक्षेप हो जाने की स्थिति मालूम पड़ रही है। जानकारी है कि, पहले ही नेता प्रतिपक्ष ने कुछ असंतुष्ट पार्षदों से चर्चा कर उनकी शिकायतों को दूर कर दिया था। जबकि कुछ को बुधवार की बैठक में महामंत्री श्रीवास्तन ने समझाया बुझाया है।

महामंत्री ने कहा.. ये सामान्य बैठक

श्रीवास्तव ने इसे औपचारिक बैठक भी ठहराया। उन्होंने कहा कि, वर्ष में एक बार ऐसी बैठकों का आयोजन होता है। बैठक में निकाय चुनाव को लेकर गंभीर चर्चा की गई है। परिसीमन और आरक्षण के बाद बनने वाली स्थिति के हिसाब से संगठन सभी की भूमिका निश्चित करेगा। पार्षदों से विकास कार्यों को आगे बढ़ाने और नए कार्यों की आवश्यकता हेतु प्रशासन-शासन के सामने लाने की बात कही गई है। उन्होंने शहर में सामूहिक प्रयास से दोबारा बड़ी विजय हासिल करने की बात पार्षदों से कही है।

नेता प्रतिपक्ष नहीं बदले जाएंगे

दरअसल, निकाय चुनाव के लिए कुछ ही महिनों का वक्त बचा है। ऐसे में ऐन वक्त पर नेता प्रतिपक्ष को बदले जाने का जोखिम संगठन भी नहीं उठाना चाहता। बैठक के बाद मीडिया से चर्चा में श्रीवास्तव ने कहा कि, ऐसे विषय सामने आते रहते हैं। कुछ विषयों पर सभी की सहमति नहीं बन पाती लेकिन आपस में बैठकर इसका समाधान किया जा सकता है। आज भी इस विषय पर ही चर्चा हुई है। जिला संगठन इस विषय पर आगे काम करेगा और बातचीत कर निराकरण कर लिया जाएगा।

किरगी से गुम 3 नाबालिग दुर्ग में हुए दस्तयाब

- बच्चों के सकुशल मिलने से परिजनों को राहत
- तीनों नाबालिग घूमते हुए पहुंचे थे दुर्ग सिटी

डोंगरगांव नगर। अंचल के किरगी गांव में गत दिनों गुमशुदा हुए 3 नाबालिग बच्चे दुर्ग शहर में मिल गए हैं। बच्चों को कथन व सकुशलता की पूछताछ के उपरांत परिजनों को सौंप दिया गया है। 3 दिनों से गुम हुए बच्चों के मिल जाने से बच्चों के परिजनों ने राहत की सांसें ली। परिजनों ने पुलिस के प्रति आभार प्रकट किया। उल्लेखनीय है कि गत 24 जून को ग्राम किरगी में खेलते हुए 3 बच्चों के गुम होने की खबर से समूचे अंचल में सनसनी सी फैल गई थी। बच्चों के परिजनो द्वारा पुलिस में गुमशुदगी दर्ज कराने के बाद पुलिस हरकत में आ गई थी। जिला पुलिस के मार्गदर्शन में टीआई उपेन्द्र शाह ने टीम गठित की थी। तभी 3 बच्चों के इंदिरा मार्केट दुर्ग में देखे जाने की खबर मिलने पुलिस ने आनन फानन में बच्चों को दस्तयाब कर कथन लिया। पुलिस के मुताबिक तीनो बच्चों ने अपने साथ कोई भी अप्रिय घटना नही होने की बात कही। तीनो बच्चों को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है।

रामानुजगंज में घटिया विद्युत वितरण व्यवस्था कि खुली पोल, चंद मिंटो की बारिश में देर रात तक लाइट रही बंद

पायनियर संवाददाता ➤ रामानुजगंज
www.dailypioneer.com

नगर की घटिया विधुत वितरण व्यवस्था को लेकर आए दिन उपभोक्ताओं को कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है 26 जुलाई को दोपहर में चंद मिंटो तक वारिश क्या हुई कि पूरी तरह से लाइट बंद हो गई देर शाम तक लाइट बहाल होने के बाद लोगों ने राहत की सास ली किंतु ट्रिपिंग का दौर जारी रहा। अब सवाल यह उठता है कि प्रत्येक वर्ष मेंटेनेंस के नाम पर लाखों रुपए का खर्च बताया जा रहा है की बरसात पूर्व मेंटेनेंस इसलिए की जा रही है ताकि उपभोक्ताओं को बेहतर विद्युत वितरण किया जा सके लेकिन ऐसा नहीं हो पा रहा है शाम के समय विद्युत गुल होने के कारण खासकर घरेलू महिलाओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है लेकिन इसके लिए विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को शिकायत के बाद उल जुलूल बाते करने लगते हैं और नियम कानून का हवाला देने लगते हैं। उपभोक्ताओं को बेहतर विद्युत वितरण मिल सकें इसके लिए समय-समय पर कोई पहल नहीं की जाती जब पूरी तरह से सप्लाई व्यवस्था का भट्ठा बैठ जाता है तभी कोई पहल की जाती है।

जिला कलेक्टर को ईई दे रहे गलत जानकारी-26 जून को दोपहर में हुई चंद मिंटो की बारिश में नगर पंचायत क्षेत्र रामानुजगंज के वार्ड क्रमांक 15 से लगे हुए ग्राम पंचायत पुरानी डीह मे ट्रांसफार्मर जल गया। ट्रांसफार्मर जलने के कारण सैकड़ो उपभोक्ताओं की घरों में अंधेरा छा गया उसके बाद लाइट के अभाव में लोग पानी के लिए तरस रहे हैं। जब विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से ट्रांसफार्मर के संबंध में चर्चा की गई तो उन्होंने कहा कि प्रक्रिया पूर्ण कर ट्रांसफार्मर लगाया जाएगा। जब इस संबंध में जिले के अपर कलेक्टर इंद्रजीत वर्मन से चर्चा की गई तो उन्होंने कहा कि जिले के ईई प्रकाश कुमार अग्रवाल के द्वारा टी एल के बैठक में कलेक्टर बलरामपुर को यह जानकारी देते हैं कि ट्रांसफार्मर जलने के बाद तत्काल ट्रांसफार्मर लगा दिया जाता है उन्होंने कहा कि जले हुए ट्रांसफार्मर के संबंध में मैं चर्चा कर तत्काल लगवाने का प्रयास करता हूं। इधर सच्चाई यह है कि ट्रांसफार्मर जलने के बाद उपभोक्ताओं को कई कई दिनों तक मानसिक शारीरिक एवं आर्थिक सहीत कई परेशानियों का सामना करना पड़ता है। बरसात के दिनों में इनके पास उपभोक्ताओं को बेहतर विद्युत वितरण देने के लिए स्टॉक में काम से कम पांच ट्रांसफार्मर होने चाहिए लेकिन जानबूझकर जिले के लापरवाह अधिकारी समस्या उत्पन्न करने में लगे हुए हैं ताकि जिले के मुखिया कलेक्टर सहित इस जिले के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों का नाम कलंकित हो सके।

ग्रामीणों ने बांध निर्माण में हुए भ्रष्टाचार की शिकायत कलेक्टर से की कार्रवाई की मांग

रामचंद्रपुर जनपद पंचायत का मामला

पायनियर संवाददाता ➤ रामानुजगंज
www.dailypioneer.com

जनपद पंचायत रामचंद्रपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत लावा में बन रहे बांध निर्माण में बरती गई अनियमितता के संबंध में ग्रामीणों ने कलेक्टर सहित जिला पंचायत सीईओ को लिखित शिकायत करते हुए पंचायत प्रतिनिधियों के खिलाफ़ सख्त कार्रवाई करने की मांग की गई है। शिकायत करने वाले ग्रामीणों में देव कुमार सिंह, देवराज जगते,पंच सूरजवंती, फूलवती लक्ष्मी सिंह, देव शरण जगते,देव शंकर आयाम,शिव शंकर आयाम रमाकांत राम,ललन जगते,देवधारी अवधेश सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम पंचायत लावा में मनरेगा के तहत् मिट्टी बांध निर्माण कराने के लिए स्वीकृति राशि 18 लाख मिला है, उस बांध मे सन् 2023-24 से काम चल रहा है, उस बांध में 20 से 25 प्रतिशत काम हुआ और उसका राशि 70 प्रतिशत फर्जी निकाल लिया गया है, उस बांध में मजदूर 8 से 10 लोग कभी-कभी दिखाने के लिए लगाये जाते है तथा 70 से 80 मजदूर के नाम से विचौलियों लोगों को मास्स्टर रोल निकालकर एमआइएस कराके पैसा आहरण कराके पंचायत के पदाधिकारीयों पैसों को बन्दर बाट कर रहे है, पुछने पर बताते है कि काम कभी भी हो जायेगा कुडवा बांध को जिस भूमि को सिंचित करने के लिए कुड़वा में बांध निर्माण का मांग कर स्वीकृति कराया गया था। सभी किसान चिचिंत है व्ही प्रति सप्ताह लगभग 1 लाख रू का एम.आर. निकालकर एम.आई.एस. कराया जा रहा है। उक्त पंचायत प्रतिनिधियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई करते हुए भ्रष्टाचार में सलीपित लोगों को जेल भेजा जाए। वैसे तो जनपद पंचायत रामचंद्रपुर अपने कार्य प्रणाली को लेकर हमेशा सुर्खियों में रहा है सक्षम अधिकारी चल रहे स्वीकृत कार्य का शायद कभी निरीक्षण करने नहीं जाते हैं इसी का परिणाम है कि पंचायत प्रतिनिधियों के द्वारा लगातार भ्रष्टाचार को अंजाम दिया जा रहा है ग्रामीणों का यह भी कहना है कि शिकायत के बद संबंधित विभाग के अधिकारी शुरुआती दौर में तत्परता दिखाते हैं परंतु उसके बाद शिकायत फाइल को जांच के नाम पर ठंडे बस्ते में डालकर मौन धारण कर लेते हैं केंद्र एवं राज्य सरकार के द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को नहीं मिलता और बिचौलिए उठा लेते हैं?

सेल्फ स्टडी से आईआईटी जेएएम में जशपुर के हर्षराज सोनी ने 74 वां रैंक हासिल कर जिले के साथ प्रदेश का बढ़ाया मान

पायनियर संवाददाता ➤ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

आईआईटी का रिजल्ट जारी कर दिया गया है। इसमें जशपुर के रहने वाले हर्षराज सोनी ने आल इंडिया रैंक में 74 वां रैंक हासिल कर जिले के साथ राज्य नाम रोशन किया है। उन्होंने शिवाजी कॉलेज दिल्ली यूनिवर्सिटी (डीयू) से अपनी पढ़ाई पूरी की है। खास बात ये है कि उन्होंने बिना कोचिंग किए ही अच्छा रैंक हासिल किया है। इसके पहले 12 फरवरी 2023 में इसका एग्जाम दिलाया था। इसके लिए कोचिंग भी किया। लेकिन एग्जाम शुरु होने के 2 दिन पहले ही तबीयत खराब हो गई। घबराहट में पेपर बिगड़ गया। इससे कम रैंक 824 ही आया था। उसके बाद फिर से हार न मानकर फिर से तैयारी में जुट गया। जहां 11 फरवरी 2024 को एग्जाम दिलाया। इस तरह दूसरे प्रयास में उन्होंने कडी मेहनत कर बेहतर रैंक हासिल किया। उनकी बेहतर रैंक आने पर कॉलेज के प्राचार्य ने गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया। हर्षराज सोनी के पिता संतोष कुमार सोनी एवं माता सोभा देवी सोनी दरबारीटोली में निवास करते हैं। आईआईटी में आल इंडिया रैंक में 74 वां रैंक हासिल करने पर माता-पिता बहुत खुश है। उन्होंने बताया कि हर्षराज को बैंगलोर साइंटिस्ट एजुकेशन में प्रवेश के लिए चुना गया है।

गुमशुदा प्रिती चौहान की जानकारी होने पर जूटमिल थाने में दें सकते है सूचना

रायगढ़। जूटमिल रायगढ़ के संतोष चौहान द्वारा जूटमिल थाना में अपनी लड़की प्रिती चैहान के संबंध में गुमशुदगी रिपोर्ट लिखवाया है। उन्होंने बताया कि प्रिती चौहान का हुलिया 5 फीट 4 इंच चेहरा गोल शरीर सामान्य रंग सांवली, सूट सलवार स्लेटी रंग का पहनी है एक बैग लेकर निकली है। कान में सोने की फुली पहनी है। ग्रेजुएट तक पढ़ी है। वह हिन्दी व छत्तीसगढ़ बोली बोलती है। गुम इंसान की पता साजी हेतु जिले के सर्व थाना चौकी प्रभारी को वितंतु संदेश भेजी गई है।

जिला पुलिस, प्रशासन और खनिज विभाग की संयुक्त कार्रवाई पत्थलगांव में अवैध परिवहन कर रहे 9 ट्रैक्टर, 2 हाईवा जब्त

पकड़े गए वाहनों से 2.25 लाख अर्थदण्ड खनिज नियमों के उल्लंघन पर लगाया गया है

पायनियर संवाददाता ➤ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

पर्यावरण की सुरक्षा के लिए देश में बनाई गई एनजीटी यानि नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल डिपार्टमेंट की ओर से 10 जून से 15 अक्टूबर तक नदियों से रेत का उत्खनन और परिवहन पूरी तरह से बंद कर दिया गया है। बावजूद इसके अवैध उत्खनन और परिवहन का कार्य जोरों पर है। इसकी लगातार शिकायत मिलने पर जिला प्रशासन सख्त हो चुका है। यही वजह है कि जिले के सभी विकासखंडों में लगातार दबिश दी जा रही है। जिला पुलिस, जिला प्रशासन और खनिज विभाग को विगत दिनों से लगातार सूचना मिल रही थी कि जशपुर जिले में अवैध तरीके से खनिज पदार्थों का परिवहन किया जा रहा है।

2.25 लाख का अर्थदंड-इस पर गुरूवार को संयुक्त रूप से पत्थलगांव क्षेत्र में कार्यवाही करते हुए अवैध परिवहन करते पाये जाने पर 09 ट्रैक्टर रेत एवं 02 हाईवा गिट्टी जप्त कर 02.25 लाख अर्थदण्ड लगाते हुए संबंधितों के विरूद्ध खान एवं खनिज विनिमय एवं भण्डारण अधिनियम् 1957 की धारा 21(4)(5) के तहत् कार्यवाही की गई है।

इन्होंने की कार्रवाई -कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल और एसपी शशि मोहन के निर्देशन में तथा पत्थलगांव एसडीएम आकांक्षा त्रिपाठी के मार्गदर्शन में रेत की अवैध खनन पर कार्रवाई की जा रही है। रेत खनन के लगातार शिकायत प्राप्त हो रही थी।

जिस पर निरंतर कार्रवाई जारी रह है। इसी कड़ी में पत्थलगांव में अवैध रैत परिवहन पर राजस्व एवं पुलिस विभाग के द्वारा संयुक्त कार्यवाही की गई। संयुक्त कार्यवाही में नायब तहसीलदार पत्थलगांव रामाश्रय सिंह, नायब तहसीलदार बागबहार गणेश सिदार, राजस्व निरीक्षक केराकछार ताराचंद राठौर, पटवारी सतीश दास, पुलिस विभाग से थानाप्र भारी टी आई विनीत पाण्डेय एवं टीम के द्वारा अवैध रेत परिवहन करते हुए छः टैक्टर टाली में रेत भरा हुआ जप्ती कर कार्यवाही की गई।

भविष्य में खनिज पदार्थों का अवैध परिवहन करते पाये जाने पर व्यापक स्तर पर संयुक्त रूप से कार्यवाही की जाएगी, उपरोक्त कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

शशि मोहन सिंह, एसपी जशपुर

गंभीर बीमारी से पीड़ित और आर्थिक तंगी से परेशान 94 हितग्राहियों को सीएम ने दिया 16 लाख का स्वेच्छानुदान

- जनपद पंचायत कुनकुरी के सभागार में सीएम की पत्नी कौशल्या साय ने किए वितरण

पायनियर संवाददाता ➤ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

गंभीर बीमारी और आर्थिक तंगी से जुझ रहे 94 हितग्राहियों को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने स्वेच्छानुदान से 16 लाख 05 हजार का आर्थिक सहायता उपलब्ध कराया है, जिसमे कुनकुरी तहसील के 69 हितग्राही एवं दुलदुला तहसील के 25 हितग्राही शामिल हैं। गुरुवार को कुनकुरी विधानसभा क्षेत्र के जनपद पंचायत के सभागार में कार्यक्रम आयोजित कर सीएम साय की पत्नी कौशल्या साय के मुख्य अतिथि में उनके द्वारा हितग्राहियों को चेक का वितरण किया गया।इस मौके पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष उपेंद्र यादव, जिला महामंत्री भरत सिंह,मंडल अध्यक्ष संतोष सहाय, नायक मिश्रा सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। कौशल्या साय ने इस दौरान कहा कि 6 माह के छोटे से कार्यकाल में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने इतना काम कर दिखाया है,जितना पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार,पांच साल में नहीं कर सकी। उन्होने कहा कि महातारी वंदन,धान बोनस,प्रति एकड़ 21 क्विंटल की धान खरीदी, 18 लाख हितग्राहियों के लिए पीएम आवास जैसे मोदी की गारंटी को भाजपा सरकार ने जमीन पर उतार कर, अपने चुनावी वायदे पूरा कर दिखाया है। उन्होने कहा कि किसी प्रकार समस्या हो तो बगिया स्थित सीएम कैम्प कार्यालय में आकर आवेदन कर सकते हैं, अब तक यहा से 4 सौ से अधिक जरूरतमंदों को स्वास्थ्य सेवा से संबंधित सहायता उपलब्ध कराई जा चुकी है। भाजपा की सरकार,आम लोगों की जरूरत और समस्याओं के साथ विकास को लेकर संवेदनशील है। जिला पंचायत उपाध्यक्ष उपेंद्र यादव एवं महामंत्री भरत सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार के 6 माह के कार्यकाल में जशपुर जिले की विकास ना केवल पटरी पर वापस लौटी है अपितु तेज गति से आगे बढ़ रही है। कुनकुरी में 220 बिस्तर की क्षमता वाले सर्वसुविधा युक्त अस्पताल की घोषणा इसका उदाहरण है। इस अस्पताल के बन जाने से जशपुरवासियों को स्वास्थ्य सेवा की जरूरतों के लिए बड़े शहरों की ओर दौड़ लगाने से मुक्ति मिल सकेगी।सरकारी अस्पताल में ही उच्च गुणवत्तायुक्त उपचार उपलब्ध हो सकेगा।

स्वेच्छा अनुदान से आई मुस्कान-कुनकुरी के जनपद सभागार में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की धर्मपत्नी कौशल्या साय ने हितग्राहियों को स्वेच्छा अनुदान राशि वितरण की, चेक मिलने के बाद हितग्राहियों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं सीएम मैडम कौशल्या साय का आभार जताया है,उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए कहा की उन्हें आर्थिक सहायता मिल जाने से इलाज सहित जीवन यापन करने में मदद मिल सकेगी।

01 जुलाई से सभी कोषालयों में पेपरलेस ऑनलाईन माध्यम से प्रस्तुत करना होगा देयक

सभी विभागों में स्पीड नेटवर्क, समुचित क्षमता वाला स्कैनर होना जरुरी

पायनियर संवाददाता ➤ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

वित्त निर्देश में राज्य के सभी कोषालयों में 01 जुलाई 2024 से देयकों का प्रस्तुतीकरण सिर्फ ऑनलाईन माध्यम से किये जाने का निर्देश जारी किया गया है। सभी आहरण एवं संवितरण अधिकारी द्वारा ई-कोष सॉफ्टवेयर में ई-पेरोल तथा ई-बिल मॉड्यूल में ऑनलाईन माध्यम से देयक तैयार कर तथा डीएससी का उपयोग करने बाद देयकों को कोषालय हेतु अग्रेषित करेंगे तथा ई- पेरोल में सिस्टम से जनरेटेड होने वाले शेड्यूल में प्रत्येक में डीएससी तथा ई-बिल में एक डीएससी आवश्यक होगा। यदि पे-बिल के साथ कोई डॉक्यूमेंट अपलोड किया जाना है, तो साइड डाक्यूमेंट पीडीएफ फॉर्मेट में अपलोड किया जाएगा, जिसमें डीएससी आवश्यक नहीं होगा। इस प्रक्रिया के सुचारू रूप से संचालन हेतु यह आवश्यक है कि सभी आहरण एवं संवितरण अधिकारियों के पास नेटवर्क की सही स्पीड, देयकों के साथ अपलोड किये जाने वाले दस्तावेज की स्कैनिंग करने हेतु समुचित क्षमता वाला स्कैनर तथा अन्य आवश्यक इलेक्ट्रॉनिक सामग्री उपलब्ध हो तथा साथ ही वैध डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट भी होना चाहिए। इस संबंध में ऑनलाइन देयकों के प्रस्तुतीकरण तथा निराकरण की प्रक्रिया का एसओपी पत्र के साथ संलग्न है। देयकों को तैयार करने के लिए मेकर बिल क्लर्क स्तर पर चेकर डीडीओ स्तर रखा गया है, जिसमें मेकर (बिल क्लर्क) द्वारा देयक तैयार कर चेक लिस्ट का परीक्षण किया जाएगा तथा चेकर (डीडीओ) द्वारा बीटीआर नं. बिल का परीक्षण तथा डीएससी किया जाएगा। कोषालय अधिकारी द्वारा संबंधित डीडीओ के लिए ऑनलाइन बीटीआर नंबर जारी किया जाएगा। इसी नंबर अनुसार देयक कोषालय में अग्रेषित किए जायेंगे। सभी डीडीओ द्वारा ऑनलाईन देयक की एक हार्डकोपी निकालकर कार्यालय स्तर पर संधारित की जाएगी।

सिस्टम में किया जाएगा दस्तावेज अपलोड-ई-पेरोल के अलावा अन्य सभी देयकों के लिए देयक में एक डीएससी तथा सभी संलग्नक उप प्रमाणक को स्कैनिंग कर अपलोड किया जाना होगा। इसमें डीएससी अनिवार्य नहीं होगा। यदि एक फाइल का साईज 15 एमबी से अधिक है तो फाइल साइज को कम्प्रेस कर अपलोड किया जाना होगा, कम्प्रेस करने हेतु ऑनलाईन उपलब्ध किसी सॉफ्टवेयर का उपयोग किया जा सकता है अथवा देयकों की संख्या में वृद्धि की जा सकती है। सभी अटेचमेंट पीडीएफ फार्मेट में ही अपलोड किया जाना आवश्यक होगा।

छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर किया स्वागत, नव प्रवेशी बच्चों को बांटी गई कॉपी-किताब और पेन

जिले के सरकारी स्कूलों में मनाया गया प्रवेश उत्सव

- स्कूल खुलने पर बच्चों के चेहरे पर दिखी खुशी, स्कूलों में लौटी रौनक

पायनियर संवाददाता ➤ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ में नए शैक्षणिक सत्र 2024-25 की शुरूआत हो गई है। इसी के साथ छात्र-छात्राओं की इंतजार की घड़ी खत्म हो गई है। जशपुर सहित प्रदेश भर में स्कूल खुलने के साथ ही स्कूलों में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। पहले दिन बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। जशपुर जिले के कांसाबेल तहसील अंतर्गत खुटेरा, बटइकेला के प्राथमिक, माध्यमिक. हाई स्कूल में स्कूल प्रवेश उत्सव मनाया गया। यहां आयोजित शाला प्रवेश उत्सव में बगीचा एसडीएम ओंकार यादव ने शामिल होकर नव प्रवेशी बच्चों का उत्साहवर्धन किया । इस उन्होंने सभी बच्चों को कॉपी-किताब और पेन दिए।

स्कूलों में लौटी रौनक, बच्चों के चेहरे पर दिखी खुशी-लंबे अंतराल के बाद जब नन्हें-मुन्हे बालक-बालिका स्कूल पहुंचे तो रौनक लौट आई है। स्कूलों में शिक्षक-शिक्षिकाओं के समूह द्वारा सभी छोटे बच्चों का मुख्य द्वार पर ही टीका लगाकर,स्वागत किया गया। प्रवेशोत्सव में बच्चों के साथ-साथ उनके अभिभावकों ने भी भाग लिया।

नए सत्र के लिए सीएम साय ने स्कूली बच्चों को दी शुभकामनाएं-स्कूल खुलने से पहले मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने नए शैक्षणिक सत्र के शुरू होने पर स्कूली बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए अपने शुभकामना संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी बच्चे मन लगाकर पढ़ाई करें और अपने परिवार का और पूरे छत्तीसगढ़ का नाम रोशन करें। मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से नवप्रवेशी बच्चों को शुभकामनाएं दी, जो पहली बार स्कूल पहुंचे है। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर शिक्षकों भी संदेश दिया। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ अपनी नई पीढ़ी को आपको सौंप रहा है। आप इन्हें शिक्षा प्रदान कर, संस्कारित कर, विकसित छत्तीसगढ़ की जिम्मेदारी निभाने के लिए तैयार करें। पहले 18 जून को नए शैक्षणिक सत्र 2024-25 की शुरूआत होनी वाली थी लेकिन गर्मी को देखते हुए स्कूलों की छुट्टी 25 जून तक बढ़ाई गई थी। जिसके बाद आज स्कूल खुलने पर प्रदेश सहित जिले भर में शाला प्रवेश उत्सव मनाया जा रहा है। यह सिलसिला 15 जुलाई माह तक चलेगा। जिले के गाँव-गाँव व कस्बे-कस्बे के सरकारी स्कूलों में प्रवेशोत्सव मनाया जाएगा

आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड
(तत्कालीन कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में ज्ञात)
सीआईएनः L65110TN2014PLC097792
पंजीकृत कार्यालयः केआरएम टावर्स, 8वीं मंजिल, हैरिंगटन रोड, चेटपेट, चेन्नई – 600031
फोनः +91 44 4564 4000 | फैक्सः +91 44 4564 4022
IDFC FIRST Bank

वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के तहत नोटिस

निम्नलिखित उधारकर्ताओं और सह-उधारकर्ताओं ने आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (तत्कालीन कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है) से नीचे उल्लिखित सुरक्षित ऋण का लाभ उठाया। नीचे उल्लिखित उधारकर्ताओं और सह-उधारकर्ताओं के ऋण उनकी संबंधित संपत्तियों को गिरवी रखकर सुरक्षित किए गए हैं। चूंकि वे संबंधित ऋण समझौतों के नियमों और शर्तों का पालन करने में विफल रहे हैं और अनियमित हो गए थे, इसलिए उनके ऋण को आरबीआई दिशानिर्देशों के अनुसार एनपीए के रूप में वर्गीकृत किया गया था। उनके द्वारा आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (तत्कालीन कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है) को देय राशि निम्नलिखित तालिका में विशेष रूप से वर्णित संबंधित नोटिस के अनुसार उल्लेख किया गया है और उक्त राशि पर आगे ब्याज भी लागू होगा और इसका शुल्क उनकी संबंधित तिथियों से संविदात्मक दर के अनुसार लिया जाएगा।

क्र. सं.	ऋण खाता नं.	ऋण का प्रकार	उधारकर्ताओं और सह-उधारकर्ताओं के नाम	धारा 13(2) नोटिस दिनांक	धारा 13(2) नोटिस के अनुसार बकाया राशि
1	54630785	सम्पत्ति विरूद्ध ऋण	1. दुर्गेश साहू 2. भरतलाल बहू 3.अनुसूल्या बाल साहू 4.दुर्गेश साहू	12.06.2024	रु. 4,30,368.22/-

सम्पत्ति का पताः सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि प्लॉट नं. 31, आबादी भूमि खसरा सं. 984 का भाग, प्लॉट क्षेत्रफल 1080 वर्ग फीट, ग्रामः कुटेला, पी.एच. सं. 45, आर.आई.सी. एवं तहसीलः आरंग, जिला-रायपुर, छत्तीसगढ़-493441 में स्थित, तथा, चौहद्दीः पूरब में – खुला स्थान, पश्चिम में – गली, उत्तर में – गली, दक्षिण में – जगदीश

आपको आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (तत्कालीन कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है) को उपरोक्त तालिका में दिखाए गए विवरण के अनुसार, इस प्रकाशन की तारीख से 60 दिनों के भीतर राशि का भुगतान करने के लिए कहा जाता है, संबंधित तिथियों से अनुबंधित ब्याज दर और अन्य लागत, शुल्क आदि के साथ, ऐसा न करने पर अधोहस्ताक्षरी को सरफेसी अधिनियम की धारा 13(4) और धारा 14 के तहत आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (तत्कालीन कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है) की देय राशि की वसूली के लिए यहां उल्लिखित गिरवी संपत्तियों के खिलाफ कार्यवाही शुरू करने के लिए बाध्य किया जाएगा। इसके अलावा आपको उक्त अधिनियम की धारा 13 (13) के तहत उक्त सुरक्षित संपत्तियों को बिक्री/पट्टे या अन्यथा के माध्यम से स्थानांतरित करने से प्रतिबंधित किया जाता है।

हस्ता/-
प्राधिकृत अधिकारी
आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड
(तत्कालीन कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में ज्ञात)

दिनांकः 28.06.2024
स्थानः छत्तीसगढ़

निविदा के बाद अब तुरंत काम होगा शुरू पीडब्लूडी ने जारी किए नए दिशा-निर्देश

नए दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश, उल्लंघन पर होगी कार्रवाई

पायनियर संवाददाता ᐸ रायपुर
www.dailypioneer.com

लोक निर्माण विभाग के कार्यों में तेजी लाने और उन्हें समय पर पूर्ण करने राज्य शासन द्वारा निविदा को लेकर नए दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। अब सड़क और सेतु निर्माण के लिए निविदा के पहले संबंधित कार्यपालन अभियंता को प्रमाणित करना होगा कि कार्य के लिए 90 प्रतिशत बाधारहित भूमि उपलब्ध है। भवन निर्माण के लिए पूरी जमीन व्यवधानरहित होने पर ही निविदा आमंत्रित की जा सकेगी। उप मुख्यमंत्री तथा लोक निर्माण मंत्री अरुण साव द्वारा विभागीय कार्यों में तेजी और कसावट लाने के निर्देश के बाद राज्य शासन ने प्रमुख अभियंता सहित सभी मुख्य अभियंताओं, अधीक्षण अभियंताओं और कार्यपालन अभियंताओं को इस संबंध में परिपत्र जारी किया गया है। विभाग ने नए दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने को कहा है। इनका समुचित पालन नहीं करने पर संबंधित अधिकारी के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। लोक निर्माण विभाग द्वारा मंत्रालय से प्रमुख अभियंता से लेकर सभी कार्यपालन अभियंताओं

को जारी परिपत्र में निर्देशित किया गया है कि निविदा आमंत्रण के पूर्व कार्यपालन अभियंता को यह प्रमाणित करना होगा कि सड़क निर्माण के लिए सड़क की प्रस्तावित कुल लंबाई की 90 प्रतिशत लंबाई व्यवधानरहित है। साथ ही 90 प्रतिशत लंबाई में सभी प्रकार की बाधाएं जैसे भूअर्जन, वन भूमि व्यपवर्तन एवं यूटिलिटी शिफ्टिंग का कार्य पूर्ण कर लिया गया गया है तथा शेष 10 प्रतिशत भूमि बाधारहित करने की कार्यवाही 180 दिनों में पूर्ण कर ली जाएगी। विभाग ने भवन निर्माण के लिए 100 प्रतिशत व्यवधानरहित भूमि उपलब्ध होने के बाद ही निविदा आमंत्रण की कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। परिपत्र में कहा गया है कि सेतु कार्यों के पहुंच मार्ग के लिए 90 प्रतिशत लंबाई बाधारहित होने पर ही निविदा आमंत्रण की कार्यवाही की जाए। निविदा आमंत्रण के पूर्व कार्यपालन अभियंता को यह प्रमाणित करना होगा कि पुल निर्माण हेतु पुल के पहुंच मार्ग के लिए प्रस्तावित कुल लंबाई की 90 प्रतिशत लंबाई व्यवधानरहित है। साथ ही 90 प्रतिशत लंबाई में सभी प्रकार की बाधाएं जैसे भूअर्जन, वन भूमि व्यपवर्तन एवं यूटिलिटी शिफ्टिंग का कार्य पूर्ण कर लिया गया है तथा शेष 10 प्रतिशत भूमि बाधारहित करने की कार्यवाही 180 दिनों में में पूर्ण कर ली जाएगी। विशेष प्रकरणों में शासन द्वारा अंतिम निर्णय लिया जाएगा।

आदिवासी ब्लॉक के 80 प्रतिशत मजदूरों को 100 दिन का काम नहीं, पीओ मलाई कार्य में मशगूल

पायनियर संवाददाता ᐸ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

शासन प्रशासन ट्रैवल ब्लॉक में कमार भुंजिया आदिवासी परिवारों को शत प्रतिशत मनरेगा में काम दिलाने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगा रही है तो दूसरी ओर मैनपुर ब्लॉक के ज़िम्मेदार पीओ मलाईदार काम मे रूचि लेकर मजदूरी दिवस बढ़ाने को अनदेखा कर बैठे हैं। शायद यही वजह है कि इस ब्लॉक के 80 प्रतिशत मजदूरों को 100 दिन का मजदूरी नही मिल पाया है। मतलब मनरेगा के कार्यक्रम अधिकारी रमेश कंवर के मलाईदार कार्य में मशगूल रहने का खमियाजा गांव-गांव के सैकडों मजदूरो को भुगतना पड़ रहा है। तभी मैनपुर ब्लॉक में 44 हज़ार 903 जॉब कार्ड धारी परिवार है जिनमे से 147 परिवार को बमुश्किल 100 दिन का काम मिल पाया है जबकि बचत मनरेगा मजदुर ऐसे निर्धारित काम दिवस की काम के लिए तरसते होते हैं और रोजगार नही मिलने की स्तिथि राज्य के बाहर कमाने खाने के लिए मजबूर दिखाई पड़ते हैं। सबसे खास बात तो यह है कि जिन जिन पंचायत में कमार भुंजिया आदिवासी परिवारों की संख्या अधिक है उन पंचायतों के परिवारों को भी 100 दिन का मजदूरी नही मिल रहा है। चाहें वह दाबरीगुड़ा की बात हो या फिर सरनाबहाल के पंचायत हो। यही वजह है कि आज भी इन इलाकों में भोले भाले आदिवासी अपने आप को ठगा महसूस करते हैं, क्योंकि जिस मनरेगा के सहारे थोड़ी बहुत राहत मिलती हैं वह भी पूरी तरह नही मिल पा रहा है ऐसे में पलायन के अलावा दूसरा विकल्प भी नही होता है। बावजूद इसके मनरेगा के ज़िम्मेदार अधिकारी कार्यलय मे बैठे-बैठे आराम फरमा रहे हैं। जबकि जिला सीईओ जनपद सीईओ सहित तमाम अधिकारी गांव गांव के मजदूरों को शत प्रतिशत मजदूरी दिवस दिलाने के लिए धरातल पर लगातार कसरत कर रहे है फिर भी इस ब्लॉक पर मजदूरो को निर्धारित दिवस की मजदूरी नही मिल रही है।

जिला सीईओ के कार्य प्रणली पर मजदूरों ने उठाया सवाल

खास बात तो यह है कि मैनपुर ब्लॉक में आधिकांश महिलाओ को निर्धारित मजदूरी नही मिल पा रहा है जिसे लेकर कुहीमाल सरनाबहाल दाबरीगुड़ा सहित अन्य पंचायत के कुछ महिलाओ पुरुष से चर्चा करने पर बताया की जिला पंचायत सीईओ के पद पर महिला को आसीन देख काफी उम्मीद रही की पहले के तुलना इस बार महिलाओ मनरेगा योजना के तहत बढ़चढ़ कर रोजगार से जोड़ा जाएगा लेकिन महिलाओ के रोजगार प्रतिशत देख आश पूरी तरह खत्म हो गई। जबकि खेत खलियान में रोजगार मिलने या फिर घर बैठना मजबूरी होता है मजदूर महिलाओ की माने तो क्षेत्र में ना कोई फैक्ट्री है और ना नियमित रोजगार के लिए किसी प्रकार कोई साधन है फिर भी महिलाओ को मानव दिवस सृजित करने से वंचित रखा गया। जबकि महिलाओ को मानव दिवस से जोड़ना अतिआवश्यक माना जाता है ताकि थोड़ी बहुत पैसा बचाकर घर परिवार की छोटी बड़ी जरूरत को पूरा किया जा सके।

आयुक्त से शिकायत की तैयारी

जिस तरह निर्धारित मजदूरी दिलाने में साल दर साल अधिकारी लापरवाही बरत रहे। उससे कई स्थानीय जनप्रतिनिधियो के अलावा मजदूरो मे भी खासी नाराज़गी दिखाई पड़ रहा है बकायदा पत्राचार के माध्यम से आयुक्त को पत्र भेजकर व्यवस्था में सुधार लाने के लिए आवेदन देने की बात कही जा रही है, ताकि मलाईदार काम मे मशगूल रहने और लापरवाही बरतने वाले अधिकारी के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही किया जा सके।

इस संबंध में कार्यक्रम अधिकारी रमेश कंवर से उनका पक्ष लेना चाहा लेकिन उन्होनें फोन रिसीव नहीं किया।

44 हजार से अधिक श्रमिक परिवारों के खाते में जाएंगे 29 करोड़ से अधिक

श्रम विभाग की आधा दर्जन श्रम कल्याण कारी योजनाओं का मिलेगा लाभ

पायनियर संवाददाता ᐸ रायपुर
www.dailypioneer.com

प्रदेश के श्रम मंत्री सह अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य संन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल लखन लाल देवांगन के निर्देश पर 44 हजार से अधिक श्रमिक परिवारों के खाते में 29 करोड़ से अधिक की राशि जमा होगी। श्रम विभाग की आधा दर्जन श्रम कल्याणकारी योजनाओं का लाभ श्रमिक परिवारों को मिलने जा रहा है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की भी मंशा है कि श्रम विभाग की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लोगों को मिले। इस दिशा में श्रम विभाग ने अपनी तैयारी प्रारंभ कर दी है। गौरतलब है कि पिछ्ले हफ्ते श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन ने दो दिन तक सभी जिला स्तर के अधिकारियों की बैठक लेकर एक-एक योजना की समीक्षा की थी। श्रम मंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया था की सभी योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक श्रमिक परिवारों को मिले। उन्होंने पात्र हितग्राहियों को जल्द राशि जारी करने के निर्देश भी दिए थे। श्रम मंत्री की विशेष पहल पर अलग अलग 6 योजनाओं को लाभ श्रमिकों को मिलने जा रहा है। महतारी जतन योजना के तहत प्रदेश के पंजीकृत 6210 महिला श्रमिकों के खाते में 20-20 हजार की राशि दी जाएगी। इस योजना में पंजीकृत महिला निर्माण श्रमिक के प्रथम दो बच्चों के प्रसव हेतु एकमुश्त राशि दी जाती है। स्कूल का नया सत्र शुरू हो चुका है। पंजीकृत श्रमिक परिवार के बच्चों को गणवेश, पुस्तक और कॉपी खरीदने के लिए सहायता राशि दी जाती है। इसके तहत प्रदेश के 14 हजार श्रमिक परिवार को राशि स्वीकृत की गई है। इसमें कक्षा 1 से 8 तक के लिए प्रति बच्चे को एक हजार और कक्षा 9 से 12वी तक के लिए 2 हजार की सहायता राशि दी जाती है। पंजीकृत श्रमिक परिवार के बच्चों को प्राथमिक से लेकर उच्च शिक्षा तक के लिए छात्रवृत्ति दी जाती है। इस योजना के तहत कुल 16 हजार आवेदन पर स्वीकृति दी गई है। असंगठित कर्मकार निर्माण श्रमिक मृत्यु एवम् दिव्यांग सहायता योजना के तहत पंजीकृत श्रमिक की सामान्य मृत्यु पर एक लाख, कार्य स्थल पर मृत्यु पर 5 लाख, कार्य स्थल पर दुर्घटना से दिव्यांगता पर ढाई लाख रुपए दी जाती है।

विवादित अंकल सैम पित्रोदा को फिर से पद देने वाली कांग्रेस का देशविरोधी चेहरा उजागर : केदार कश्यप

पायनियर संवाददाता ᐸ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ के वन मंत्री केदार कश्यप ने सेम पित्रोदा को इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष पर पुनः बहाल किए जाने पर तीखा हमला बोला है। कश्यप ने कहा कि कांग्रेस के इस फैसले से कांग्रेस का राजनीतिक चरित्र बेनकाब हो गया है। प्रदेश के वन मंत्री कश्यप ने कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान विरासत टैक्स लगाने, रंगभेद आदि से जुड़े बयानों के मद्देनजर पद से हटाए गए राहुल गांधी के सलाहकार पित्रोदा को हटाया गया था, लेकिन अपने इस फैसले से पलटकर कांग्रेस नेतृत्व ने यह स्पष्ट कर दिया है कि उनके लिए देश के लोग नही सैम अंकल प्राथमिकता रखते है।पित्रोदा की बहाली ने कांग्रेस की उस विकृत राजनीतिक मानसिकता को भी साफ कर दिया है कि विरासत टैक्स, रंगभेद जैसे बयान कांग्रेस की सोची-समझी साजिशाना रणनीति के तहत दिए गए या दिलाए गए, और विवाद के चलते वोट बैंक के डैमेज कंट्रोल के लिहाज से पित्रोदा को हटाने का काम किया लेकिन अब यह आईने की तरह साफहो गया है कि ये बयान कांग्रेस का आधिकारिक स्टैण्ड ही है। प्रदेश के वन मंत्री कश्यप ने कहा कि कांग्रेस के तमाम बयान बहुत ही सोचे-समझे होते हैं ताकि समाज में अलगाव और घृणा फैले। ये बयान चुनावी नफे-नुकसान को ध्यान में रखकर दिए जाते हैं, फिर दिखावे के लिए कार्रवाई करने के बाद निर्लज्जतापूर्वक पद पर बहाल किया जाता है। कश्यप ने कहा कि पित्रोदा की तरह ही, जज बनाने का झांसा देकर दुष्कर्म करते कैमरे में कैद हुए अभिषेक मनु सिंघवी को प्रवक्ता पद पद से से हटाने के बाद फिर उन्हें प्रवक्ता बना दिया गया। कांग्रेस के ये तमाम राजनीतिक फैसले देश की गरिमा, लोकतांत्रिक व सामाजिक मर्यादा पर गहरी चोट करने वाले हैं, जिसकी जितनी निंदा की जाए, कम ही है।

न्यूज पोर्टल्स के इम्पैनलमेंट हेतु नये सिरे से आवेदन आमंत्रित 11 जुलाई तक किए जा सकते हैं ऑनलाईन आवेदन

रायपुर। जनसम्पर्क संचालनालय में न्यूज वेबसाईट/न्यूज पोर्टल्स के इम्पैनलमेंट के लिए फरवरी 24 में आमंत्रित आवेदन प्रक्रिया को अपरिहार्य कारणों से निरस्त कर दी गई है। सभी न्यूज वेबसाईट/पोर्टल्स को इम्पैनलमेंट के लिए अब नये सिरे से आवेदन पत्र प्रस्तुत करना होगा। इच्छुक पात्र वेबसाईट/न्यूज पोर्टल्स 27 जून 2024 से 11 जुलाई 2024 तक समस्त आवश्यक दस्तावेजों के साथ ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाईन आवेदन संचालनालय की वेबसाईट httpsÑ//jansampark.cg.gov.in में जाकर किया जा सकता है। उक्त लिंक को क्लिक करने पर इम्पैनलमेंट की नियम एवं शर्तें देखी जा सकती है। नियम एवं शर्तों का अवलोकन करने के बाद आवश्यक दस्तावेजों की सॉफ्ट कॉपी अटैच कर आवेदन किया जा सकता है। जो वेबसाईट/न्यूज पोर्टल्स पूर्व में इम्पैनल्ड हैं, उन्हें भी पुनः आवेदन करना होगा।

राज्यपाल हरिचंदन से एशिया पैरा आर्म रेसलिंग चैम्पियन श्रीमंत झा ने सौजन्य मुलाकात की

पायनियर संवाददाता ᐸ रायपुर
www.dailypioneer.com

राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन से राजभवन में एशिया पैरा आर्म रेसलिंग चैम्पियनशिप 2024 में गोल्ड मेडल विजेता श्रीमंत झा ने सौजन्य मुलाकात की। राज्यपाल ने उनकी उपलब्धियों पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि श्रीमंत ने देश एवं प्रदेश का गौरव बढ़ाया है। राज्यपाल ने उन्हें मेडल पहनाया और बधाई दी साथ ही भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ के पैरा-आर्म पहलवान श्रीमंत झा ने उज्बेकिस्तान में आयोजित एशिया पैरा-आर्म रेसलिंग चैपियनशिप 2024 में 85 किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण पदक जीता साथ ही माल्डोवा (यूरोप) में आयोजित होने वाले आगामी वर्ल्ड चैम्पियनशिप के लिए चयनित हुए हैं।

कृषि मंत्री नेताम 28 जून को कृषि विज्ञान केद्रों की क्षेत्रीय कार्यशाला का करेंगें शुभारंभ

पायनियर संवाददाता ᐸ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़-मध्यप्रदेश के कृषि विज्ञान केन्द्रों की 31वीं क्षेत्रीय कार्यशाला' का आयोजन राजधानी रायपुर में 28 जून से किया जा रहा है। कार्यशाला कृषि महाविद्यालय रायपुर के स्वामी विवेकानंद सभागार में प्रातः 11 बजे से प्रारंभ होगी। इस तीन दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ कृषि मंत्री रामविचार नेताम करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर के कुलपति डॉ. (कर्नल) गिरिश चंदेल करेंगे। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् नई दिल्ली के सहायक महानिदेशक (कृषि विस्तार) डॉ. रंजय के. सिंह एवं कृषि प्रौद्योगिकी अनुप्रयोग अनुसंधान संस्थान जबलपुर के निदेशक डॉ. एस.आर.के. सिंह विशिष्ट अतिथि होंगे। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर और कृषि प्रौद्योगिकी अनुप्रयोग अनुसंधान संस्थान जबलपुर के संयुक्त तत्वाधान में यह कार्यशाला आयोजित की जा रही है।

विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण के लिए शिक्षा है सबसे अहम : लक्ष्मी राजवाड़े

सरस्वती सायकल योजना अंतर्गत छात्राओं को किया सायकल वितरण

पायनियर संवाददाता ᐸ रायपुर
www.dailypioneer.com

विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण के लिए शिक्षा सबसे अहम है, यदि स्कूली शिक्षक लक्ष्य का निर्धारण करते हुए और संकल्प लेते हुए बच्चों को मन से पढ़ायेंगे तो निश्चित ही हमारे बच्चे प्रदेश के नाम को गौरवांवित करेंगे। महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने ये बात सूरजपुर के जिला स्तरीय शाला प्रवेश कार्यक्रम में कही। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थी, पालक व शिक्षकों को उनकी उपस्थिति के लिए धन्यवाद दिया और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के संदेश से कार्यक्रम की शुरुआत की। इसके साथ ही उन्होंने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए शिक्षा के महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में नवप्रवेशी विद्यार्थियों का स्वागत तिलक लगाकर और मिष्ठान खिलाकर किया गया। तत्पश्चात् सूरजपुर जिले अंतर्गत शिक्षा के क्षेत्र में होने वाले विकास के बिंदुओं से की गई। जिसका प्रदर्शन प्रोजेक्टर के माध्यम से किया गया। जिसमें शिक्षा के क्षेत्र में किए गए नवाचार व गतिविधियों की संक्षिप्त झलकियों का प्रदर्शन किया गया। कस्तूरबा गांधी की छात्राओं द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। इसके साथ ही कार्यक्रम में उपस्थित बच्चों के साथ-साथ उनके पालकों का भी सम्मान किया गया। इस अवसर पर जिले के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को भी सम्मानित किया गया और उन्हें इलेक्ट्रॉनिक टैबलेट प्रदान करने की बात कही गई। कार्यक्रम में दिव्यांग बच्चों को सामग्री वितरण और बालिकाओं को सरस्वती योजना अंतर्गत सायकल प्रदान किया गया। कार्यक्रम में पूर्व गृहमंत्री रामसेवक पैकरा, राजेश अग्रवाल, अजय अग्रवाल, बिहारी कुलदीप, लवकेश पैकरा, बिज्जु दासन एवं राजेश्वर तिवारी, संभागायुक्त गोविंद राम चुरेंद्र, कलेक्टर रोहित व्यास, जिला पंचायत सीईओ कमलेश नंदिनी साहू, जिला शिक्षा अधिकारी रामललित पटेल, जिला मिशन समन्वयक शशिकांत सिंह, सहायक संचालक शिक्षा रविन्द्र देव सिंह एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

सड़कों पर आवारा पशुओं के कारण होने वाली दुर्घटनाओं की रोकथाम जरूरी

रायपुर। मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने मंत्रालय महानदी भवन से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के विभिन्न स्थानों की सड़कों पर आवारा पशुओं के कारण हो रही दुर्घटनाओं को रोकने के लिए जिलों के कलेक्टर्स से चर्चा की और उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। माननीय उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार सड़कों पर आवारा पशुओं के आ जाने के कारण हो रही दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गठित समिति की बैठक सम्पन्न हुई। मुख्य सचिव ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सड़कों पर आवारा पशुओं के जमावाड़ा के कारण हो रही दुर्घटनाओं के चिन्हांकित स्थलों पर विशेष निगरानी रखी जाए।

नवभारत साक्षरता कार्यक्रम : असाक्षरों को साक्षर बनाने चलेगा अभियान

पायनियर संवाददाता ᐸ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ में असाक्षरों को साक्षर करने के लिए नव भारत साक्षरता कार्यक्रम ''उल्लास'' का संचालन किया जाएगा। राष्ट्रीय शिक्षा नीति में 15 वर्ष से अधिक उम्र के शत-प्रतिशत असाक्षरों को साक्षर बनाने का लक्ष्य रखा गया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश पर परियोजना अनुमोदन बोर्ड द्वारा राज्य में उल्लास कार्यक्रम के क्रियान्वयन के लिए वार्षिक योजना का अनुमोदन कर दिया गया है। छत्तीसगढ़ राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण द्वारा लोक शिक्षण संचालनालय व समग्र शिक्षा के समन्वय से इस योजना का क्रियान्वयन किया जाएगा। कार्यक्रम में अकादमिक सहयोग राज्य साक्षरता केन्द्र द्वारा किया जाएगा। स्कूल शिक्षा सचिव सिद्धार्थ कोमल सिंह परदेशी द्वारा प्रदेश के सभी कलेक्टरों और जिला पंचायत के सीईओ को इस संबंध में दिशा-निर्देश दिए गए हैं। गौरतलब है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की सिफारिश एवं संयुक्त राष्ट्र संघ के सतत् विकास लक्ष्य के अनुसार 2030 तक सभी युवा, प्रौढ़, पुरुष एवं महिलाओं को शत-प्रतिशत बुनियादी साक्षरता का लक्ष्य हासिल करना है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य साक्षरता केवल पढ़ना लिखना और अंक ज्ञान में आत्मनिर्भर होना ही नहीं है, बल्कि इससे भी बढ़कर कार्यात्मकता, सशक्तिकरण तथा आगे सीखते रहना है। साक्षरता एक व्यक्ति के लिए बेहतर आजीविका व अवसरों तक पहुंचने के लिए जरूरी है। समुदाय के लिए समाज की एकता व सबके स्वास्थ्य व शिक्षा हेतु जरूरी है। साक्षरता देश के लिए जनतंत्र की मजबूती व आर्थिक तरक्की एवं विकास हेतु जरूरी है। केन्द्र सरकार की सहायता से संचालित होने वाले इस उल्लास कार्यक्रम में आकांक्षी जिले एवं वामपंथ उग्रवाद प्रभावित जिले, राष्ट्रीय और राज्य औसत से कम साक्षरता दर वाले जिले, 2011 की जनगणना के अनुसार महिला साक्षरता दर 60 प्रतिशत से कम दर वाले जिले में यह कार्यक्रम चलाया जाएगा। इसके अलावा ऐसे स्थान जहां अनुसूचितजाति, जनजाति और अल्पसंख्य बहुल आबादी वाले जिले, शैक्षणिक रूप से पिछड़े विकासखण्डों में पहले चरण में 15 से 35 आयु वर्ग के असाक्षरों और उसके बाद 35 वर्ष से अधिक आयु के असाक्षरों को साक्षर बनाने का काम किया जाएगा। उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत चिन्हांकित स्कूलों में उल्लास साक्षरता केन्द्र (सामाजिक चेतना केन्द्र) स्थापित किया जाएगा।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403